सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-327 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 09 मई 2024

29 शव्वाल, 1445 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# सीबीआई ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार

**भ्रष्टाचार मामला**

- आरएमएल अस्पताल के दो डॉक्टर भी शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने डॉक्टर्स समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। मरीजों से ईलाज के नाम पर जबरन उगाही का इन सभी पर आरोप है। इस मामले में अभी अस्पताल प्रशासन कुछ भी कहने से बच रहा है। सीबीआई ने दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में डॉक्टर्स और कई अन्य अस्पताल के सरकारी कर्मचारियों को मरीजों और मेडिकल उपकरण के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने डॉक्टर्स, क्लर्क समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने 15 जगहों पर छापा मारा था। जिसमें अस्पताल, मेडिकल उपकरण सप्लायर और निजी बिचौलिए शामिल थे। बीते मंगलवार को पहली एफआईआर दर्ज हुई थी। यह दिल्ली के बड़े अस्पतालों में दूसरा रिश्वत का बड़ा मामला है। इससे पहले बीते साल मार्च में सीबीआई ने सफदरजंग अस्पताल में छापा मारा था। सीबीआई ने न्यूरोसर्जन डॉ. मनीष रावत और उनके चार साथियों को गिरफ्तार किया था।

## सैम पित्रोदा को भारी पड़ी रंगभेदी टिप्पणी, बढ़ा सियासी बवाल

# ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ा

**मुसीबत**

- भारत में ईस्ट वाले चीनी, साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं दिया था बयान
- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस्तीफा किया स्वीकार



### कांग्रेस ने कर लिया था किनारा

पित्रोदा के बयान से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सैम पित्रोदा की ओर से भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

**नई दिल्ली।** सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इससे पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

### मेरा मन गुस्से से भर गया : मोदी

पित्रोदा का यह बयान सुबह जब बयान सामने आया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है।

# दुनियाभर से वापस मंगाई कोविड वैक्सीन

**फैसला**

- खुलासे पर मचे बवाल के बाद एस्ट्राजेनेका ने उठाया कदम
- साल 2020 में कोरोना वैक्सीन बनाई थी



**लंदन।** एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से अपनी कोविड-19 वैक्सीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है।एस्ट्राजेनेका ने साल 2020 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना वैक्सीन बनाई थी। इसके फॉर्मूले के इस्तेमाल करते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ने भारत में कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले कंपनी ने इस बात को भी स्वीकार किया था कि वैक्सीन के कुछ साइड इफेक्ट भी हैं। वैक्सीन को बाजार से वापसी के लिए आवेदन 5 मार्च को किया गया था जो 7 मई तक प्रभावी हुआ। एस्ट्राजेनेका ने साल 2020 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर कोरोना वैक्सीन बनाई थी। इसके फॉर्मूले के इस्तेमाल करते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ने भारत में कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाती है।

# माफिया समर्थक है सपा : योगी

## मुख्यमंत्री ने फर्रुखाबाद से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत को पुनः जिताने का दिलाया संकल्प

**विश्वास**

- सीएम की अपील राम द्रोहियों को न दें वोट
- कार्रवाई से इनके नेताओं को हो रही पीड़ा
- सात मई के चुनाव में सपा तीनों सीटें हार रही



**एटा।** प्रो. रामगोपाल यादव को राम मंदिर कैसे अच्छा लगेगा, क्योंकि यह लोग आतंकियों को जेल से छुड़ाते हैं। 2004 से 2007 के मध्य सपा सरकार के समय आतंकियों ने अयोध्या में रामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी की कचहरी और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। 2012 में जब सपा सरकार आई तो तत्कालीन मुख्यमंत्री ने सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का आदेश दिया था। उन्हें प्रदेश की सुरक्षा, देश के सम्मान, नौजवानों, बेटियों, व्यापारियों की नहीं, बल्कि आतंकवादियों की चिंता थी। सपा प्रत्याशी वोट जेहाद की बात करते हैं। यह भगवान राम के रामराज्य का समय है। राम का विरोध करने वालों को शर्म आनी चाहिए। भारत में राम और राम मंदिर का विरोध करने वालों को वोट देने का पाप लगेगा। इन्हें वोट देने वाला इस लोक को भी खराब कर रहा है और परलोक भी खराब कर लेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे बुधवार को एटा जनपद के अलीगंज में रहे। यहां से उन्होंने फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के पक्ष में जनसभा कर फिर से कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। रामभक्त कहते हैं कि भारत की सुरक्षा और सम्मान, गांव-गरीब, महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करेंगे तो दूसरी तरफ रामद्रोही कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बन गया। यह लोग जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। यह रामद्रोही बातों से नहीं मानते। हमने इनके लिए नया अविष्कार किया है, जो आपके सामने (बुलडोजर) खड़ा है। कांग्रेस व सपा का गठबंधन सुरक्षा पर सेंध लगाने वाला, जेबों पर डकैती डालने वाला, नक्सलवाद- आतंकवाद को भड़काने और राम मंदिर का विरोध करने वाला है।

### सिसोदिया की 21 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत


**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 21 मई तक बढ़ा दी है। अब राउज ऐवन्यू कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 21 को होगी। इससे पहले सीबीआई के केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 मई तक बढ़ा बढ़ाई थी। उधर, हाईकोर्ट में आज सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने ईडी और सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। हाईकोर्ट में अब 13 मई को सुनवाई होगी। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। ईडी ने कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय चाहिए क्योंकि जांच अधिकारी अभी इस मामले में दूसरी शिकायत पर काम कर रहे हैं। हाईकोर्ट में मनीष सिसोदिया की ओर से पेश हुए वकील विवेक जैन ने ईडी-सीबीआई की मांग का विरोध किया।

## गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी में की तीन जनसभाएं

# चुनाव बाद राहुल बाबा को निकालनी पड़ेगी कांग्रेस ढूंढो यात्राः अमित शाह

**निशाना**

- सीएए को राहुल की नानी भी नहीं हटा सकतीं
- दोनों शहजादे आ गए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगा देंगे : शाह



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को हरदोई, लखीमपुर व कन्नौज की जनसभाओं में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कन्नौज में अमित शाह ने सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में जनसभा की। शाह ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सपा मुखिया अखिलेश के नहीं पहुंचने पर कहा कि वोट बैंक के डर से वह अयोध्या नहीं गए। वह नहीं बताएंगे कि उनका वोट बैंक कौन है, पर हम बताते हैं कि आप हमारा वोट बैंक हो। सपा-कांग्रेस, बसपा ने वर्षों धोखे में रखा। चुनाव बाद राहुल बाबा को निकालनी पड़ेगी कांग्रेस ढूंढो यात्रा। मोदी ने दो साल में ही जय श्रीराम कर दिया। उनका इशारा राम मंदिर निर्माण की ओर था। सपा महासचिव रामगोपाल के राम मंदिर का वास्तु ठीक नहीं होने के बयान पर कहा कि दोनों शहजादे आ गए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगा देंगे। ये पाकिस्तान के मददगार हैं। इसलिए वहां इनका गुणगान होता है। मुलायम परिवार के पांच सदस्यों के चुनाव लड़ने पर कटाक्ष किया कि इनके और बच्चे नहीं हैं, वर्ना 80 सीटों पर चुनाव लड़ रहे होते। कांग्रेस तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की विरोधी है, कहती है वह सत्ता में आई तो इसे खत्म करेगी। सीएए को राहुल क्या उनकी नानी भी नहीं हटा सकतीं। यहां भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्र टेनी के लिए समर्थन में हुई जनसभा में शाह ने कहा कि अगर कहीं गलती से भी सपा या कांग्रेस आ गई तो राम मंदिर पर बाबरी ताला डलवा दिया जाएगा।






# जनता के सवालों पर मौन साध लेते हैं प्रधानमंत्री मोदीः प्रियंका गांधी

- रायबरेली का विकास हमेशा ही हमारे परिवार का उद्देश्य रहा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी नें चुनाव अभियान को गति देतें हुए रायबरेली के बछरावा विधानसभा में जनसंपर्क किया एवं कई नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित किया। जनता के बीच पहुची प्रियंका गांधी जी नें सीधा संवाद किया एवं राहुल जी के समर्थन में रायबरेली की सम्मानित जनता से स्नेह आशीर्वाद एवं वोट की अपील की।

बछरांवा विधानसभा थूलवासा से प्रियंका जी ने न्याय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रायबरेली से हमारे परिवार का पुराना रिश्ता है और रायबरेली का विकास हमेशा ही हमारे परिवार का उद्देश्य रहा है। इधर कुछ वर्षों से माता जी की तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने मेरे भाई को आपकी सेवा के लिए भेजा है आप राहुल जी के संघर्ष से परिचित है। पूरी बीजेपी मशीनरी उनके खिलाफ लगी रही पिछले कई वर्षों से उनकी संसद सदस्यता छीन ली गई,उनके घर को छीना गया,तमाम अवरोध रास्ते में डाले गये मग़र राहुल जी की अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रही।

न्याय की इसी लड़ाई में उन्होंने 11,000 किलोमीटर की यात्रा की, कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक और मणिपुर तक, न्याय की यात्रा के साथ-साथ यह यात्रा आपकी समस्याओं को जानने की यात्रा थी,यात्रा राजनैतिक उसूलों को याद करने की यात्रा थी,और यह यात्रा जनता के बुनियादी मसलों को उठाने की यात्रा थी, महंगाई, बेरोजगारी नारी सुरक्षा दलित उत्पीड़न।

श्रीमती गाँधी नें कहा कि भाजपा ने आम जनता को गुमराह करने का काम किया है। उनको लगता है कि 5 किलो अनाज देकर वे आपको आत्मनिर्भर बना रहे हैं जबकि वह आपके आत्मसम्मान को छीन कर आपको सरकार के ऊपर निर्भर रहना सीखा रहे हैं।

# अंबानी-अदाणी से कितना माल उठाया बताएंः मोदी

**तंज**

- टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या
- 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अदाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया।

उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है। उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, ''आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे। पांच उद्योगपति फिर धीरे-धीरे कहने लगे अंबानी, अदाणी पांच साल से लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है इन्होंने अंबानी अदाणी को गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने कहा, ''जरा ये शहजादे घोषित करे कि इस चुनाव में अंबानी अदाणी से कितना माल उठाया है? काले धन के कितने बोरे भर के रुपये मारे हैं? क्या टेम्पो भर के नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं क्या? क्या सौदा हुआ है कि आपने रातों-रात अंबानी, अदाणी को गाली देना बंद कर दिया? जरूर दाल में कुछ काला है। पांच साल तक अंबानी, अदाणी को गाली दी और रातों रात गालियां बंद हो गई। मतलब कोई न कोई चोरी का माल टेम्पो भर-भर के आपने पाया है। ये जवाब देना पड़ेगा देश को। मोदी सरकार पर हमला करने के लिए कांग्रेस, प्रधानमंत्री मोदी पर व्यवसायी गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी सहित देश के शीर्ष पांच उद्योगपतियों का पक्ष लेने का आरोप लगाती रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') का मजाक उड़ाते हुए कहा, ''तीसरे चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है।''

# गठबंधन की सरकार बनते ही 30 लाख रिक्त पदों पर निकाली जाएंगी नौकरियां: आनंद भदौरिया





*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार का बनना तय है, सरकार गठन के बाद सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन नीति को दोबारा लागू किया जाएगा। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसके अलावा निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी हो इसको लेकर भी काम किया जाएगा। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बुधवार को कस्ता विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने साफ किया कि हमारे घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि अग्निवीर नीति मौजूदा केंद्र सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। इससे युवा वर्ग में भटकाव की स्थिति बनी हुई है। इस व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। साथ ही एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। सपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा।

## कस्ता में अखिलेश की जनसभा आज

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्या गुरुवार नौ मई को धौरहरा संसदीय सीट के कस्ता कस्बे में एक चुनावी जन सभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने आमजन से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधार कर दोनों नेताओं के विचारों को सुनें और जनसभा को सफल बनाएं

# कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं: अमित शाह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान पर उन्होंने कहा कि ये राम मंदिर को बेकार बताते हैं। जरा भी गलती की तो ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी। गुंडई चलती थी। जमीनों पर कब्जे होते थे। होली दिवाली के दिन बिजली नहीं आती थी और रमजान में 24 घंटे बिजली रहती थी अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा वाले झूठा प्रचार कर भाजपा और मोदी को बदनाम कर रहे हैं। यह कह रहे हैं कि मोदी को 400 सीटें दोगे तो आरक्षण चला जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के अंदर कांग्रेस को बहुमत मिला। वहां पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटकर मुसलमानों को पांच प्रतिशत आरक्षण दे दिया। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को काटने



का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। गृहमंत्री ने संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त करने की बात कही राहुल गांधी पर साधा निशाना गृहमंत्री ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके आपातकाल लगाया पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। गृहमंत्री ने अपने संबोधन में सीएए का जिक्र कर कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि हम सीएए हटा देंगे। अरे राहुल बाबा... आपकी नानी भी ऊपर से आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा। विपक्षी गठबंधन पर कहा कि इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी ही नहीं है। इनके पास न नेता है, न नियत है और न नीति है। सिर्फ परिवारवाद है उन्होंने कहा कि तीसरे चरण का चुनाव हो गया है। मोदी 190 सीटें पार कर गए हैं। चौथे चरण में और मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। सपा, कांग्रेस और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। तीन करोड़ गरीब बहनों को लखपति बनाने का चुनाव है। चार लाख गरीबों को घर देना का चुनाव है। लोगों को समृद्धि बनाने का चुनाव है। शाह ने छोटी काशी, संकटा देवी मंदिर, देवकली मंदिर समेत अन्य मंदिरों को नमन किया।

## टोल प्लाजा कर्मियों ने पकड़े फ़र्ज़ी पुलिस आईडी कार्ड




**सहारनपुर।** राष्ट्रीय राज मार्गो पर स्थित टोल प्लाजा पर टोल टैक्स से बचने के लिए वाहन चालकों द्वारा नकली पुलिस अधिकारी बनकर फर्जी आई कार्ड के प्रयोग का खुलासा होने के पश्चात राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण ने ऐसे लोगों के खिलाफसख्त रवैया अपना लिया है।

देहरादून रोड स्थित सैय्यद माजरा टोल प्लाज़ा पर चैकिंग के दौरान टोल कर्मियों ने काफी संख्या में फर्जी आई कार्ड पकड़े है। जिसके चलते फर्जी आधार कार्ड व पुलिस आई डी कार्ड बनाने वालों के खिलाफभी जांच की मांग उठने लगी है। गौरतलब है कि देहरादून रोड स्थित सैयद माजरा टोल प्लाजा पर फर्जी आईडी कार्ड दिखाकर टैक्स बचाकर सरकार को चूना लगाया जा रहा था। अब एनएचएआई ने ऐसे लोगो के खिलाफसख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। टोल प्लाज़ा के प्रबंधक ने बकायदा प्रेस को बयान जारी कर बताया कि स्थानीय लोगों से किसी भी तरह कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को जागरूक करने से ही फर्जीवाड़े पर रोक लग सकती है। उन्होंने स्थानीय लोगो को जागरूक करते हुए सुविधा का लाभ लेने की बात कही हैं, वहीं उन्होंने स्थानीय लोंगो के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी देते हुए मुकदमें दर्ज करवाने की बात कही हैं।

# कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मांगा जन समर्थन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** कांग्रेस पार्टी की महासचिव व स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रायबरेली जिले के बछरावां विधानसभा के अंतर्गत लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं में नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों से माँगा राहुल गांधी के जन समर्थन प्रियंका गांधी ने अपनी नुक्कड़ सभा की शुरुआत सुबह करीब 10:00 बजे से थूलवासा से शुरुआत की प्रियंका की नुक्कड़ सभा थूलवासा से शुरू होकर सुदौली में समाप्त हुई नुक्कड़ सभाओ के माध्यम से प्रियंका गांधी ने वहां के लोगों से राहुल गांधी के पक्ष में वोट डालने की अपील की तथा महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर मुखर होकर बोली उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश में ऐसी पार्टी है जो गरीब शोषित पीड़ित समाज को खुशहाली के रास्ते पर ला सकता है उन्होंने बताया कि यदि इस बार कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम किसानों की फसल का द्वह्यश्च मूल्य निर्धारित करेंगे तथा किसानों की आय कैसे बढ़े व कैसे खुशहाल हो उसके लिए सरकार मजबूत कदम उठाएगी वही नौजवानों पर बात करते हुए कहां की यदि सरकार आती है तो हम अग्नि वीर जैसी योजनाओं



को तुरंत समाप्त करने का काम करेंगे तथा 30 लाख युवाओं को पक्की नौकरी देने का काम करेंगे क्योंकि इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अभ्यर्थी पेपर देकर घर पहुंचता है तो उसको मालूम होता है कि उसका तो पर्चा ही लीक हो गया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उद्योगपतियों का लाखों करोड़ों रुपए माफ किया लेकिन किसानों का कर्ज माफ करने की बात नहीं कही हमारी सरकार आएगी तो किसानों को कर्ज मुक्त करेंगे ताकि हमारे किसान भाइयों को कर्ज के लिए जान न गवानी पड़े गरीब परिवार की महिलाओं को 100000 की सहायता राशि प्रदान करने का काम करेंगे जातिगत जनगणना कराने का काम करेंगे जिससे अंतिम पाय दान पर खड़े व्यक्ति को लाभ मिल सके इस बीच प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी को नफरत फैलाने वाली पार्टी कहा उन्होंने कहा कि इस पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है कोई विकास नहीं है सिर्फ हिंदू मुस्लिम के अलावा इस पार्टी के पास ना ही कोई विजन है यह पार्टी सिर्फ नफरत की राजनीति करती है उन्होंने बताया कि इस जिले के लोगों से हमारे परिवार का नाता सैकड़ो साल पुराना रिश्ता है संबंध है 103 साल पहले किसान आंदोलन के दौरान नेहरू जी ने यहां से गिरफ्तारी भी दी थी पंडित नेहरू से लेकर अब तक और आगे हम लोग रायबरेली जिले को कैसे विकास की रेस में आगे ले जाएं और यहां के लोगों का कैसे विकास हो इस पर काम करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे झूठ और नफरत की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरह नहीं करेंगे देश की संपत्तियों को नहीं बचेंगे जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने भारत की बड़ी-बड़ी संस्थाओं को व्यापारियों के हाथों बेचने का काम किया है कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है और आने वाले समय में सरकारी मशीनरी मजबूत हो इसके लिए काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी ने देश को गरीबी भुखमरी बेरोजगारी के दलदल में धकेलना का काम किया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्गित एक बैठक/इवेंट का किया गया आयोजन





**लखीमपुर खीरी।** आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत एक बैठक/इवेंट का आयोजन दिनांक 08.05.2024 को 03 बजे कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा सभागार में किया जिसमें होम कम्पोटिंग, आत्मनिर्भर वार्डŸ जीरो वेस्ट इवेंटŸ सोर्स सेग्रीगेशन आदि के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया साथ ही नगर पंचायत धौरहरा द्वारा नफीस खांŸ रमाशंकर शुक्लŸ राकेश कुमारŸ जगदीश पाण्डेय व हाजी अब्दुल मतीन खां को स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु ब्रांड एम्बेस्डर बनाया गया।

## पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में दर्ज किया केस

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में गोमती तिराहे स्थित एक ढाबे पर अपने दोस्तों के साथ चाय पीते समय व्यक्तियों को सिगरेट देने से मना करने पर आरोपियो ने सार्वजनिक रूप से जान से मार डालने की धमकी देकर गालियां देने पर पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।कस्बे के पूर्वी लखपेड़ा निवासी रियासत ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि मंगलवार की शाम 9 बजे करीब अपने मित्रों के साथ गोमती मोड स्थित ढाबे पर चाय पी रहा था। ढावे पर पहले से मौजूद नगर के एक मोहल्ला निवासी राबिन पुत्र प्रदीप और सूरज ने रियासत से सिगरेट मांगी रियासत द्वारा सिगरेट देने से मना करने पर दोनों लोग एक राय होकर सार्वजनिक रूप से अभद्रता करने लगे विरोध करने पर हाथा पाई करते हुए गाली गलौज करने लगे और जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शहर को जलभराव से मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास होगा: नगरायुक्त

## नगरायुक्त ने शहर में जल निकासी के लिए बनाये गए पम्पिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए पूरे शहर का सर्वे कराया जाए और



उसके हिसाब से शहर में डेऊनेज सिस्टम विकसित करने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य कराया जाए। नगरायुक्त ने अधिकारियों को सर्वे के लिए प्रोफेशनल कंपनी से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान वार्ड 9 व वार्ड 26 स्थित पम्पिंग स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों से विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या से शहर को मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

नगरायुक्त संजय चौहान निगम के निर्माण, स्वास्थ्य व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ आज दोपहर वार्ड 26 मानकमऊ उत्तरी के प्रकाशलोक पहुंचे। जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि प्रकाशलोक नाले के पास पम्प स्थापित किया गया है, वहां वार्ड 26 के अलावा वार्ड 18 का भी पानी आता है जिसे सामान्य दिनों में भी पम्प चलाकर पानी को राजबाहे में डाला जाता है। यदि पम्प न चलाया जाए तो वहां पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जेडएसओ ने बताया कि बरसात के दिनों में नाले का पानी वापिस होता है और कॉलोनी में जलभराव हो जाता है। नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उस क्षेत्र से जल निकासी के लिए क्षेत्रीय पार्षद के साथ समन्वय बनाते हुए नाला निर्माण की संभावना तलाश करें। फिलहाल कच्चा नाला बनाया जाए और यदि जलभराव से निजात मिलती है तो बाद में उसे पक्का करा दिया जायेगा। नगरायुक्त ने उस क्षेत्र में जलभराव न हो, इसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद वीरेन्द्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। इसके बाद नगरायुक्त वार्ड 9 के बासट फुट्टा रोड स्थित मनोहरपुर चौक नाले पर पहुंचे और वहां स्थापित अस्थायी पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि उक्त नाले में वार्ड 9 के अलावा वार्ड 25 व वार्ड 4 सहित कई क्षेत्रों का पानी आता है। करीब साढ़े तीन सौ मीटर नाले का पिछला हिस्सा काफी ऊपर तक भरा रहता है और थोड़ी वर्षा में ही पानी बाहर आ जाता है। यदि नाले के किनारे थोड़े ऊंचे कर दिए जाएं तो क्षेत्र के लोगों को जलभराव से काफी राहत मिल सकती है। नगरायुक्त ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को नाले को अविलंब ऊंचा करने के निर्देश दिए। निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विपुल कुमार ने नगरायुक्त को बताया कि यदि मनोहरपुर चौक से आईटीआई के पीछे तक करीब तीन सौ मीटर नाले का निर्माण कराकर दिल्ली रोड पर निर्माणाधीन नाले से लिंक कर दिया जाए तो उस क्षेत्र की जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

## 30 लाख की स्मैक के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस व एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने 01 शातिर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रूपये आंकी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध मादक पदार्थो एवं इनके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना सरसावा प्रभारी के नेतृत्व में एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त इरफान उर्फ ज्योति पुत्र लियाकत निवासी बाढी माजरा थाना गंगोह को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 300 ग्राम स्मैक एक बिना नम्बर की बरामद हुई। जिसके सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का अन्तर्राजीय नशा तस्कर है। विस्तृत आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ करने पर बताया गया कि की वह बरेली से कम कीमत पर स्मैक लाता है और यमुनानगर (हरियाणा), गंगोह व नकुड, सरसावा के आसपास के क्षेत्रो मे बेचकर मुनाफा कमाता है। आज भी वह स्मैक बेचने के लिये ग्राहक का इन्तजार कर रहा था कि तभी पुलिस ने माल के साथ दबोच लिया।

## पल्सर बाईक में अचानक आग लगने से मची अफरा-तफरी



**सहारनपुर।** नागल कस्बे के ओवरब्रिज पर अचानक एक बाईक में अचानक आग लग गयी। आग इतनी भयंकर थी कि थोड़ी ही देर में बाईक जलकर खाक हो गयी। हिमाचल प्रदेश के जनपद कांगड़ा के थाना जवाली क्षेत्र निवासी सुशील कुमार पुत्र राय सिंह ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बिजनौर धामपुर स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। आज सुबह वह अपने दोस्त नरेश के साथ अपनी नई पल्सर बाइक से हिमाचल स्थित घर जा रहा था। जैसे ही 10 बजे जैसे ही वह कस्बे के ओवरब्रिज पर पहुंचा, तो बाइक में अचानक आग लगने का आभास हुआ जिससे वहां अपने दोस्त नरेश सहित बाइक को छोड़कर अलग हो गया और जब तक मौके पर पुलिस पहुंचे तब तक बाइक जलकर पूरी तरह से जल हो चुकी थी।

# गोताखोर एवं तैराकों का डाटा अपडेट करने के निर्देश

## आपदा से निपटने हेतु आपदा मित्रों का हुआ चयन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने जनपद लू, सूखा



तथा बाढ के मद्देनजर संबंधित विभागों द्वारा गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए समुचित दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज कुमार मिश्रा द्वारा पीपीटी के माध्यम से लू, सूखा तथा बाढ़ से निपटने की तैयारियों के संबंध में प्रजेन्टेशन भी दिया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने पिछले वर्ष आयी बाढ से प्रभावित हुए ग्रामों तथा प्रभावित किसानों को दिये गये मुआवजा के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए कि यदि किसी किसान की नदी के पानी से फसल नष्ट को गई है तो शासनादेश के अनुसार उसको मुआवजा दिया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर 24गुणा7 कन्ट्रोल रूम संचालित करने के साथ ही चारों तहसीलों मे बाढ कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाये। बाढ संवेदनशील ग्रामों के निकट बाढ चौकी की स्थापना की जाये तथा 24 घंटे कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाये। प्रत्येक बाढ प्रभावित क्षेत्र में बाढ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए शेल्टर होम का चिन्हीकरण कर लिया जाये। जनपद में प्रत्येक तहसील में संवेदनशील ग्रामों का चिन्हीकरण पूर्व के अनुभव के आधार पर पहले ही कर लिया जाये। बाढ के दौरान बाढ प्रभावितों के अवागमन के लिए नावों का चयन कर लिया जाये।

डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि चिकित्सा विभाग को एन्टी स्नैक वेनम व क्लोरीन की दवा प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक तहसील में आपदा मित्रों का चयन किया गया है जो किसी भी आपदा से निपटने में सक्षम है। ये आपदा मित्र आवश्यक्ता पडने पर स्थानीय स्तर पर लोगों की मदद करना सुनिश्चित करेगें। इन आपदा मित्रों को एसडीआरएफ लखनऊ के सहयोग से प्रशिक्षित किया गया है। बाढ के दृष्टिगत प्रत्येक तहसील में गोताखोर एवं तैराकों का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। बाढ के दृष्टिगत प्रत्येक तहसील में हेलिकॉप्टर उतारने हेतु सुरक्षित स्थान का चयन कर लिया जाये।

# एनसीसी कैडेटों को साईबर अपराध एवं साईबर सिक्योरिटी के प्रति किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना साइबर क्राइम की पुलिस टीम द्वारा 26वीं उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-255 में 450 कैडेट्स को साईबर क्राइम एवं साईबर सिक्योरिटी के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

शिक्षण संस्था विद्यादेवी कन्या महाविद्यालय जंधेड़ा में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-255 में 26वीं उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी के 450 कैडेट्स को साइबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में विशेषज्ञों ने साइबर अपराध कम्प्यूटर, नेटवर्क और इंटरनेट का प्रयोग करके साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन की जाने वसाली एक आपराधिक गतिविधि है। 21वीं सदी में प्रत्येक मनुष्य अपनी दैनिक गतिविधियों और प्रत्येक स्थूल और सूक्ष्म गतिविधियों के लिए मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर निर्भर है जिसके कारण साइबर अपराध में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध में मुख्यतः हैकिंग, फिशिंग, रैंसमवेयर हमले, डिजीटल पहचान की चोरी ऑनलाईन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी विभिन्न दुर्भावनापूर्ण गतिविधियां शामिल हैं जिसके माध्यम से साइबर अपराधी व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी चुराकर पीड़ितों को वित्तीय और भावनात्मक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर आपराधिक मानसिकता वाले अपराधियों द्वारा व्यक्तिगत जानकारी चुराकर ऑनलाइन नीलाम, अग्रिम शुल्क या कोई निवेश घोटाला जैसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है जिनका उद्देश्य व्यक्ति धोखा देकर वित्तीय व मानसिक क्षति पहुंचाना है। साइबर अपराधी किसी भी व्यक्तिगत संवेदनशील डेटा, फोटो एवं संचार रिकार्ड सहित उनके व्यक्तिगत विवरण चुराकर उनकी गोपनीयता पर हमला करते हैं और ब्लैकमेलिंग कर उन्हें प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे ट्यूटर, फेसबुक, इस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि के माध्यम से साइबर अपराध होने पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित 1930 हेल्पलाइन का प्रयोग करें। इस दौरान साइबर टीम के उपनिरीक्षक डा. दुष्यंत शर्मा, कांस्टेबल आपरेटर गौरव तोमर, कांस्टेबल राकेश, महिला कांस्टेबल रूपा मौजूद रही।


### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सुनील को उसके गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब सुनील के किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नही है। अपने समस्त कृत्यों का सुनील स्वयं जिम्मेदार होगा।

सालिकराम पुत्र रामाधीन
नि0 ग्राम बलमिया बड़खर,
थाना व तहसील मोहम्मदी
जिला लखीमपुर खीरी।

## फर्रुखाबाद में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भाजपा पर बरसे

# सरकार बनने पर गरीबों को आटा और युवाओं को डाटा मुफ्त देंगे : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** सपा के गठबंधन प्रत्याशी डा. नबल किशोर शाक्य की चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने आये सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने बीजेपी की सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा की बीजेपी सरकार ने नौजवानों और किसानों के भविष्य को खराब किया है। युवा और किसान सरकार बदलने का मन बना चुका है।

शहर के बढ़पुर स्थित क्रिश्चियन कालेज मैदान में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव नें कहा कि इस बार सपा प्रत्याशी की जीत के सभी रिकार्ड टूटने जा रहें हैं। इस बार युवा वर्तमान सरकार के खिलाफ हैं। 10 साल में बीजेपी नें गरीबों, किसानों और युवाओं से झूठे वादे किये। किसानों को उनकी



फसल का बाजिब मूल्य नही मिला। किसान कर्ज में डूब गया। महंगाई लगातार बढ़ रही है। सरकार ने बड़े-बड़े उद्योग पतियों का कर्ज माफ किये लेकिन गरीब किसान का कर्ज माफ नही किया गया। इस लिए सपा व गठबंधन नें तय किया है कि सरकार बनने पर किसानों को उनकी फसल का बाजिब मूल्य मिलेगा। सरकार नें पेपर कराए और कुल 10 पेपर लिक करा दिये। उन्होंने कहा कि सवाल नौकरी का नही है। नौकरी के नाम पर सरकार नें युवाओं का एक तिहाई जीवन बर्बाद

**युवाओं का एक तिहाई जीवन भाजपा सरकार ने किया बर्बाद**

कर दिया। फ़ौज की नौकरी को अग्निवीर में बदल दिया और अब पुलिस की नौकरी भी कही तीन साल की ना कर दें। फौज की नौकरी अग्निवीर कर दी, जिससे नौजवानों का भविष्य भी खतरे में पड़ गया। उन्होंने कहा की चुनाव आनें वाली पीढ़ी का भविष्य तय करेंगा। जो लोग संबिधान को बदलना चाहते है उन्हें जनता बदल देगी। सपा सुप्रीमों नें कहा कि जिन-जिन को सरकार नें कोरोना वैक्सीन लगवाई उनके हार्ड अटैक का खतरा बढ़ गया है। सरकार नें बोरी से खाद चोरी कर ली। जब वोट चाहिए था तो सरकार ने रिफ़ाइन्ड का वितरण किया। उन्होंने कहा की इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो गरीबों को आटा और युवाओं को डाटा मुफ्त देंगे। सपा सरकार में लैपटॉप का वितरण किया था लेकिन उनकी सरकार ने नकल कर मोबाइलों का वितरण किया। उन्होंने कहा सरकार बनने से फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे व आगरा एक्सप्रेस वे के 6 लेन से जोड़ा जायेगा। इस दौरान अध्यक्षता पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव व संचालन सुरेद्र सिंह गौर ने किया। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान-उल-हक कादरी, पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर, सतीश दीक्षित, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेबक यादव, सरल दुबे, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक ताहिर सिद्दीकी, जिला प्रवक्ता विवेक यादव आदि रहे।

## तमंचा की दम पर घर में घुसकर की लूटपाट

**जालौन।** घर में घुस कर तमंचा लगाकर उसके रखे जेवरात तथा नगदी अलमारी से उठाने का विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ देने की शिकायत पीड़िता ने कोर्ट में की। मोहल्ला चिमनदुबे निवासी राबिया ने न्यायालय को प्रत्यावेदन देते हुये बताया था कि बीती दो अप्रैल को वह घर पर अकेली थी। रात के अंधेरे में तीन अज्ञात व्यक्ति छत के रास्ते उसके घर में घुस गए। आहट सुनकर उसकी आंख खुल गई और उसने जब उन्हें टोका तो उन्होंने उसके सिर पर तमंचा लगा दिया। इसके बाद अलमारी का ताला खोलकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात और एक लाख 20 हजार रुपये लूट लिए। जब इसका विरोध किया तो उक्त लोगो ने मिलकर उसके साथ न सिर्फ मारपीट की बल्कि उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। महिला ने तीनों पर छेड़खानी का आरोप भी लगाया है। आरोप लगाया कि उसने इसकी शिकायत अगले दिन कोतवाली में की थी। लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। महिला की शिकायत पर न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रेड क्रॉस शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## जिला संयुक्त चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 52 लोगों ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विश्व रेडक्रास दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है। यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक और शान्ति के लिए पहले नोबल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसी क्रम में जनपद में रेड क्रॉस शाखा व सहयोगी संस्थान माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में जिला संयुक्त चिकित्सालय सिद्धार्थनगर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस शाखा सिद्धार्थनगर के सचिव, कंम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नौसाद आलम, स्टेटिशियन प्रत्युष दुबे, डॉ शुभम जायसवाल, डॉ जितेंद्र इंटर्न सहित गौरव पांडेय, राजकरण सिंह, श्रुति सिंह, आयुष यादव, नेहा सिंह, अनुराग मीणा, गौरव यादव, सिद्धार्थ, गगन मधेशिया, मयंक गहलोत, गोविंद शर्मा,



अरुण देव जायसवाल, मुकुल शर्मा, अनंत राव, अखिलेश सिंह, दानिश, सार्थक वर्मा, अर्जुन गुप्ता, प्रियंका सिंह, राखी सिन्हा, सुनील रहमानी, अरशद खान, अक्षत गुप्ता, अविनाश, अजय कुमार, अश्विन सिंह सहित अन्य अन्य छात्र / छात्राओ तथा रेड क्रॉस के सदस्यो ने रक्तदान किया। डॉ नौसाद आलम द्वारा रक्तदान के बारे में लोगो को जागरूक किया तथा रेड क्रॉस संस्था के माध्यम से लोगो को जुड़ने की अपील की तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डी के चौधरी उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय गुप्ता ने रक्तदान में प्रतिभाग करने हुए आये स्वंय सेवकों, रेड क्रॉस सदस्यों छात्रों को सहयोग हेतु धन्यवाद देते भविष्य में भी सामाजिक कार्यो में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु शुभकामनाये दी। सचिव रेड क्रॉस ऋषि प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा सक्रिय आजीवन सदस्य प्रत्युष कुमार दुबे का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रविन्दर कुशवाहा ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** बलिया के सुखपुरा इंटर कॉलेज में बुधवार को सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के नामांकन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविन्दर कुशवाहा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि यह संघर्ष राम मंदिर बनाने वाले और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों के बीच है।

उन्होंने कहा कि आज जहां हम वन जिला वन प्रोडक्ट पर काम कर रहे हैं। वहीं सपा ने अपने शासनकाल में वन जिला वन माफिया पैदा किया। 2004 से 2014 तक की यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि उस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे पैमाने तोड़ने का काम किया था। 2014 में जब आप लोगों ने मोदी जी को देश की बागडोर सौंपी तब दुनिया ने भारत की वास्तविक ताकत को समझा। उन्होंने भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा



चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं तो विपक्ष इसमें तरह-तरह का अड़ंगा पैदा करने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 सीट जीतने की जिम्मेदारी मोदी जी और योगी जी ने हम लोगों को दी है और उसे हम लोगों को पूरा करना है।आप सभी इसके लिए संकल्प लें।

उन्होंने भोजपुरी में लोगों से सीधा संवाद किया और कहा कि प्रभात फेरी निकाले और लोगों को तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहभागी बने। प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हम लोग भारत को महान राष्ट्र बनाना चाहते हैं वही विपक्ष का एक ही एजेंडा है कि मोदी को किसी तरह रोकना ताकि उनके परिवार की राजनीतिक व आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। आज चारा, शराब और जमीन घोटालेबाज परेशान है। तीसरी बार मोदी की सरकार आएगी तो देश के लोगों की संपत्ति लूटने वाले जेल में होंगे। प्रदेश सरकार की ग्राम विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि हिंदू-मुसलमान और अगला-पिछला किये बिना आप तीसरी बार मोदी जी की सरकार बनाएं सलेमपुर से लेकर देश तक हैट्रिक लगाने का कार्य करें।

## रवि किशन शुक्ला ने विकास और सुशासन के लिए मांगा वोट

**देवरिया।** पिपरौली ब्लॉक बरडाड़,रामपुर मलौली, भीटी, भीटी खोरिया, भगवानपुर, भखरा, सियर, नन्दा पार, जैतपुर, गौसपुर, अमटौरा, बनौड़ा, बालवाड़ी, गाडर, कैली, कुल्हुई, तेनुअन, अड़ीलापार, पिपरौली, बसुधा, देईपार, कुरमौला, रावतपार सरैया, नेवास, बरवार, साथीपार, बरहुआ, कोलिया, एकडंगा,रोड शो के माध्यम से नुक्कड़ सभा के दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की विकास के लिए मोदी व योगी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश में विकास व सुशासन की गंगा बह रही है। सारे विरोधी भयभीत है,चाहे वह देश हो या विदेश के। इस बार मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक विकास में दुनिया की सबसे बड़ी इकोनामी बनेगा।यह मोदी की गारंटी है। इसके लिए जनता का आशीर्वाद जरूरी है। आप सभी एक जून को अपने घरों से निकले और कमल निशान के आगे बटन दबाकर अपना आशीर्वाद जरूर दें।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया नवनियुक्त पैरा लीगल वालेंटियर्स के साथ बैठक दियें दिशा-निर्देश



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी के द्वारा जनपद में नवनियुक्त पैरा लीगल वालेंटियर्स के साथ जनपद न्यायालय के एडीआर भवन में बैठक की गयी। मा0 न्यायाधीश ने सभी नवनियुक्त पैरा लीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पैरा लीगल वालेंटियर्स की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पैरा लीगल वालेंटियर्स, प्राधिकरण एवं आम जनता के बीच सेतु का काम करता है। उन्होंने पैरा लीगल वालेंटियर्स को दायित्वों का बोध कराते हुए कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के अभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सके यह जिम्मेवारी सभी पैरा लीगल वालेंटियर्स के कंधों पर है। अपने अपने क्षेत्र में निःशुल्क विधिक सहायता चाहने वाले जरूरतमंद व्यक्तियों की तलाश करें तथा उसे प्राधिकरण तक पहुंचाने में अपनी अहम् भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि वैसे जरुरतमंद लोगों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने पैरा लीगल वालेंटियर्स को उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्तमान समय में चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि सालसा के कार्यक्रमों को पूरे कर्तव्य निष्ठां एवं ईमानदारी के साथ अपने अपने क्षेत्र में संचलित करें ताकि सभी को शीघ्र सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। इस अवसर पर पैरा लीगल वालेंटियर्स पूजा गोड़, विकास कुमार यादव, निधी शुक्ला, कंचन पाण्डेय राहुल मल्ल, श्रवण कुमार मौर्य, सूर्य प्रताप सिंह, रणबीर शेखर राय, शैलन्द्र यादव, तेज प्रताप यादव उपस्थित रहें।

## नामांकन के दूसरे दिन दो प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत देवरिया लोकसभा सीट के लिए हो रहे नामांकन के दूसरे दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह ने दो सेट में तथा निर्दल प्रत्याशी हरिकेश गुप्ता ने एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया है। इसके अतिरिक्त आज पांच प्रत्याशी/प्रतिनिधियों ने 09 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। अब तक कुल 23 प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा 46 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है।

## नगर की साफ सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता पर: विजय

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी के अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता गुप्ता के निर्देश पर नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त की उपस्थिति में वार्ड नंबर 10 पुरानी पोस्ट ऑफिस रोड की नालियों की सफाई कराई गई इस बाबत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने



बताया कि मौसम को देखते हुए और स्वास्थ्य लाभ हेतु नालियों की सफाई अत्यंत ही आवश्यक है नालिया साफ होगी तो प्रदूषण का खतरा कम होगा जिससे कि नगर वासी स्वस्थ व सुरक्षित रहेंगे समय-समय नालियों में छिड़काव भी सुचारू रूप से किया जा रहा है और शाम के समय पूरे नगर में फॉगिंग कराई जा रही है जिससे कि मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके। नगर पंचायत के प्रमुख सफाई कर्मी राजेश कुमार की देखरेख में नालियों की सफाई किया गया इस दौरान नगर पंचायत के तमाम सफाई कर्मी नालियों के सफाई में लगे रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा कई माह से पोषाहार गोलमाल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा के क्षेत्र को सुधारने के लिए प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्रों को भी प्राथमिकता दी गई। इन केंद्रों पर सहायिका और प्रभारी की नियुक्ति की गई। साथ में ही नोनिहालो



एवं गर्भवती महिलाओं के लिए पोषाहार वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। परंतु कुछ आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे भी है जहां पर पोषाहार वितरण नहीं किया जाता और ना ही इन आंगनवाड़ी केंद्रों की जांच होती है। राजेपुर से पोषाहार का उठान करने वाले यह आंगनबाड़ी केंद्र के संचालक इसकी कालाबाजारी कर पशुपालकों के हाथ बिक्री कर देती हैं। ग्राम सथरा के माजरा कटरी सथरा में संचालित होने वाला आंगनबाड़ी केंद्र की प्रभारी नीलम एवं उनकी सहायिका पूजा द्वारा जमकर गोलमाल किया जाता है। यहां के ग्रामीण सुरेंद्र सुनील वीरेश रामशरण अतर सिंह आदि लोगों ने बताया कि उनके बच्चे जिसमें प्रशान्त सुशांत लाली प्रज्ञा अनु आदि पढ़ते हैं। लेकिन इन बच्चों को कई माह से पोषाहार नसीब नहीं हुआ। गर्भवती महिलाएं भी पोषाहार से वंचित रहती हैं। कई बार शिकायत भी की जा चुकी है और ऑनलाइन पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। परंतु कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कागजों की पूर्ति की जाती है। सीडीपीओ से जब इसकी शिकायत की गई तो उन्होंने कहा कि केंद्र की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# हाथ पंखों की प्रदर्शनी लगाई गयी

अवधनामा संवाददाता

**उरई।** इन्टैक उरई अध्याय व संस्कार भारती जालौन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय मण्डपम् सभागार में प्रचण्ड गरमी से राहत देने वाले हाथ पंखों की एक भव्य प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ फर्रुखाबाद से पधारे संस्कार भारती के प्रान्तीय महा सचिव श्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने किया।

इस वीथिका में एक ओर जहां थाईलैंड, कम्बोडिया, वियतनाम, चीन, जापान, श्रीलंका, इजिप्ट आदि देशों के पंखों का प्रदर्शन किया गया वहीं दूसरी ओर अपने भारत देश के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, केरल, दिल्ली, गोवा, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, गंगासागर, बुन्देलखण्ड, आसाम, त्रिपुरा नागालैण्ड, पंजाब, मथुरा के देवालयों में प्रयुक्त होने वाले हाथ पंखों का प्रदर्शन किया गया। इनके अलावा इस वीथिका में दो और प्रमुख आकर्षण रहे। पहला कुक आईलैण्ड व तन्जानियां देशों के हाथ



पंखा आकार के रजतीय सिक्के एवं दूसरा भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा हाथ पंखा युक्त डाक टिकट की श्रृंखला। पंखा गैलरी का अवलोकन करते हुये मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डेजी ने कहा कि इतने प्रकार के हाथ पंखे मैने अपने जीवन में पहली बार देखे हैं। मैं यह संग्रह देखकर हतप्रभ हूं।गैलरी में प्रदर्शित समस्त सामग्री श्रीमती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई थी। प्रदर्शनी के आयीजन में डा एस पी बुधौलिया, श्री मेवालाल गुप्ता, डा सविता सिन्दूर, रसना तिवारी, श्रीमती अमृता सक्सेना, श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन, प्रदीप पाटकर, श्री मती राधा स्वर्णकार, श्री तरसौलियाजी के साथ साथ संस्कार भारती परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## देविस्थान पर लगा हैडपंप कई वर्षो से पड़ा खराब

**फर्रुखाबाद।** लगातार बढ़ती गर्मी और चढ़ते पारे ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। गर्मी के दौरान सबसे बड़ी समस्या पानी की रहती है। अगर पानी ना मिले तो फिर शरीर काँपने लगता है। ऐसी स्थिति में सरकार ने प्रत्येक जगह पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारियों को सौंपी गई है। इसी के साथ ही जल निगम भी पानी सप्लाई की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। परंतु ग्राम सथरा कटरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय के सामने लगा नल बरसों से खराब चल रहा है। इसी के पास देवी स्थान भी है बरसों से खराब इस नल के कारण स्कूली बच्चे और ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। यह लोग पानी के लिए काफी दूर तक दौड़ लगाते हैं। इस हैंडपंप को सही कराए जाने के लिए यही के निवासी पाती राम भैया लाल रामकली रविंद्र देवेंद्र आदि ने ग्राम प्रधान को अवगत कराया परंतु फिर भी हैंडपंप ठीक नहीं कराया गया। हैंड पंप ठीक न होने के कारण स्कूली बच्चे और यहां के निवासी पानी के लिए काफी परेशानी उठाते हैं।

## एडीओ पंचायत ने गांव का किया निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कुठौंदा बुजुर्ग के समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सेंगर की शिकायत पर एडीओ पंचायत अधिकारी ने गांव का निरीक्षण किया तथा जिन स्थानों की शिकायतें थीं उनको मौके पर जाकर देखा तथा प्रधान और सचिव को उक्त शिकायतें निस्तारण किये जाने के निर्देश भी दिये। एडीओ पंचायत अधिकारी देवेंद्र सिंह ने कुठौदा बुर्जुग गांव के समाजसेवी की शिकायत के निस्तारण के लिये गांव का निरीक्षण किया जिसमें सामुदायिक शौचालय तो बन कर तैयार था लेकिन उसमे पानी नहीं था।जो बोर था उसमें आज तक सवरसिवल नहीं डाली गयी थी? जिससे पानी की समस्या बनी हुई थी। एडीओ पंचायत अधिकारी ने ग्राम प्रधान से बोर मे समरसेविल न डाली जाने के बारे में पूछताछ की तो प्रधान ने बताया कि विद्युत कनेक्शन न होने के कारण समर सेविल नहीं डाली गयी। जल्द ही विद्युत कनेक्शन कराकर बोर में सवरसिवल डालकर चालू करा दिया जायेगा। तालाब से दढ़ी तक नाला की सफाई, तथा दो स्थानों पर नाली से गंदा पानी आम रास्ता बहने की शिकायत को भी तीन दिन में निस्तारण किये जाने का आदेश दिया। मौके पर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी कुठौंदा बुजुर्ग विकास खण्ड जालौन वरिष्ठ समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सेंगर व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जरूरतमंदों को रिमाण्ड, जमानत व विचारण के लिए मिलेगी नि:शुल्क विधिक सहायता

## चयनित अधिवक्तागणों ने अपना पदभार किया ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम की स्थापना की गई है, जिसमें रिमाण्ड, जमानत व विचारण के लिए ऐसे व्यक्तियों जो निःशुल्क विधिक सहायता पाने के पात्र हैं, उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता दी जाएगी। जिसके लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदन पर जनपद न्यायाधीश द्वारा अश्वनी कुमार मिश्र चीफ लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल, फराज अहमद डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल, अशोक चन्द्रा व एहतेशामुद्दीन को असिस्टेन्ट लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल नियुक्त किया गया है। चयनित अधिवक्तागणों ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात



जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नवनियुक्त डिफेंस काउन्सिल को अपने कार्य, दायित्वों तथा प्राधिकरण व राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी प्रदान करते हुए उनको प्रशिक्षण हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# कश्यप समाज हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग: मुकेश शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने राजनाथ सिंह को लखनऊ में बड़े अंतर से जीत दिलाने के लिए लखनऊ महानगर द्वारा सुनिश्चित कार्यक्रमों के दौरान बैठकों और सभाओं में शत प्रतिशत मतदान की अपील की।

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र, हुसैनाबाद रोड चौक में कश्यप समाज द्वारा आयोजित मतदान जन जागरण संगोष्ठी कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर नीरज बोरा के साथ, मालापुरम चौराहा बालागंज पर आयोजित सभा में अंजनी श्रीवास्तव और चित्रगुप्त सी वार्ड में हरिशंकर चौहान के आवास के निकट आयोजित नुक्कड़ सभा में मोदी जी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षो में भारत को विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ राष्ट्र कल्याण के लिए गरीब शोषित और वंचित वर्ग के लिए मुख्य रूप से किये जा रहा है कार्यो को गिनाते हुए



तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए और लखनऊ से राजनाथ सिंह को कमल के फूल का बटन दबाकर पिछली बार से ज्यादा मतों के साथ ऐतिहासिक विजयी दिलाने की अपील की। मुकेश शर्मा ने पहले कार्यक्रम में कहा कि कश्यप समाज हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है और समाज द्वारा पहले मतदान फिर जलपान कार्यक्रम का आयोजन करके समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। पिछले 10 वर्षो में 25 करोड लोग गरीबों की रेखा से ऊपर आए हैं। 2014 में पहली बार शपथ लेते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सरकार गरीबों के लिए समर्पित है और उन्होंने पूरा करके दिखाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में 54000 करोड रुपए के विकास कार्य कराए हैं। यातायात को सुगम बनाने के लिए चौक पार्किंग के पास से जो पुल शुरू होता है वह हैदरगंज तिराहे पर जाता है ऐसे ही तेरह ओवर ब्रिज शहर में जाम मुक्ति के लिए शुरू हो चुके हैं और 13 अन्य पास है जो जल्द ही जनता को समर्पित होंगे। नीरज बोरा ने कहा कि भगवान राम को नैय्या पार लगाने का काम भी समाज के केवट ने किया था और ऐसा समाज अगर यह तय कर ले राजनाथ सिंह को भी बड़े भारी मतों से विजय बनाना है तो यह निश्चित है कि वह पूरा होकर रहेगा। कश्यप स्वाभिमान चेतना समिति उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ब्रज मोहन कश्यप के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कश्यप समाज के पदाधिकारीयों ने कहा कि कश्यप समाज भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति समर्पित है और समर्थन देने के साथ ही राजनाथ सिंह को 5 लाख से अधिक वोटो से जीतने का संकल्प लिया।

## सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जरियनपुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। शायद ही कोई ऐसा दिन हो जिस दिन कोई दुर्घटना ना हो जाती हो। ग्राम तौफीक निवासी रामसनेही की 11 वर्षीय पुत्री जोकि कक्षा पाँच की छात्रा है आज दोपहर सड़क पार कर रही थी। उसी समय अज्ञात बाइक सवार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और घायल को उठाया। तब तक बाइक सवार वहां से भाग गया। परिजन उसे राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शगुफ्ता एजाज था। मैंने अपना नाम शगुफ्ता शाहीन रख लिया है, अब हमें इसी नाम से जाना व पहचान जाये।

**शगुफ्ता शाहीन**
**509, इडेन इन्क्लेव गुडम्बा कुर्सी रोड, लखनऊ**

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाता जागरूकता के लिए तैयार किया रोड मैप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यालय बेनीगंज में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने की। उन्होंने युवाओं को उनके मत का मूल्य बताया। मतदान की शक्ति से परिचित कराया। यह भी बताया कि युवा किसे मतदान करें (कहा कि ऐसे ही दल को ही मतदान करने की जरूरत है, जो देश की सुरक्षा कर सके। बोले, ऐसी सरकार तो कतई न चुनिएगा, जिससे देश फिर से आतंकवाद की आग से झुलस उठे। उन्होंने राम मंदिर पर हुई आतंकवादी घटना की याद दिलाई। कहा कि आतंकवाद का सफाया करने वालों को ही चुने। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने का मंत्र दिया। कहा देश की सुरक्षा, संरक्षा व संवृद्धि देने वाले दल को सत्ता सौंपे। उन्होंने घर- घर संपर्क कर शतप्रतिशत मतदान कराने का आह्वान किया। विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर को सांगठनिक व्यवस्था की दृष्टि से 04 नगरों और 60 वार्डो में बांटा गया है। भौगोलिक स्थिति के अनुसार हर एक नगर में अलग-अलग वार्डो में निहित है। सम्पर्क योजना में 04 नगरों में कुल 60 वार्ड हैं। इन सभी वार्ड के लिए अलग-अलग टोलियां गठित की गयी है। प्रत्येक टोली में पांच से दस कार्यकर्ता समायोजित है और सम्पर्क के दौरान क्षेत्र से अन्य लोगों को भी टोली में शामिल कर लिया जा रहा है। इस तरह टोलियां वार्डो में सम्पर्क शुरू कर चुकी हैं। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ता लोगो से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील कर रहे है बैठक का संचालन महानगर मंत्री सत्यम दुबे व अध्यक्षता डा. आलोक सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री अमन मिश्रा, महानगर संगठम मंत्री अंकित भारतीय, विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश, शशांक सिंह विद्यार्थी, अंश जयसवाल, मानवेन्द्र सिंह, किशन सिंह, महेश पांडेय, प्रियांशु तिवारी, साहिल कसौधन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




# 17 दिवसीय स्वदेश उत्सव विविध कला कार्यशाला का मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** सागर कला भवन अयोध्या के स्थापना दिवस एवं भारतीय कला दिवस, टैगोर जयंती के अवसर पर सत्रह दिवसीय विविध कला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कैनवास पर चित्र उकेर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव समाजसेविका को माल्यार्पण एवं पट्टिका सप्रेम भेंट कर संस्था अध्यक्ष एस बी सागर प्रजापति, सचिव श्रीमती प्रतिभा यादव एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से स्वागत सम्मान किया साथ ही मंच पर उपस्थित कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम को माल्यार्पण पट्टिका भेंट कर स्वागत सम्मान संस्था अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने किया। अतिथि डॉक्टर विनय प्रकाश मौर्य को माल्यार्पण एवम पट्टिका भेंट कर स्वागत सम्मान किया। संस्था अध्यक्ष सागर का सम्मान अतिथि बसंत राम ने माल्यार्पण पट्टिका भेंट कर किया। सागर कला भवन के अध्यक्ष एवं निदेशक ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था के स्थापना दिवस पर सत्रह दिवसीय विविध कला कार्यशाला के अन्तर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, रिलीफ म्यूरल, क्रॉफ्ट भित्ति चित्रण कार्यशाला का शुभारंभ कर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। 22 मई तक चलने वाले इस कार्यशाला में कलाकार अपने कला रंग का जलवा बिखेरते हुए निर्मित कला के माध्यम से आकृतियां 23 मई, बुद्ध पूर्णिमा के दिन प्रदर्शित होगी, जिसका अवलोकन राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न माध्यमों से होगा और प्रतिभागी कलाकारों को सम्मान समारोह में पुरस्कार, प्रमाण पत्र आदि के साथ सम्मानित किया जाएगा उससे युवाओं में लोक कला, अयोध्या शैली एवं पुरानी संस्कृति की भावना उत्पन्न होगी साथ ही बच्चे कला सीख कर आत्मनिर्भर भी बनेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रज्ञा श्रीवास्तव समाजसेविका ने कहा हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर होना चाहिए जिस क्षेत्र में रुचि हो उस प्रतिभा को अपना कर आगे बढ़ना चाहिए साथ ही इंसान के अंदर सभी के प्रति आदर एवं मानवता के साथ समाज सेवा की भावना भी होनी चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष बसंत राम ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जीवन भी एक कला है जिसमें सुख-दुख आते जाते हैं अपने लक्ष्य पर कार्य करने वाला व्यक्ति सफल जरूर बनता है अतिथि विनय प्रकाश मौर्य ने उत्साहवर्धन करते हुए संस्था परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि कला के माध्यम हम अपनी भावनाओं को उकेर कर उन्हे जीवंत कर सकते हैं। संस्था अध्यक्ष एस बी सागर ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया । समारोह संचालक श्रीमती प्रतिभा यादव ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । अन्तिम में स्वदेश यशगान एवं राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।



# फौजी परिधान में पहुंचीं छात्राओं ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या की सड़कों पर और श्रीराम लला के दर्शन की कतार में आज फौजी परिधान में सैकड़ों लड़कियों को देखकर राह चलते लोग अचरज से भर उठे। उनके कौतूहल की चिन्ता किए बिना ये छात्राएं कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ती रहीं। ये सारी लड़कियां भारतीय सेना से नहीं थीं किन्तु इनकी सारी तैयारी और परेड उसी तरह ही होती है। पांच मंडलों के 25 जिलों की ये लड़कियां कक्षा आठ से लेकर बारहवीं तक की छात्राएं हैं, और अखंड हिन्द फौज से जुड़ी हैं, जिसका मुख्यालय बांदा में है। अखंड हिन्द फौज़ की स्थापना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विस्तारक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने की है। अखंड हिन्द फौज़ से जुड़ी ये छात्राएं श्रीराम लला का दर्शन करने आई थीं। कारसेवक पुरम में इनके भोजन, विश्राम की व्यवस्था पुरम प्रभारी शिवदास सिंह ने कराई। उन्होंने बताया कि टोली में सम्मिलित लगभग दो सौ छात्राएं प्रयाग, वाराणसी, चित्रकूट, झांसी, कानपुर, इटावा मंडल से आई थीं।

# चार प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा जबकि एक ने किया दाखिल

**महराजगंज।** जनपद में नामांकन के द्वितीय दिवस पर बुधवार को कुल 4 प्रत्याशियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु अभिलेख प्राप्त किया गया, जबकि 1 प्रत्याशी ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। बसपा प्रत्याशी मौसमें आलम द्वारा 02 सेट में नाम निर्देशन पत्र अपने प्रतिनिधियों के माध्यम प्राप्त किया गया। इसके अतिरिक्त सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के विनोद कुमार पटेल द्वारा भी नाम निर्देशन पत्र का 02 सेट प्राप्त किया गया गया, जबकि 02 निर्दल प्रत्याशी अखिलेश द्वारा 04 सेट और श्री रामप्रीत ने भी 03 सेट नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

दूसरे दिन छेदी मजदूर ने अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस दौरान छेदी मजदूर ने विभिन्न प्रपत्रों के साथ फॉर्म 26 भी जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमे उनके द्वारा घोषित किया गया कि उनके और उनकी पत्नी के पास 65000 नकद है। जबकि छेदी मजदूर के बैंक खाते में कुल 10000 रुपए जमा हैं। साथ ही उनकी पत्नी के पास 1,40,000 मूल्य का 20 ग्राम सोना है। उनके पास एक दो पहिया वाहन है। अन्य कोई चल अथवा अचल संपत्ति उनके पास नही है। छेदी मजदूर के विरुद्ध कोई अपराधिक वाद भी नही दर्ज है।

जिलाधिकारी के साथ एआरओ सदर रमेश कुमार और एसडीएम नौतनवा नंद प्रकाश मौर्या मौजूद रहे। जबकि इनकी सहायता के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश, नायब तहसीलदार सदर विवेक श्रीवास्तव, जेपी दूबे, राजी अख्तर, विनीत कुमार, कार्तिकेय, रामाज्ञा प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जनसम्पर्क अभियान में बूथ समिति के साथ टोली बनाकर घर-घर पहुंच रहे हैं भाजपाई

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनसम्पर्क अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बूथ समिति के साथ टोली बनाकर घर-घर जनसम्पर्क कर रहे है। लोकसभा के सभी 2074 बूथों पर अभियान की शुरूवात हुई। अयोध्या धाम के रामकोट शक्ति केन्द्र में विधायक वेद प्रकाश गुप्त, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, महानगर के विवेकानंद वार्ड, अग्रसेन वार्ड में महापौर, महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने घर-घर जनसम्पर्क किया। अम्बेडकर नगर वार्ड में जनचौपाल लगाया। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने पिपरी जलालपुर, हरिनाथपुर, कोदैला, तोरोमाफी दराबगंज, चवरढार, दशरथपुर, भावापुर, नगर पंचायत अध्यक्ष बीकापुर राकेश पाण्डेय राना के आवास पर, सहित बीकापुर बाजार के कई स्थानों पर जनचौपाल लगाया। जनचौपाल में पहुंचने पर कई स्थानों पर 51 किलो की माला से पूर्व विधायक का स्वागत किया गया। जनसम्पर्क के दौरान महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की जनता ने मोदी की गारंटी को घर-घर पहुंचते देखा है। मोदी सरकार की हर नीति ने राष्ट्रहित सर्वोपरि के संकल्प को स्थापित किया है। विगत 10 वर्षों में सर्वांगीण, सर्वसमावेशी तथा सर्वस्पर्शी विकास ने यह सुनिश्चित किया है कि इस विकास यात्रा से देश का कोई भू-भाग कोई पात्र व्यक्ति छूट न पाए। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सरकार सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिला है। नगर पंचायत अध्यक्ष आवास पर आयोजित जनचौपाल के दौरान इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि मोदी सरकार के दो कार्यकाल में देश ने असीमित उपलब्धियों का साक्षात्कार किया है। लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक परम्पराओं के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया है।

पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अद्भुत विकास किया है। अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया गया है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पांच दिन पांच बूथ अभियान के तहत पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि पांच बूथों पर बूथ समिति के साथ व्यापक जनसम्पर्क कर रहे हैं।



# विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सामान्य प्रेक्षक आर आर दामोर की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने बुधवार को लोक सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उपस्थिति विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, चुनाव अभिकर्ताओं के समक्ष विधानसभाओ में बूथवार ईवीएम के सेकेंड रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। उक्त अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अरविन्द मिश्रा, एडीआईओ एनआईसी दीपांकर श्रीवास्तव सहित सम्बन्धित अधिकारी और प्रत्याशी /चुनाव अभिकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराया जाय-प्रेक्षक



**महराजगंज।** लोक सभा चुनाव को लेकर बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में प्रेक्षक जितेंद्र पटेल और रविराज खोगरे ने चुनावी दायित्वों के निर्वहन करने वाली टीमों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने परिचय प्राप्त कर चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। दोनों प्रेक्षकों ने सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता टीम, स्थैतिक टीम, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम और समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया। बैठक में प्रेक्षकगण द्वारा सभी टीमों का परिचय प्राप्त किया गया और उनके द्वारा अबतक की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली।

प्रेक्षकगण द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी टीमें क्षेत्र में सक्रिय रहकर नियमानुसार जब्तीकरण और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित करें, लेकिन कार्यवाही के दौरान आम लोगों को समस्या न होने पाए। प्रेक्षकगण ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देशों के अनुसार एवं आदर्श आचार संहिता के आवरण में निर्वाचन को सम्पन्न कराना सभी अधिकारी का दायित्व है और सभी लोग इसको पूरी सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी उड़नदस्ता टीमें एवं स्थैतिक निगरानी टीमें अपने दायित्वों और प्रक्रिया से भलीभांति अवगत रहें। जब्तीकरण के समय पंचनामा की कार्यवाही करने के साथ ही संबंधित व्यक्ति का बयान अवश्य ले लें। साथ ही किसी निष्पक्ष गवाह की उपस्थिति भी सुनिश्चित कर लें, ताकि अग्रेतर कार्यवाही में आपका पक्ष मजबूत रहे। समय-समय पर दिये गये प्रशिक्षण व निर्देशों को गम्भीरता व सर्तकता के साथ समझें ताकि जांच और कानूनी कार्यवाही के दौरान कहीं कोई बाधा न पैदा हो। यदि किसी टीम अथवा संबंधित अधिकारी को कोई शंका अथवा समस्या है तो प्रेक्षक के समक्ष रख सकता है।

नियमानुसार उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने प्रेक्षकगण को अवगत कराया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-63 महराजगंज में एक पाली में उड़नदस्ता की 15 टीम, स्थायी निगरानी की 15 टीम, वीडियो निगरानी की 15 टीम, वीडियों अवलोकन की 05 टीम, 05 लेखा टीम और 05 सहायक व्यय प्रेक्षक क्रियाशील हैं। एफएसटी व एसएसटी टीमों द्वारा दिनांक-07 मई, 2024 तक 30.18 लाख रूपए के जब्तीकरण की कार्यवाही की गई है, जबकि जनपद में विभिन्न विभागो द्वारा अब तक 171.21 लाख रूपए का जब्तीकरण का कार्य किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी अनुनय ने प्रेक्षकगण द्वारा दिये गये मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी और दल प्रेक्षकगण के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, सभी एआरओ, सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल सहित विभिन्न टीमों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा संवाद विशेष कार्यक्रम में रंग जमेंगे, मतदान करेंगे गीत का विमोचन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के डॉ .जेपीएन सिंह स्मृति सभागार में आज मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन/स्वीप द्वारा युवा संवाद विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उप जिला अधिकारी, सुश्री श्वेता मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सीताराम सिंह ने किया। महाविद्यालय के एनसीसी की कैडेट्स ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित भाषण, एकल व समूह गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी, सुश्री श्वेता मिश्रा ने कहा कि मतदान संविधान द्वारा प्रदत सर्वश्रेष्ठ अधिकार है जिसके द्वारा जीवन में सब कुछ पाया जा सकता है, वोट प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी आप युवाओं पर भी है। जिला विद्यालय निरीक्षक, ओपी त्रिपाठी ने कहा कि 20 मई की तारीख को आप सभी को नहीं भूलना है। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सीताराम सिंह ने कहा कि आप युवा इस देश के भविष्य है, मतदान द्वारा आप अपना और अपने देश के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण में योगदान दे। इस मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार की प्रेरणा से रंग जमेंगे, मतदान करेंगे गीत का विमोचन उप जिलाधिकारी, सुश्री श्वेता मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी .त्रिपाठी, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. डॉ. सीताराम सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वीप ऑर्डिनेटर डॉ. अरविंद पांडे ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों- प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रो. हेमंत सिंह, प्रो. अनिता सिंह,प्रो. अनुपमा श्रीवास्तव, प्रो. दरखशा शहनाज़, प्रो. मनीष पांडे, प्रो. विजय वर्मा, प्रो. शार्दुल विक्रम सिंह, प्रो. संतोष गौड़, प्रो. रीना सिंह, प्रो. माधुरी वर्मा, प्रो. बी.के. गुप्ता, प्रो. वीपी मल्ल, डॉ. ऋषिकेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

# रामलला के दरबार में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लगाई हाजिरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बुधवार को राम लला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचे। राज्यपाल का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने स्वागत किया। इसके उपरांत भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। श्रीराम का दर्शन कर वे भाव विभोर हो गए। राज्यपाल को दर्शन के बाद में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने उन्हें श्रीराम चरित मानस की पुस्तक भेंट किया।वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा मैं जनवरी में दो बार अयोध्या आ चुका हूं, जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं कई बार अयोध्या आ चुका हूं। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। यह हमारे लिए खुशी नहीं गर्व की बात है। 22 जनवरी के पहले आया था और अब 22 जनवरी के बाद आया हूं, आज केवल भगवान रामलला का दर्शन करने आया हूं।



## दुर्घटना में दो घायल

**बीकापुर -अयोध्या ।**कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर के पास दिन में लगभग 1:30 बजे हुई दुर्घटना में दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पप्पू सिंह पुत्र स्वर्गीय राम मूरत सिंह उम्र लगभग 48 वर्ष निवासी दषरथ पुर दिन में लगभग 1-30 बजे बीकापुर की तरफ आ रहे थे कि पीछे से विद्यालय में पढ़ाकर अपने पति के साथ चार चक्के गाड़ी से ज्योति पत्नी हिमांशु उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी साकेत पुरी कॉलोनी रानो पाली जा रही थी कि बाइक सवार पप्पू सिंह के गाड़ी में पीछे से ठोकर मार देने पर जहां पप्पू सिंह के दाहिने पैर के अंगूठे में फैक्चर होने का विश्वास व्यक्त किया जा रहा है।

# अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी के नेतृत्व में अवधेश के लिए मांगा वोट

**अयोध्या।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शावेज़ जाफरी अपनी जिला टीम अधिवक्ता सभा के साथ लगातार कर रहे है तहसीलवार अधिवक्ता गण और क्षेत्रवासियों से मुलाकात तथा साथ ही बुद्धजीवी वर्ग से मांग रहे इंडिया गठबंधन के फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए समर्थन । किया सोहावल और बीकापुर तहसील का दौरा । दोनो तहसीलों के अध्यक्षों से भी मुलाकात कर लोगो से मांगा समर्थन । अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शावेज जाफरी ने कहा कि चुनाव से पूर्व पूरे जिले की सभी तहसीलों व ब्लॉकों तक अधिवक्ता सभा भ्रमण कर लोगों से महंगाई बेरोजगारी रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य व संविधान बचाने के लिए समर्थन मांगेगा ।

# अबकी बार 400 पार सिर्फ नारा नहीं लक्ष्य हैः बीएल संतोष

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में बुधवार को भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक आयोजित हुई।भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। बूथ मैनेजमेंट की बारीकियां समझाई। अभिभावक की भांति कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। किन किन मुद्दों पर विपक्ष को घेरना है उस पर बिंदूवार चर्चा की। उन्होंने मोदी सरकार के विकास कार्यों के साथ साथ विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देने के गुर भी सिखाए। उन्होंने कहा अबकी बार 400 सिर्फ नारा नहीं है बल्कि हर भाजपा कार्यकर्ता का लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए रामलला का आशीर्वाद और मोदी का कुशल नेतृत्व हमारे साथ है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से मैं, मेरा परिवार और अन्य तीन परिवार को शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए प्रेरित किया। कहा मतदान प्रतिशत जितना अधिक होगा भाजपा की जीत का अंतर भी उतना अधिक होगा।कहा जब प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व में भाजपा की देश में पहली बार सरकार बनी तो अब्दुल कलाम देश के राष्ट्रपति बने जबकि 2014 में पूर्ण बहुमत की भाजपा की दूसरी बार बनी सरकार में अनुसूचित वर्ग के रामनाथ कोविंद एवम 2019 में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर एक आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनी। कहा ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि भाजपा हर वर्ग को साथ लेकर चलती है।भाजपा की सभी योजनाएं गरीब कल्याण को समर्पित रही हैं। भरोसा दिलाया कि अबकी बार देश में दक्षिण से उत्तर तक एवम पूरब से पश्चिम तक सभी जगहों पर कमल खिलेगा जिससे 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना हकीकत में बदलेगा। सपा पर तंज कसा कि भ्रष्टाचार और गुंडई के चलते 2017 के पहले प्रदेश में इन्वेस्टमेंट शून्य था, मगर अब भाजपा सरकार में चुस्त दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था के चलते इन्वेस्टमेंट के मामले में यूपी देश का अग्रणी प्रदेश बन गया है। कहा कि रामलला को 27 वर्ष तक टेंट में रखने एवम राम के अस्तित्व को नकारने वाली कांग्रेस को जनता इस चुनाव सबक सिखाएगी। बी श्रेणी के बूथों को ए श्रेणी के बूथों में लाने के लिए चुनाव से पूर्व कम से कम दो बार प्रत्येक घर में संपर्क करने के निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत भाजपा के संस्थापकों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। लोकसभा विस्तारक एवम सभी विधानसभा के संयोजकों से उन्होंने क्रमवार चुनाव अभियान के वृत्त पूछे। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय, जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा सहित सभी शक्तिकेंद् संयोजक एवम मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।



## कोर कमेटी की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बंद कमरे में वार्ता करके चुनाव तैयारियों की समीक्षा की एवम आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद उपेंद्र सिंह रावत, राज्यमंत्री सतीश शर्मा, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, प्रत्याशी राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, डॉक्टर रामकुमारी मौर्य, अमरीश रावत मौजूद रहे।

# पासी पार्टी के उम्मीदवार ने गिनाई अपनी प्राथमिकताएं

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट इण्डियन पार्टी (पासी पार्टी) से लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से प्रत्याशी डॉ0 राम गुलाम राजदान ने अपनी प्राथमिकता बताई। उनका मानना है कि ग्रामीण इलाकों का विकास अपेक्षाकृत नही हुआ है। अगर जनता ने उन्हें चुना तो गांवों का समुचित विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी साथ ही बेरोजगारी की दिशा में काम करना उनका समर्पण। दोनों ही मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण हैं। डॉ राजदान आज सिविल लाइन स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। बाराबंकी के मूल निवासी डॉ0 राजदान मनो चिकित्सक, शिक्षाविद व लेखक है। डॉ0 राजदान ने बताया कि जन्म भूमि होने के कारण बाराबंकी से विशेष लगाव है। उन्होंने बताया यदि हम जीतते हैं तो बाराबंकी का सर्वांगीण विकास करेंगे। किसानों की हर समस्या को दूर करेंगे व ग्रामीण क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योग की स्थापना करायेंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेरोजगारी दूर हो सके। कहा कि दोहरी शिक्षा नीति भी प्रगति में बाधा है।



# चन्द्रा स्कूल में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प

अवधनामा संवाददाता

**फरेन्दा, मगराजगंज।** कम उम्र के युवकों में बढ़ते हुए स्किन डिजीज के निदान के लिए मशहूर चिकत्सक तथा गोरखपुर मेडिकल कालेज के चर्म रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डाक्टर दिव्यांशु श्रीवास्तव ने चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल आनन्द नगर में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प लगाकर स्कूल के 220 छात्र-छात्राओं का चेक अप किया और बच्चों को जरूरी दवाएं भी दी।

डा.दिव्यांशु गोरखपुर के मेयर डा.मंगलेश के पुत्र हैं। वे महीने में एकाध बार इस तरह के फ्री कैंप करके जरूरत मंदों की फ्री जांच और दवाएं लेते रहते हैं। बुधवार को बच्चों की जांच करने स्कूल पंहुचे डा.दिव्यांशु का



प्रधानाचार्य जगमोहन मिश्र व प्रशासनिक अधिकारी राजेश सहानी ने बुके देकर स्वागत किया। स्कीन डिजीज के संबंध में बताते हुए डॉ दिव्यांशु श्रीवास्तव ने बताया की यह ऐसी बीमारी है जिस अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता। धीरे धीरे स्कीन की कुछ बीमारियां घातक हो जाती है। खान-पान सही न होना बाजार के जंक फूड,तथा सिर पर गुणवत्ता विहीन तेल लगाने से चर्म एवं अन्य त्वचा रोगों में वृद्धि होती है लेकिन यदि इस पर ध्यान दिया जाय तो इससे बचा जा सकता है।बताया कि त्वचा से संबंधित 3300 बीमारियां है जिसमे 100 से अधिक घातक है। उन्होंने बताया की चिकन व सब्जी में प्रयोग होने वाले हारमुनल इंजेक्शन त्वचा संबंधी बीमारियों के कारक है।

**विशेषज्ञ स्कीन डॉक्टर दिव्यांशु ने बच्चों की जांच की**

त्वचा की बीमारी से बचाव के बारे में उन्होंने बताया की घर का खाना तथा औसतन चार लीटर पानी प्रतिदिन पीना आवश्यक है। नहाने में ब्रांडेड साबुन का इस्तेमाल किया जाये। स्कूल के प्रबंधक सुधेश मोहन श्रीवास्तव ने चिकित्स्क के नि:शुल्क कैम्प के लिए आभार प्रकट किया। इस दौरान सुमित मोहन, अमित मोहन, हरी बहादुर, पुरुषोत्तम पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, रामसूरत यादव, अजय मौर्या व नीरज कुमार सहित अनेक स्टाप मौजूद रहे। स्कूल के प्रवंधक एडवोकेट सुधेश मोहन ने स्कूल में निशुल्क कैंप के लिए डाक्टर दिव्यांशु का आभार व्यक्त किया।

# पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत व निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुपालन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ व सुजीत राय, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण

**पांच लाख रुपये का विभिन्न ब्रांडो की निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध नकली अंग्रेजी शराब बरामद**

में प्रनि0 थाना सिद्धार्थनगर व प्रभारी एसओजी मय हमराह व प्रभारी सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत बुधवार को सुबह झडेंनगर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एंव वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि चेकिंग के दौरान बाई पास के रास्ते जमुआर पुल की ओर से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आ रहे थे कि उनको रोककर पकड़ लिया गया उनके कब्जे से अग्रेंजी शराब 20 बोतल अध्धा ग्रीन लेबल ब्राण्ड की एक गत्ते में बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में बताया कि



हम लोग शहर में महनगा रोड पर स्थित अपनें घर पर विभिन्न ब्राण्डों के नकली शराब बनाकर बोतलो में भरकर नकली क्यूआर कोड लगा कर बेचते है और आर्थिक लाभ कमाते है तथा अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सिद्धार्थनगर पर मु.अ.सं. 78/2024 धारा 272, 419,420, 467, 468,471 भा.द.वि 60/72 आबकारी अधिनियम व 54/63 कापीराइट अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 गौरव सिंह, उ.नि.शेषनाथ यादव, उ.नि.सुरेन्द्र सिंह, अनूप कुमार मिश्र, हेका0 दिलीप कुमार, राजीव शुक्ला, आशुतोष धर् दूबे, आरक्षी विरेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र कुमार, रोहित चौहान, छविराज यादव, मु.आ. रामबहादुर यादव, सुरेश गुप्ता, महिला आरक्षी नेहा तिवारी, मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, विवेक मिश्रा, आरक्षी अभिनन्दन सिंह शामिल रहे।

## भनवापुर के मंगराव प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के मंगराव स्थित प्राथमिक विद्यालय से बुधवार को भव्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सुबह 9 बजे ग्राम प्रधान राम विलास ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, हाथों में फ्लैक्स एवं जारूकता नारे लिखीं तख्तियां लेकर बच्चों ने मंगराव गाँव एवं उसके विभिन्न टोलों में जाकर लोगों को जागरूक किया। लोकतंत्र में हिस्सेदारी, हम सबकी है जिम्मेदारी..., घर घर में संदेश दो, वोट दो वोट दो..., वोट डालने चलो रे साथी, लोकतंत्र के बानो बाराती आदि जागरूकता नारों के साथ बच्चों के गाँव के प्रत्येक जनमानस को आगामी 25 मई को वोट डालने के लिए जागरूक किया, साथ ही जय, रोहित, कविता, आसू, करिश्मा आदि बच्चों ने ढोल मजीरा बजाकर एक नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दुर्गेश मिश्रा ने भी ग्रामीणों से लोकतंत्र के पावन पर्व में बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाने की अपील की। इस दौरान ब्लॉक एमआईएस आबिद रिज़वी, प्रदीप कुमार, मीसम रिज़वी, कृष्ण कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाल संचालित शिक्षा के उपयोगिता के बारे में दी जानकारी



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लॉक संसाधन केंद्र भनवापुर में बुधवार को 56 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी सिद्धार्थनगर व हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपशिक्षा निदेशक व प्राचार्य उमेश कुमार त्रिपाठी ने स्व मूल्यांकन एवं बाल संचालित शिक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का शुभारंभ डायट मेंटर अनिल कुमार बिन्द, राम प्रकाश मिश्रा, आबिद रिजवी, एवं जैनेंद्र यादव के द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यशाला का संचालन नीरज कुमार मिश्रा द्वारा सभी के स्वागत के साथ किया गया। डायट मेंटर अनिल कुमार बिन्द ने सभी को कार्यशाला के विषय से परिचित करवाया। सत्र का संचालन सिद्धार्थ त्रिवेदी ने किया। इस दौरान सर्वप्रथम नई शिक्षा नीति से विषय को जोड़ते हुए सत्र का शुभारम्भ किया और यह किन बिन्दुओं को फोकस करती है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र के दौरान बाल संचालित शिक्षा के उपयोग के लाभ, इसके उपयोगिता को बताते हुए इसको लागू करने के तरीकों से परिचित करवाया। स्व मूल्यांकन के लिए उपयोग किये जाने वाले टूल्स के बारे में चर्चा की और मूल्यांकन के दौरान ध्यान देने वाली बातों पर विशेष चर्चा की। सत्र की समाप्ति में जैनेंद्र कुमार टीम लीडर नेट सिद्धार्थनगर ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यशाला में एवं अन्य सभी प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस कार्यशाला में कोर ग्रुप के शिक्षक राजेंद्र कुमार शर्मा, कदम एक्सीलरेटर नीरज कुमार, आर.एस.एम. के अध्यक्ष अरुण कुमार चतुर्वेदी आदि सहित भनवापुर बी.आर.सी. के सभी सदस्य व शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्रीराम विवाह का दृश्य, देख झूमें दर्शक विवाह के पारंपरिक गीतों से गूंजा पूरा पंडाल

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बुढ़ियाटायर गांव में चल रहे श्रीशत् चंडी महायज्ञ व श्रीरामलीला कार्यक्रम के छठें दिन मंगलवार को कलाकारों ने श्रीराम व सीता के विवाह का मंचन कर लोगों की खूब वाह वाही लूटी। कार्यक्रम में विवाह के दौरान विवाह व पारंपरिक गीतों से पूरा पंडाल झूम उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवेक त्रिपाठी ने फीता काट व आरती कर किया। मंगलवार को धनुष परशुराम लक्ष्मण संवाद के बाद राजा जनक ने श्रीराम के द्वारा स्वंबर में धनुष भंग की सूचना अयोध्या में राजा दशरथ को भेजा। राजा दशरथ ने पूरे अयोध्या में श्रीराम के विवाह का न्यौता देकर जनकपुर बारत में चलने का आग्रह किया। इधर अयोध्या से बारत जनकपुर पंहुची, जहाँ सभी का स्वागत सम्मान कर विवाह का रस्म की तैयारी होने लगी। इसी दौरान राजा



**भनवापुर के बुढ़ियाटायर में चल रहे श्रीशत् चंडी महायज्ञ व रामलीला का छठा दिन**

जनक ने भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के लिए अपने भाइयों सीरध्वच की दो पुत्रियां मांडवी व सुकीर्ति तथा कुश्वध्वज की उर्मिला के विवाह का प्रस्ताव राजा दशरथ के सामने रखा जिसपर राजा दशरथ ने स्वीकार कर लिया।विवाह मंडप में श्रीराम के साथ भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का विवाह समपन्न हुआ। विवाह के बाद राजा दशरथ के साथ सभी अयोध्या वासियों का वापस अयोध्या आगमन हो गया। विवाह के दौरान कलाकारों के साथ उपस्थित महिलाओं के द्वारा गाए गये विवाह व पारंपरिक गारी गीतों से पूरा पंडाल झूम उठा। इस दौरान अशोक शास्त्री, शिवप्रसाद यादव, अरविंद, रमाकांत तिवारी, विकास त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, श्लोक, सौरभ, अमरजीत, अभिषेक पांडे, शुभम, अमन आदि उपस्थित रहे।

## 35 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** 35 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता शव पाया गया युवक की मौत की सूचना पर सनसनी फैल गयी। परिजनों परिजनो ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुची पुलिस शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना कोतवाली जलालपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा शाहपुर फिरोजपुर के मजरे मलिकपुर छितूनी पुरवे की है जहां पर चंद्रशेखर पुत्र अनारे उम्र 35 वर्ष की फांसी के फंदे से लटका शव बुधवार को मिला सूचना पर पहुची पुलिस शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्म के लिए भेज दिया मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है घटना को लेकर क्षेत्र में जहां तरह तरह की पर चर्चाऐं है वहीं पर मृतक के माता-पिता ने हत्या काआरोप लगाया हैं। मौके पर मृतक की पत्नी अपने जीजा के पास गयी हुई थी। ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार यादव समेत सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 60 लोकसभा डुमरियागंज के प्रेक्षक के रूप में महाराष्ट्र काडर की आई0ए0एस0 नीमा अरोड़ा को नियुक्त किया गया है। बुधवार को प्रेक्षक नीमा अरोड़ा द्वारा 60 लोकसभा डुमरियागंज अन्तर्गत 306 विधानसभा डुमरियागंज के कई मतदान केंद्रो का उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित व पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा बूथ संख्या 3 हथपरा, बूथ संख्या 49 कैथवलिया रेहरा, बूथ संख्या 211, 212, 213 कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या कादिराबाद, बूथ संख्या 215, 216 बिथरिया प्रथम आदि का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप आदि सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओ को किसी भी प्रकार का असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस दौरान प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

## प्रधान ने प्रधानाध्यापक पर लगाया आरोप

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार एक बार फिर चर्चा में आ गया है। गांव के प्रधान उमेश कुमार ने प्रधानाध्यापक पर स्कूल परिसर में स्थित जिला पंचायत का ध्वस्त भवन जिसमे पूर्व में यूनानी अस्पताल का संचालन किया जा रहा था, के काफी दिनों से पड़े मलवे व ईट को मनमानी तरीके से बेंचने का आरोप लगाते हुए बुधवार को मलवा लोडकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को रोक लिया। ग्राम प्रधान का आरोप है कि कम्पोजिट विद्यालय के तैनात प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव के द्वारा विभाग व ग्राम पंचायत के बिना अनुमति के स्कूल परिसर में पड़े मलवे को पहले भी बेंचा गया है। ग्राम प्रधान ने मलवे को ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को रोक कर प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज व खण्ड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में बीईओ बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के मलवे का मामला संज्ञान में है, जांच कर संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से मिलता है नारायण के चरणो मे स्थान

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** भगवान भागवतजी ही सनातन संस्कृति के जनक है। इस ग्रंथ में 4 वेद 6 शास्त्र 18 पुराण का समावेश है। इस ग्रंथ को पढ़ने व सुनने मात्र से जनमानस अपने संस्कृति को जान जाता है और सदमार्ग पर चलने लगता है। उक्त सदविचार अयोध्याधाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सूर्यकांताचार्य जी महाराज ने सदर ब्लाक के बनतला गांव मे चल रही नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन ब्यास पीठ से प्रवचन सत्र मे व्यक्त किया। उन्होंने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि भागवत वही कथा है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने उनसे अमर कथा सुनने की प्रार्थना की तो बाबा भोलेनाथ ने कहा कि जो पहले यह देखकर आओगी कैलाश पर तुम्हारे या मेरे अलावा कोई और नहीं है क्योंकि यह कथा सबको नसीब नहीं होता। माता ने देखा तो वहां कोई नहीं था। भगवान शंकर ने पार्वती जी को जो अमर कथा सुनाया था वही भागवत कथा है। लेकिन मध्य में पार्वती जी को निद्रा आ गई और कथा शुक जी ने सुन ली। सुख जी द्वारा चुपके से अमर कथा सुनने के कारण जब शंकर जी ने उन्हें करने के लिए दौडे तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए। कई वर्षो बाद व्यास जी के निवेदन पर भगवान शंकर इस पुत्र को ज्ञानवान



होने का वरदान दिया। व्यास जी जब शुक को बाहर आने के लिए कहा तो हुआ वचन मांगे कि मुझे सदा माया से सदा मुक्त किया जाए। तब भगवान नारायण स्वयं आकर बोले कि आपके ऊपर मेरी माया कभी नहीं लगेगी। तब जाकर बाहर आते हैं। वर्तमान समय में मानव जीवन माया के बंधन के चारों तरफ से गया है और बार बार इस माया के चक्कर में फस कर धरती पर अलग-अलग योनियों में जन्म ले रहा है। इससे बचने का मात्र एक ही साधन भागवत कथा है। जिसके श्रवण से नारायण के चरणों में स्थान आसानी मिल जाएगा। मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद शुक्ल काका, मिथिलेश शुक्ला, इं रवीद्र नाथ शुक्ल, डा आकांक्षा शुक्ला, डा योगेंद्र नाथ शुक्ल, इं धर्मेन्द्र नाथ शुक्ल, श्वेतांगी शुक्ला, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, पुष्कर शुक्ल, अमित शुक्ल, रविशा शुक्ला, आलोक शुक्ला, आदर्श शुक्ला, सूरज शुक्ला, फूलचंद्र शुक्ल, रमेश चंद्र, दिलीप गिरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## वामपंथी नेता अतुल अंजान की याद में स्मृति सभा का आयोजन हुआ



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी के मढ़नी चौराहे पर आज प्रसिद्ध वामपंथी नेता अतुल अंजान की याद में स्मृति सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अतुल अंजान के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में यश भारती सम्मानित मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल ने अतुल अनजान से जुड़ी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन समाज के शोषित वर्गो की अन्याय की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष से शुरू हुआ राजनैतिक सफर देश दुनिया के बड़े वामपंथी नेता के रूप में स्थापित हुआ। किसानों के हित में विश्व के कई मंचों से उनका संबोधन हुआ। उनका पूरा जीवन अटूट निष्ठा, ईमानदारी और वैचारिक दृढ़ता के लिए समर्पित रहा। सभा को लोकतंत्र रक्षक सेनानी इब्राहिम बाबा ने किया। संचालन तालीमी बेदारी के सगीर ख़ाकसार ने किया। स्मृति सभा का संयोजन मसूद आलम ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री शकील शाह, जावेद खान, हरिनाथ यादव, सारिक मजहर, मो. इमरान, डॉ अमित शर्मा, राकेश दूबे, अजय चौरसिया, अजीउर्रहमान, बजरंगी गुप्ता, राधेश्याम, श्रीराम यादव, प्रभु गौतम सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## एक लाख रूपया सालाना देगी कांग्रेस: ज्योति पाण्डेय

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो आधी



आबादी को पूरा हक मिलेगा। यह बातें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ज्योति पाण्डेय ने कही। उन्होने कहा कांग्रेस पार्टी ने न्याय पत्र में नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी योजना में हर गरीब परिवार की एक वरिष्ठ महिला को घर गृहस्थी चलाने के लिये एक लाख रूपया सालाना देने का वादा किया है। आधी आबादी पूरा हक योजना के तहत महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। आशा, आंगनवाड़ी, रसोइया आदि के मानदेय में केन्द्र सरकार का योगदान दोगुना किया जायेगा। ज्योति पाण्डेय ने कहा कानून की जानकारी न होने पर अक्सर महिलाओं का उत्पीड़न होता है, उन्हे कानून की जानकारी देने के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर एक अधिकार मैत्री की नियुक्ति की जायेगी तथा सावित्री बाई फूले योजना के तहत कामकाजी महिलाओं के लिये हॉस्टल की सुविधा दोगुनी की जायेगी। कांग्रेस नेता ने कहा भाजपा के कार्यकाल में महिलाओं का सबसे ज्यादा उत्पीड़न हुआ है। महिलाओं का आगे आकर ऐसी सरकार चुनना होगा जो उन्हे मान सम्मान और पूरा हक दिला सके।

## प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सामान्य प्रेक्षक सुहर्ष भगत तथा जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 के तहत अब तक की गई तैयारी के संबंध में बिंदुवार अवगत कराया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के 55 अंबेडकर नगर के बारे में प्रेक्षक महोदय को सामान्य जानकारी से अवगत कराया गया। इसके उपरांत प्रभारी अधिकारियों द्वारा दिए गए दायित्व के बारे में की गईकि तैयारियो से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं को बारे में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाए गए कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वीप कार्यक्रम के द्वारा जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किए गए जन जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। इसके उपरांत समस्त उप जिलाधिकारी द्वारा अपने-अपने विधानसभा में की गई तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया साथ ही साथ प्रभारी अधिकारियो मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बंदोबस्त अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य प्रभारी अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारी के संबंध में अवगत कराया गया। समस्त प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि दिए गए दायित्तों को समय के अंतर्गत पूरा करें जिससे 25 मई 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराया जा सके।

# श्रीमद् भागवत में सुनाई कंस वध और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के हिजुरा में चल रहे श्रीमदभागवत कथा के दौरान मंगलवार को कथा वाचक पं.अखिलेश शास्त्री ने कंश बध के साथ ही रुकमणी विवाह के कथा का रसापान कराया। कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री शास्त्री ने बताया कि कंस के अत्याचार से पृथ्वी त्राह त्राह जब करने लगी तब लोग भगवान से गुहार लगाने लगे, तब कृष्ण अवतरित हुए। कंस को यह पता था कि उसका वध श्रीकृष्ण के हाथों ही होना निश्चित है। इसलिए उसने बाल्यावस्था में ही श्रीकृष्ण को अनेक बार मरवाने का प्रयास किया, लेकिन हर प्रयास भगवान के सामने असफल साबित होता रहा। 11 वर्ष की अल्प आयु में कंस ने अपने प्रमुख अकरुर के द्वारा मल्ल युद्ध के बहाने कृष्ण, बलराम को



मथुरा बुलवाकर शक्तिशाली योद्धा और पागल हाथियों से कुचलवाकर मारने का प्रयास किया, लेकिन वह सभी श्रीकृष्ण और बलराम के हाथों मारे गए और अंत में श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध कर मथुरा नगरी को कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिला दी। कंस वध के बाद श्रीकृष्ण ने अपने माता-पिता वसुदेव और देवकी को जहां कारागार से मुक्त कराया, वही कंस के द्वारा अपने पिता उग्रसेन महाराज को भी बंदी बनाकर कारागार में रखा था, उन्हें भी श्रीकृष्ण ने मुक्त कराकर मथुरा के सिंहासन पर बैठाया। अखिलेश शास्त्री ने रुकमणी विवाह के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रुकमणी जिन्हें माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह विदर्भ साम्राज्य की पुत्री थी, जो विष्णु रूपी श्रीकृष्ण से विवाह करने को इच्छुक थी। लेकिन रुकमणी जी के पिता व भाई इससे सहमत नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने रुकमणी के विवाह में जरासंध और शिशुपाल को भी विवाह के लिए आमंत्रित किया था, जैसे ही यह खबर रुकमणी को पता चली तो उन्होंने दूत के माध्यम से अपने दिल की बात श्रीकृष्ण तक पहुंचाई और काफी संघर्ष हुआ युद्ध के बाद अंततः श्री कृष्ण रुकमणी से विवाह करने में सफल रहे। इस दौरान जगलाल जायसवाल, मनोज, दुर्गेश, विपिन, विपुल, विनय, विजय कुमार, बब्बू, यशोदानन्द आदि लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओ के बीच भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया सघन जनसम्पर्क

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव की



सरगर्मी के बीच लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के पक्ष में मतदाताओं से भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है। चिलचिलाती धूप के बावजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए प्रत्याशी के पक्ष में वोट की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा के नेतृत्व में बौद्धिक वर्ग के प्रतिनिधि माने जाने वाले अधिवक्ताओ के बीच पहुंच सघन जनसंपर्क करते हुए पत्रक वितरित किए गए। जलालपुर तहसील स्थित अधिवक्ता शेड में पत्रक वितरित करते हुए नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने कहा कि प्रदेश और देश की सरकार लगातार सर्वजन हित की योजनाओं पर कार्य कर रही है बिना भेदभाव के विकास का पहिया सतत आगे की तरफ दौड़ रहा है। विपक्षी राजनीतिक दल चाहे जितना जोर लगा ले विकास और देश हित के मुद्दों पर उनकी दोमुही सोच सबके सामने है। ऐसे में स्थिर सरकार न केवल विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी बल्कि अब तक किए जा रहे कार्यों को और गति दी जा सकेगी। उन्होंने प्रत्याशी रितेश पांडेय के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर कि मो जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर, विधानसभा लीगल टीम संयोजक सत्य प्रकाश मिश्र, ललित नारायण मिश्र, पूर्व नगर अध्यक्ष मानिकचंद सोनी, डॉ ए के पांडे, विनोद श्रीवास्तव, रोहित मिश्र, नगर महामंत्री विकास निषाद, सभासद आशीष सोनी, अनुज सोनकर, नगर उपाध्याय आनंद जायसवाल, नगर मंत्री सतनाम सिंह, अमित गुप्ता, रोशन सोनकर, अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेमचंद, नीरज त्रिपाठी, मजहर, गजनफर अब्बास आदि मौजूद रहे।

## चुनाव निर्णायक स्थिति में, घोषणा पत्र को जन जन तक पहुचायें: देवेन्द्र

**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी दफ्तर पर जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक अमरेन्द्र मल्ल, लोकसभा कोआर्डिनेटर देवेन्द्र निषाद प्रभारी बृजेश रावत आदि मौजूद रहे। देवेन्द्र निषाद ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कहा चुनाव अब निर्णायक स्थिति में पहुंच चुका है। बूथ तक अपनी पैनी नजर बनाये रखें। मतदाताओं को इण्डिया गठबंधन के घोषणा पत्र में जानकारी साझा करें। घोषणा पत्र कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। इसमें 140 करोड़ देशवासियों का मान सम्मान और उनकी जरूरतों का पूरा ध्यान रखा गया है। सरकार बनते ही युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, व्यापारियों सभी के हित में तैयार न्याय पत्र शीघ्रता से लागू होगा। उन्होने कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे किसी का इंतजार न करें घोषणा पत्र लें, किसी और को साथ ले लें और जनता के बीच जायें।

# वोट बैंक की राजनीति

कनाड़ा में टूडो की अल्पमत सरकार खालिस्तान समर्थकों के सहयोग की वजह से टिकी हुई। खालिस्तान समर्थकों के एक कार्यक्रम के बीच टूडो की उपस्थिति में खालिस्तान समर्थक नोर लगते रहे। ऐसे बैनर प्रदर्शित किये गये जिसमें निज्जर का हत्यारा भारतीय नेताओं को बताया गया। भारत में खासकर पंजाब खालिस्तान गतिविधियां भारत के विरोध में खालिस्तानी राज्य की स्थापना करे लेकर घटनाये जब तब समाचारों में आती रहती है। हालाकि भारत सरकार इन्हें दबाने और दरकिनार करने में सफलतापूर्वक कामयाब है।

राजनय का तकाज़ा है कि कोई देश किसी दूसरे देश की अखन्डता को चैलेन्ज देने वाले प्रयासों और समारोहो को चलने न दे रोक लगाये। टूडो इस प्रकरण में राजनय की धज्जियां उड़ा दी है। ट्रडो के व्योहार की वजह से भारत और कनाड़ा के रिश्ते ऐसे मोड़ पर आ गये है जहां आपसी भरोसा और सहयोग निचले स्तर पर चले गये है कि दोनो के लिये स्पेस गायब दिख रहा है। विदेश मन्त्रालय ने ही कदम उठाते हुये राजनय के सिद्धान्तों के अनुरूप कनाडा के डिप्टी हाई कमिशनर को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ट्रडो के कार्य हमेशा भारत विरोधी होते रहते है। याद होगा पिछले साल टूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने ट्रडो के सबूत मांगा था तो आज तक सबूत नहीं दे पाये। अभिव्यक्ति के आजादी के नाम पर अलगाववादी और अतिवादी संगठनों को बढ़ावा देना दोनो देशों के रिश्तों और कनाड़ा के लिये भी खतरनाक है। टूडो वोट बैंक की खातिर भारत के सलाह और अपील को नजरन्दाज करते आ रहे है। अल्पमत सरकार हमेशा बनी रहे इसकी गारन्टी नही होती है। फिर गलत लोगो से जुडी सरकार का काल तो बड़ा अनिश्चित होता है। टूडो प्रधानमंत्र है तो इस बात से अनभिज्ञ तो नहीं होगे। पर अल्पकालिक लाभ के लिये गलत लोगो के आगे नतमस्तक है।

अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर ऐसे ही सवाल उठे थे। पर इसे राजनीतिक हवा न देकर राजनय के अनुरूप और कूटनीति के अनुरूप सरकार के स्तर पर उठाया गया। भारत ने अमेरिका द्वारा प्रदत्त सबूतों को गम्भीरता से लिया। इसे लेकर एक उच्चस्तीरय जांच हुई। दोनों देशों के सम्बन्धों में खटास नहीं आया क्योकि दोनो तरफ से सही कदम उठाये गये। कनाडा को इससे सीख लेनी चाहिये। राजनय और कूटनीति प्रबुद्धो काम है। खालिस्तान समर्थकों की इस तरह की कारवाई कई देशों में चल रही है। इन देशों को समझना होगा कि लोकतान्त्रिक स्पेस की सीमा कहां तक है। किसी दूसरे देश की समप्रभुता और अखन्डता के विरोध में चल रही आतंकवादी संगठनों और कोशिशे पर रोक लगानी चाहिये। परोक्ष या अपरोक्ष मदद गम्भीर स्थिति पैदा कर देगी। विश्व का माहौल ज़हरीला कर देगे। कनाडा चेते।

## मास्टर साहब! कृपया सरकारी फ़रमान जान लें



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत जिस तेज़ी के साथ विकास कर रहा है, इसकी बुनियाद के मुख्य पहियों में से एक शिक्षा व प्रौद्योगिकी विज्ञान है। यानें हर ज्ञान का बेसिक आधार शिक्षाक्षेत्र है, जहां से हमें बहुत टैलेंटेड वैज्ञानिक इंजीनियर डॉक्टर सहित शिक्षा विदों की एक लंबी चौड़ी फौज मिलती है, जो भारत की शान में जमीन से आसमान तक विकास के झंडे गाड़ने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ती, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण हमने कोविड में कार्यों से लेकर अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव में हमारी पहुंच तक शौर्य को पूरी दुनियां ने देखा और भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए हैं।इसलिए ही हमें आज शिक्षा क्षेत्र को बहुत मजबूत और दूरदर्शी बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है, क्योंकि इसके लिए हम सबसे बड़े टूल नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ ही केंद्रीय व राज्यों के स्तर पर अनेक नियम विनियम कानून हैं जिसका उपयोग कर हम शिक्षा क्षेत्र में हो रहे लीकेजेस को रोकने, कठोर से कठोर नियम कानून बनाने में पीछे नहीं रहना चाहिए। अनेकों बार व्यावसायिक परीक्षाओं के पेपर लीक होने का दंश राजस्थान झेल चुका है, परंतु इस कड़ी में बिहार बंगाल वह उत्तर प्रदेश भी पीछे नहीं रहे है अभी रविवार दिनांक 6 मई 2024 को संपन्न हुई नेट की परीक्षा केपेपर लीक होने की जानकारी भी सोशल मीडिया में आ रही थी परंतु देर शाम इस पर संबंधित विभाग की सफाई आ गई है कि यह अफवाह है पेपर लीक नहीं हुआ है। उधर हम कई बार कोटा राजस्थान में छात्रों की आत्महत्या के मामले सुनते आ रहे हैं तो, कई स्कूलों में छात्रों की गुटबाजी तो कई स्कूलों में शिक्षकों के अपनी मोबाइल में बिजी रहने या फिर मोबाइल से अपने निजी कार्य, शेयर मार्केटिंग,पॉर्न क्लिप तो कुछ शिक्षक अपने साइड बिजनेस अकाउंटिंग, सामाजिक संस्था जैसे कोई ऊंचे कदम सेवा समिति या फिर पंचायती कार्यके मेंबर बनकर कुछ कार्यों में बिजी रहते हैं तो उनका ध्यान बच्चोंकी शिक्षा पर काम,अपने वसामाजिक कार्यों पर अधिक होता है,जिन्हें मोबाइल के सपोर्ट से संपूर्ण किया जाता है। जिसका शायद संज्ञान दिनांक 6 मई 2024 को राजस्थान के शिक्षामंत्री ने लिया और एक कार्यक्रम मेंशीघ्र ही स्कूल में शिक्षकों के मोबाइल आने पर पाबंदी लगाने का नियम लाने की बात कही, तो शाम होते-होते देर शाम कार्यालय सयुंक्त निर्देशक स्कूल शिक्षा कोटा संभाग कोटा राजस्थान ने आदेश भी जारी कर दिया जो,कोई मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कोटा बाराबंकी बूंदी एवं झालवाड़ा को जारी आदेश में कहा गया है कि यदि विद्यालय में कोई शिक्षक या कर्मचारी मोबाइल का उपयोग निजी तौर पर करते हुए पाया गया तो, संबंधित संस्थान प्रधान, संबंधित पीईईओ एवं उस क्षेत्र के संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी उन्हें निलंबन से लेकरबर्खास्त करने तक की कार्रवाई होगी जो मेरा मानना है कि बहुत ही अच्छा व नेक कम है,जिसको राष्ट्रीय स्तरपर हर राज्य ने अनुसरण करना चाहिए। चूंकि राजस्थान शिक्षकों को स्कूली परिसर में मोबाइल अपने पास रखने पर पाबंदी लगाई गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,स्कूल में मोबाइल रखना पूजा व नमाज पढ़ने के नाम पर विद्यालय छोड़ने वाले अध्यापकों पर निलंबन से लेकर बर्खास्त करने तक की कार्यवाही सराहनीय कदम है।

साथियों बात अगर हम शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयासों की करें तो, चूंकि मैं भी गोंदिया राइस सिटी की एक प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान का हाईकोर्ट के आदेश पर चैरिटी कमिश्नर द्वारा बनाया गया मेंबर हूं, मेरा मानना है कि शिक्षा संस्थान में किसी संस्था, पंचायत या किसी बढ़ते सामाजिक सेवा समिति या किसी विशेष संस्था की दखलंदाजी नहीं होनी चाहिए, संस्थान के टीचरों को किसी बढ़ते सामाजिक सेवा समिति का सदस्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि वह सेवा समिति इन टीचरों व हेड मास्टर के कंधों का उपयोग या इस्तेमाल कर शैक्षणिक संस्थान में अपनी पैंठ बढ़ाने अपने विचारधारा चलाने की कोशिश करती है, या फिर कार्यकारिणी में किसे रखना है, किसे नहीं रखना है इसमें दखलअंदाजी करती है। वह अपने मेंबर कार्यकारी में फिट करने की कोशिश पर अपनी चलाती है, इन्हें बच्चों की शिक्षा से कोई लेना देना नहीं होना होता है, इसलिए सबसे पहले मास्टरों हेड मास्टरों को किसी भी बढ़ाते सामाजिक सेवा समिति से इस्तीफा देने का फरमान देना जरूरी है, ताकि वे बच्चों की शिक्षा व गुणवत्ता परपूरा ध्यान दे सके। साथियों बात अगर हम राजस्थान शिक्षा मंत्री के बयान व मंत्रालय के आदेश की करें तो, राज्य के सरकारी स्कूलों के लिए सख्त कदम उठाए हैं,उन्होंने स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगाया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंतत- लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। बेशक 8 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और गृह मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सब कुछ फर्जी था, अफवाह थी, लेकिन 2 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। दिल्ली में आतंकी हमले होते रहे हैं, बेशक मोदी सरकार में वे नगण्य हो गए हैं।

# स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी गंभीर मामला



राजेश माहेश्वरी

स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला तो थमने का नाम नहीं ले रहा है, दिन पर दिन स्कूल को बम से उड़ाने के मेल लगातार आ रहे हैं, लेकिन अभी तक ये नहीं पता लग पाया है कि आखिर ये मेल कौन कर रहा है, बच्चे अभी-अभी भी डरे हुए है सहमे हुए हैं। अभिभावकों के अंदर भी उतना ही डर है, लेकिन ये डर सिर्फ अब दिल्ली-यूपी के स्कूल के बच्चे के अंदर ही नहीं अब ये डर गुजरात के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अंदर भी आ गया है। बीती 6 मई को अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी की खबर सार्वजनिक होते ही विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। इस धमकी पर गंभीरता से पुलिस-प्रशासन ने जांच की और स्कूलों को खाली करा कर स्कूलों की तलाशी ली गई। हालांकि यह धमकी केवल अफवाह मात्र निकली। हालांकि इस बाबत भी पुलिस की जांच जारी है।

देश के कई राज्यों के स्कूलों और एयरपोर्ट्स को बम से उड़ाने की धमकी लगातार मिल रही है। जगह-जगह पुलिस की तैनाती है और राज्यों को हाईअलर्ट पर रखा गया है। स्कूलों को मिल रही धमकियों के कारण बच्चों के अभिभावक भी डरे हुए हैं। स्कूल प्रशासन भी अलर्ट पर हैं। इससे पहले भी कई अस्पतालों और पटना के राजभवन को भी बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अहमदाबाद की तरह ही पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-नोएडा के 222 स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी ने एकबारगी माहौल में सनसनी और डर फैल गया था। सूचना मिलते ही अभिभावक घर से भागे, दफ्तर का काम छोड़ा और स्कूलों की तरफ बदहवास दौड़े, ताकि अपने बच्चों को सकुशल घर वापस ला सकें। सडकों पर सायरन बज रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाडियां भी भाग रही थीं। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्तों, श्वान दस्तों और अन्य जांच इकाइयों ने अपने-अपने मोर्चे संभाल लिए थे। दिन की शुरुआत किसी बड़े हादसे की संभावनाओं के साथ हुई थी।

धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि ई-मेल जिस आइडी से भेजा गया था उसका कनेक्शन भारत से नहीं था. इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली पुलिस ने रशियन मेलिंग सर्विस कंपनी मेल डॉट आर यू से संपर्क किया और इंटरपोल के जरिए धमकी भेजने वाले ई-मेल की जानकारी मांगी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने सीबीआई से भी मदद मांगी है। दिल्ली में स्कूलों को जिस ई-मेल के जरिए धमकी दी गई थी, उसने वीपीएन का सहारा लिया था।

वीपीएन यानी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए धमकी देने वाला शख्स अपनी पहचान छिपाना चाहता था। हालांकि पुलिस लगातार उसका पता लगाने की कोशिश में जुटी हुई है। अब अहमदाबाद के स्कूलों को धमकी देने का भी विदेशी कनेक्शन निकल रहा है. हालांकि अभी तक ये साफ नहीं हुआ है कि गुजरात के स्कूलों



को कहां से धमकी दी गई है और क्या इसका भी रूस से ही कोई कनेक्शन निकल रहा है? साजिशकार कहीं बैठकर भी ये मेल भेज सकते थे। रूस में होना जरूरी नहीं है। रूस भारत के खिलाफ किसी 'हत्यारी साजिश' में शामिल क्यों होगा? क्या यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है?

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंतत- लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। बेशक 8 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस और गृह मंत्रालय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सब कुछ फर्जी था, अफवाह थी, लेकिन 2 लाख से अधिक स्कूली बच्चों की सुरक्षा दांव पर है। दिल्ली में आतंकी हमले होते रहे हैं, बेशक मोदी सरकार में वे नगण्य हो गए हैं। ऐसी अफवाहें भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीमापार पुलिस को भी सक्रिय होने की जरूरत है। बीती 26 अप्रैल को सुरक्षा एजेंसियों को ईमेल मिला था कि देश के चार अलग-अलग हवाई अड्डों पर बम रखे गए हैं। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसके बाद हडकंप मच गया। हवाई अड्डे के अधिकारिक फीडबैक आईडी पर दोपहर में धमकी का ईमेल आया था। इसके बाद हवाई अड्डे के सुरक्षाकर्मियों और बम निरोधक दस्ते ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम भी मौके पर पहुंची। ईमेल में कहा गया था कि हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार पर बम रखा गया है। मेल में लिखा था कि मैं बेंगलुरु में बैठा हूं पकड़ सको तो पकड़ लो। उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीने में इस तरह की यह तीसरी धमकी है। जानकारी मिलते ही हवाईअड्डों की गहन जांच की गई और बाद में ये धमकी अफवाह निकली।

अहमदाबाद और दिल्ली-एनसीआर में जो कुछ भी हुआ है, वह धडकनें रोक देने वाला प्रकरण है। एक तरफ मौत की धमकी थी, तो दूसरी ओर गृह मंत्रालय और पुलिस दहशत में न आने की बात कह रहे थे। शुक्र है कि मेल फर्जी, अफवाहपूर्ण साबित हुई, लेकिन बड़ी त्रासदी भी हो सकती थी। इन स्कूलों में 2 लाख से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, अध्यापक और कर्मचारी भी हैं। यदि वाकई बम रखे होते और वे विस्फोट कर जाते, तो कल्पना करते हुए भी मन सिहरने लगता

स्कूलों को जो ईमेल भेजे गए हैं। उसमें नफरती भाषा का इस्तेमाल किया गया। ईमेल में लिखा है कि हमारे हाथों में जो लोहा है। वह हमारे दिलों को गले लगाता है। इंशाअल्लाह, हम इन्हें हवा में उड़ा कर तुम्हारे शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर देंगे। तुम्हारे घिनौने शरीरों को चीर देंगे। हम तुम्हारी गर्दन और चेहरे को फाड़ देंगे। अल्लाह की मर्जी हुई तो हम तुम्हें आग की लपटों में डाल देंगे। जिससे तुम्हारा दम घुट जाएगा। काफिरों के लिए जहन्नुम में अलग आग है। काफिरों... इंशाअल्लाह, तुम इसी आग में हमेशा के लिए जल जाओगे। लिहाजा साफ संकेत है कि किस जमात ने वह मेल भेजी होगी! वहीं, जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि ये ईमेल कहां से भेजे गए हैं। प्राथमिक जांच में जानकारी सामने आई है कि धमकी का ईमेल रूस से आया है। इन ई-मेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकार का चेहरा चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है, क्योंकि ई-मेल भेजने के बाद अकाउंट ही समाप्त कर दिया गया है। साजिशकार एक से दूसरे देश में चले गए होंगे! सीमापार जांचों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को साझा करने की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था ही लगभग गायब है। यह सभी देशों के लिए गंभीर चुनौती है। पाकिस्तान में फर्जी सिलसिलों के बाद अचानक पेशावर के स्कूल पर आतंकी हमला किया गया था, जिसमें करीब 140 मासूम छात्र मारे गए थे। पाकिस्तान को तो हम आतंकवाद की पनाहगाह मान सकते हैं, लिहाजा ऐसे हमले की कल्पना भी कर सकते हैं, लेकिन हमारे कोलकाता के करीब 200 सरकारी और निजी स्कूलों को इसी अप्रैल में ही, ई-मेल के जरिए, बम-विस्फोट की धमकी दी गई थी। 1 दिसंबर, 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों में बम की अफवाह फैलाई गई थी। फरवरी, 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को ऐसी ही धमकी भेजी गई थी।

# भारत तिब्बत के आजादी आंदोलन का समर्थन करे

दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है.। चीन के टेंशन इस बात की है कि अब भारत चीन सीमा के साथ चीन-फिलीपींस सीमा पर भी ब्रह्मोस तैनात होगा। अब तो चीन के एक और दुश्मन और पड़ोसी वियतनाम ने भी ब्रह्मोस में दिलचस्पी दिखाई है, जो चीन के लिए खतरे की घंटी है।



अशोक मधुप

चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है।दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नही करेगा। उन पर दबाव ड्डधौंस नही दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुंसपैंठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है। बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुंसकर मार रहा है । परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की हैं और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी हैं,तबसे चीन दहशत में हैं। चीन ब्रह्मोस का काट नही निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रहमोस को नही रोक सकते।

ब्रह्मोस की काट निकालने के लिए चीन फिलीपींस को डराने के की कोशिश में जुटा है। चीन ने फिलीपींस के बेहद करीब अपने ड्रोन को भेजा है ताकि फिलीपींस डर जाए। लेकिन चीन का ये कदम बताता है कि असली डर फिलीपींस को नहीं बल्कि चीन को है क्योंकि अब साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। भारत पहले ही चीन के शत्रु देश वियतनाम की पीपुल्स नेवी को अपना अधुनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण कर चुका है। इस युद्ध पोत पर आधुनिक मिजाइल तैनात हैं। दरअस्ल अब तक चीन भारत को घेरने में लगा था।वह भारत के दुश्मन देशों को आधुनिक अस्त्र- शस्त्र की आपूर्ति करने में लगा था। अब ऐसा उसके साथ हो रहा है तो वह परेशान है।चीन भारत में अशांति फैलाने वाले नक्सलाइड, मिजों एव अन्य आंतकियों को आधुनिक शस्त्रों की आपूर्ति करता रहा है।सूचनाएं रही हैं कि उन्हे प्रशिक्षणा भी दे रहा है।ऐसे में समय की मांग है कि भारत अब चीन के विरूद्ध चल रहे तिब्बत के पूर्ण स्वतंत्रता के आंदोलन का खुलकर समर्थन करें। जरूरत पड़ने पर तिब्बती के आजादी के आंदोलन के लड़ाकों को शस्त्र के साथ प्रशिक्षण भी दे।

भारत की नही चीन के रवैये से दुनिया के लगभग सभी देश परेशान हैं।इसी कारण फिलीपींस और अमेरिकी सेना का साझा युद्धाभ्यास हाल में शुरू हुआ। इस मिलिट्री ड्रील में जापान की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं। 16000 हजार सैनिक साझा युद्धभ्यास में शामिल हैं। सबसे बड़ी बात कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के सैनिक भी कुछ दिन में इस ज्वाइंट एक्सरसाइज से रहेंगे। मतलब पांच देश चीन को घेरने के लिए एक साथ होंगे। इस ड्रील में समुद्री और हवाई हमलों का अभ्यास किया जाएगा। भारत के ब्रह्मोस देने के बाद से चीन परेशान है। अभी तो ब्रह्मोस्त्र तैनात भी नही हुई होंगी कि चीन परेशान है। वह फिलीपींस पर द्रोण उड़ाकर उसे धमका



रहा है।सवाल है कि क्या ड्रोन के जरिए चीन ब्रह्मोस के बारे में जानकारी जुटाना चाहता है। सवाल तो ये भी है कि क्या चीन उस ठिकाने का पता लगाना चाहता है, जहां फिलीपींस ब्रह्मोस को तैनात करेगी। चीन ने ड्रोन के अलावा समंदर में मिलिट्री ड्रील के जरिए भी फिलीपींस को आंख दिखाने की कोशिश की है। चीन की नौसेना ने साउथ चाइना सी में लड़ाकू विमानों और युद्धपोत से मिसाइलें दागकर फिलीपींस को डराने की कोशिश की।

दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है.। चीन के टेंशन इस बात की है कि अब भारत चीन सीमा के साथ चीन-फिलीपींस सीमा पर भी ब्रह्मोस तैनात होगा। अब तो चीन के एक और दुश्मन और पड़ोसी वियतनाम ने भी ब्रह्मोस में दिलचस्पी दिखाई है, जो चीन के लिए खतरे की घंटी है। फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है. फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन के करीब जापान पर भी अमेरिका का बेस है। ऑस्ट्रेलिया - सिंगापुर में अमेरिका ने अपना बेस बना रखा है। थाईलैंड और साउथ कोरिया में अमेरिकी सेनाएं तैनात हैं। चीन के करीब गुआम में भी अमेरिका का बेस है। इन जगहों से वक्त पड़ने पर कभी भी अमेरिका चीन पर हमला कर सकता है। चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। चीनी सेना के प्रवक्ता ने फिलीपीन्स को ब्रह्मोस देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग में इस बात का ख्याल रखा जाए कि इससे किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा कि 'चीन हमेशा मानता है कि दो देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से किसी तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरा नहीं होना चाहिए।कर्नल वू कियान ने कहा कि एशिया-प्रशांत में अमेरिका की ओर से बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती का हम कड़ा विरोध करते हैं। अमेरिका का यह कदम क्षेत्रीय देशों की सुरक्षा को गंभीर रूप से खतरे में डालते हुए क्षेत्रीय शांति को खतरा पैदा करता है।

आज चीन को याद आ रहा है कि दो देशों के रक्षा सहयोग से तीसरे को नुकसान नही पहुंचना चाहिए, किंतु जब वह खुद ऐसा करता है, ता उसे कुछ याद नही आता। लंबे सयम से वह पाकिस्तान को अधुनिकतम युद्धक शस्त्र देने में लगा हुआ है। वह नही जानता कि पाकिस्तान इन शस्त्रों का प्रयोग कियादेश के विरूद्ध करेगा।वह अच्छी तरह से जानता और समझता है। किंतु अपनो हित में उसे कुछ याह नही आता। अब उसके दुशमन देश भारत, अमेरिका और फ्रांस आदि ऐसा ही कर रहे हैं तो उसे याद आ रहा है तीसरे राष्ट्र को नुकसान न पहुंचे।

भारत फिलीपीन्स को ही ब्रहमोस मिजाइल नही दे रहा। वियतनाम भी इस मिजाइल को खरीदने में रूचि दिखा रहा है।यह तै है कि वियतनाम भी खरीदता है तो भारत उसे ब्रह्मोस देगा। प्रथम वरीयता पर देगा। भारत अपना आधुनिकतम युद्धपोत खुखरी वियतनाम को पहले ही उपहार में दे चुका है। ये आधुनिक युद्धास्त्रों से सज्जित युद्धपोत है।भारत की ये कार्रवाई दक्षिण चीन सागर में चीन के बढ़ते आक्रामक रवैये को लेकर चिंताओं के बीच यह भारत और वियतनाम में बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को दर्शाता है। अधिकारियों ने कहा भी कि भारत ने पहली बार किसी मित्रवत देश को कोई सेवारत पोत उपहार में दिया है।भारतीय नौसेना ने कहा कि पोत पूरी ''हथियार प्रणाली'' के साथ वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंपा गया है। आईएनएस कृपाण, 1991 में सेवा में शामिल किए के बाद से भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक अभिन्न अंग रहा और पिछले 32 वर्षों में कई ऑपरेशन में भाग लिया। लगभग 12 अधिकारियों और 100 नाविकों द्वारा संचालित, जहाज 90 मीटर लंबा और 10.45 मीटर चौड़ा है। भारत जैसे का तैसा की नीति पर चल चुका है। अब वह कमजोर भी नही है। दुश्तन से आंख में आंख डालकर बात कर रहा है। ऐसे में अब चीन में घाव पर पूरी ताकत से हथौड़ा मारने का समय आ गया। चीन की बड़ी कमजारी है तिब्बत।

# पर्याप्त सुविधाओं के अभाव से प्रभावित होती बालिका शिक्षा

बालिका शिक्षा की चिंताजनक स्थिति के बारे में 35 वर्षीय अब्बास बताते हैं कि गांव में केवल 8वीं तक ही स्कूल है। इससे आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए लड़कियों को 10 किमी दूर अन्य गांव में जाना पड़ेगा। लेकिन आवागमन की सुविधाओं का अभाव, लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ का डर और बालिका शिक्षा के प्रति समाज की सीमित सोच के कारण अभिभावक लड़कियों को इतनी दूर भेजने से इंकार कर देते हैं। जिससे चाह कर भी कोई लड़की 9वीं या 10वीं की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है।



आशा नारंग

हाल ही में आईसीएसई समेत विभिन्न राज्यों के दसवीं और बारहवीं के परिणाम घोषित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने उम्मीद से कहीं अधिक बढ़कर प्रदर्शन किया है। यह आंकड़े बताते हैं कि यदि अवसर और सुविधाएं प्रदान किये जाएं तो लड़कियां भी किसी भी परिणाम को अपने पक्ष में करने की भरपूर सलाहियत रखती हैं। दरअसल आज़ादी के बाद हमारे देश में चाहे केंद्र की सरकार हो, या राज्य की सरकारें, सभी ने जिन बुनियादी सुविधाओं के विकास पर सबसे अधिक फोकस किया उसमें शिक्षा भी एक अहम विषय था। शहर से लेकर गांव और अमीर से लेकर गरीब तक के सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए कई स्तर पर योजनाएं तैयार की गई। बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच को आसान बनाने पर ज़ोर दिया गया, गरीब के बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आये इसके लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की गई, किताब-कॉपियां और स्कूल ड्रेस मुफ्त उपलब्ध कराये जाने लगे।

सरकार की इस पहल का बहुत सकारात्मक परिणाम भी नज़र आने लगा। आज़ादी के बाद 1951 की पहली जनगणना में जहां देश में साक्षरता की कुल दर महज़ 18.33 प्रतिशत थी वहीं 60 वर्षों बाद 2011 में यह बढ़कर 74 प्रतिशत से अधिक हो गई। लेकिन इस सुखद आंकड़ों के साथ सिक्के का एक दूसरा पहलू यह है कि अभी भी किशोरियों विशेषकर दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों के सामने शिक्षा प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती है। अभी भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां महिलाओं की साक्षरता दर बेहद कम है। जहां मुश्किल से लड़कियां 12वीं तक भी शिक्षा प्राप्त कर पाती हैं। ऐसा ही एक गांव राजस्थान के अलवर जिला स्थित शादीपुर है। जहां आज भी महिलाओं में साक्षरता की दर दहाई के आंकड़े को भी पार नहीं कर सका है। इस गांव में बालिका शिक्षा के प्रति जहां समाज में उदासीनता है वहीं शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की योजनाएं भी दम तोड़ती नज़र आती है। अलवर जिला से करीब 67 किमी और तिजारा तहसील से लगभग 20 किमी की दूरी पर आबाद इस गांव की जनसंख्या 300 के आसपास है। इसमें महिलाओं की जनसंख्या करीब 48 प्रतिशत है। मुस्लिम बहुल इस गांव में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल साक्षरता की दर 18 प्रतिशत से भी कम है। पुरुषों में जहां साक्षरता की दर करीब 30 प्रतिशत है वहीं महिलाओं में यहां साक्षरता की दर पांच प्रतिशत से भी कम है। जो न केवल चिंता का विषय है बल्कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाले हमारे आंकड़ों पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है। इतना ही नहीं गांव में न तो कोई पंचायत घर है, न आंगनबाड़ी और न ही सार्वजानिक शौचालय की कोई सुविधा उपलब्ध है। गांव वालों के रोज़गार का मुख्य साधन



पशुपालन, दैनिक मज़दूरी, थ्रेसर मशीन चलाना, ट्रक ड्राइवर का काम करना और कुछ परिवार की अपनी ज़मीन है जिस पर वह खेती करते हैं। महिलाएं घर के काम के साथ साथ खेती के काम में भी पुरुषों का हाथ बटाती हैं। गांव में पक्की सड़क का अभाव होने के कारण आवागमन की सुविधा भी सुलभ नहीं है।

गांव में बालिका शिक्षा की चिंताजनक स्थिति के बारे में 35 वर्षीय अब्बास बताते हैं कि गांव में केवल 8वीं तक ही स्कूल है। इससे आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए लड़कियों को 10 किमी दूर अन्य गांव में जाना पड़ेगा। लेकिन आवागमन की सुविधाओं का अभाव, लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ का डर और बालिका शिक्षा के प्रति समाज की सीमित सोच के कारण अभिभावक लड़कियों को इतनी दूर भेजने से इंकार कर देते हैं। जिससे चाह कर भी कोई लड़की 9वीं या 10वीं की शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है। वह बताते हैं कि गांव में 8वीं तक जो सरकारी विद्यालय संचालित हैं उनमें भी सुविधाओं का घोर अभाव है। प्रधानाध्यापक सहित केवल 4 शिक्षकों के भरोसे यह पूरा स्कूल चल रहा है। इसके अतिरिक्त स्कूल में न तो पीने के साफ़ पानी की व्यवस्था है और न ही छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय की उचित व्यवस्था है। नाम नहीं बताने की शर्त पर एक छात्रा की मां बताती है कि उनकी बेटी कई बार स्कूल में सुविधाओं की कमी की शिकायत कर चुकी है। लेकिन वह आर्थिक रूप से इतनी सशक्त नहीं हैं कि अपनी बेटी का एडमिशन गांव से बाहर या किसी निजी शिक्षण संस्थान में करा सकें। वह बताती है कि स्कूल में कोई महिला शिक्षिका के नहीं होने से लड़कियों को अक्सर माहवारी के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसीलिए माहवारी के दिनों में गाँव की लड़कियां स्कूल जाना बंद कर देती हैं। जिससे वह धीरे धीरे शिक्षा में पिछड़ती चली जाती हैं। 8वीं के बाद की शिक्षा के लिए दूसरे गाँव जाने के प्रश्न पर एक अन्य महिला कहती हैं कि हमें अपनी लड़कियों की सुरक्षा की चिंता होती है। ज़माना ठीक नहीं है। यदि किसी लड़की के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ की घटना हो जाए तो न केवल उस लड़की की बल्कि उसके पूरे खानदान की इज्जत चली जाएगी। इसलिए कोई भी अभिभावक 8वीं के बाद इतनी दूर अपनी लड़की को स्कूल भेजने के लिए कभी तैयार नहीं होते हैं। सामाजिक कार्यकर्त्ता और मेवात शिक्षा पंचायत के सदस्य ज़फ़र कहते हैं कि जब गाँव में शिक्षा का कोई माहौल ही नहीं है तो बालिका शिक्षा की बात बहुत दूर है। गाँव में आज तक केवल एक लड़के को सरकारी नौकरी लगी है। किसी लड़की को जब ग्रेजुएशन तक पढ़ाया ही नहीं जाएगा तो उसके सरकारी नौकरी में होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? वह कहते हैं कि हालांकि पहले की तुलना में अब गांव में शिक्षा के प्रति थोड़ी बहुत जागरूकता भी बढ़ी है। लोग अपने बच्चों को पढ़ाना भी चाहते हैं लेकिन बालिका शिक्षा के प्रति अभी भी बहुत जागरूकता की आवश्यकता है। यदि गांव में ही 10वीं या 12वीं तक स्कूल खुल जाए तो शायद किशोरियों के लिए भी उच्च शिक्षा तक पहुंच बनाना आसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि अलवर मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान जैसी कुछ एनजीओ ने इस दिशा में पहल की है। जिन्होंने अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से गांव में किशोरी बालिकाओं के शिक्षण केंद्र (एजीएलसी) की शुरुआत की है। इसमें 11 से 18 वर्ष की न केवल उन बालिकाओं को पढ़ाया जाता है जिनकी 8वीं के बाद पढ़ाई छूट गई थी, बल्कि उन बालिकाओं को भी शिक्षित किया जा रहा है जो किसी कारणवश कभी स्कूल भी नहीं गई हैं। इस संस्था के माध्यम से 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को राजस्थान ओपन स्कूल से 10वीं और 12वीं की परीक्षा में भी सम्मिलित होने में मदद की जा रही है। संस्था के इस प्रयास का परिणाम है कि साइमा नाम की लड़की इस गाँव की पहली लड़की बनी है जिसने 10वीं की परीक्षा दी है।

# भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे : अमित शाह

अवधनामा संवाददाता



■ अमित शाह बोले- दो शहजादे सत्ता में आ गए तो राम मंदिर में लगवा दंगे बाबरी ताला, कहा- राहुल की सही जगह इटली

**हरदोई।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान का एजेंडा आगे बढ़ाते हैं, इसीलिए पाकिस्तान राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर दो शहजादे सत्ता में आ गए तो अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बाबरी ताला लगवा देंगे। भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया दिखाते हुए अमित शाह ने कहा कि अखिलेश और राहुल को समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। उन्होंने राहुल गांधी की सही जगह वायनाड और रायबरेली नहीं, बल्कि इटली बताई। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना को महान बताने वाले लोगों को इतिहास पढ़ना चाहिए।

शहर के लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि सपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस व इनके समर्थक 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। यह इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन है। झारखंड के एक मंत्री के नौकर के यहां 20 करोड़ रूपये, ममता के मंत्री और कांग्रेस के सांसद के यहां से बड़े पैमाने पर नकदी बरामद होने का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 23 साल मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहे, लेकिन 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उन पर नहीं है।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के राज में आलिया, मालिया, जमालिया (आतंकवादी) घुसपैठ करते थे, लेकिन मोदी के जमाने में भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता है और घर में घुसकर मारता है। राहुल गांधी कहते हैं कि 370 वापस लाएंगे। ट्रिपल तलाक भी वापस लाएंगे। गलती से भी यह शहजादे वापस आए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगाने का काम करेंगे। यह लोग आतंकवादियों को क्लीन चिट देने वाले लोग हैं। एक बार पहले भी दोनों शहजादे इकट्ठा हुए थे, लेकिन जनता ने सूपड़ा साफ कर दिया था।

उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल, राहुल गांधी और उनकी बहन को निमंत्रण भेजा था, लेकिन वोट बैंक के नाराज हो जाने के डर से यह लोग अयोध्या नहीं आए। उन्होंने कहा कि हम नहीं डरते। अयोध्या में राम मंदिर बना है काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बन गया है, और सोमनाथ मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों का कल्याण करने का काम किया है।

वहीं विपक्षियों ने मुख्यमंत्री के पद भी अपने ही परिवार में बांटे हैं। सपा को बाहर लड़ने की जरूरत ही नहीं है। हरदोई में तो उनकी बैठकों में आपस में ही झगड़ा हो जाता है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया।

### अटल जी को किया याद

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अपने कॅरिअर के शुरूआती दिनों में हरदोई की संडीला तहसील में आरएसएस के प्रचारक रहे थे। पूरे जनपद में उन्होंने संघ को मजबूती दी थी। अमित शाह ने बुधवार को अपने संबोधन की शुरूआत में ही हरदोई का अटल जी के कार्यक्षेत्र रहने का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने जनसंघ को आजादी के बाद दूसरे ही चुनाव में हरदोई से जीत मिलने का उल्लेख भी किया। अमित शाह ने कहा कि हरदोई नारायण की धरती है। यहां नरसिंह और वामन अवतार हुए हैं। प्राचीन बूढ़े बाबा मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर, श्रवण देवी शक्तिपीठ, धोबिया आश्रम और मदारी पासी की भूमि हरदोई का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपनी बात रखी।

# सपा मुखिया के घर की अन्तर्कलह किसी से छिपी नहीं : बृजलाल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय पर राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने बुधवार को प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रहा है। आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। उन्हें हर तरफ बुरी तरह अपनी पराजय दिख रही है। हाल यह है कि कोई प्रदेश अध्यक्ष बदल रहा है तो कोई कोआर्डिनेटर बदल रहा है। उन्होंने कहा कि सुना है कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष बीच चुनाव केवल इसलिए बदल दिये गये कि वे चुनाव लड़ रहे थे। इस लिहाज से तो राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी बदल दिया जाना चाहिए। इंडी गठबंधन के नेता चुनाव में ही आपसी हिसाब-किताब निपटा रहे हैं। सपा मुखिया के घर की अन्तर्कलह किसी से छिपी नहीं है।

श्री बृजलाल ने कहा कि इंडी अलायंस के नेताओं ने पहले चुनाव को मजहबी रंग देने का काम किया। अब वे जाति और रंग के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। जनता इनके मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख को दलित याद आ रहे हैं जबकी उनके गठबंधन के नेता ओबीसी और दलितों के आरक्षण में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की पैरोकारी कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने तो इसके समर्थन में बयान दिया, कांग्रेस ने कर्नाटक में क्या किया किसी से छुपा नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछड़े और दलितों पर अत्याचार करने वाले अखिलेश यादव के कार्यकाल को प्रदेशवासी भूले नहीं हैं। 2014 में तो खुद अनुसूचित जाति आयोग ने ही सपा सरकार को फटकार लगाई थी कि उसने दलित बहुल क्षेत्रों में खर्च किए जाने वाले 14 हजार करोड़ रूपये दूसरे कामों में खर्च कर दिये। उत्तर प्रदेश में 2014 में ही बड़ी संख्या में दलित उत्पीड़न के मुकदमें कोर्ट के आदेश पर लिखे गये। सपा सरकार में मतलब पुलिस थानों में भी दलितों ने अत्याचार झेले।

# शत-प्रतिशत मतदान कर, लोकतंत्र को मजबूत करें

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया ने लोकसभा 2024 के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए युवाओं, महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के बीच बैठक, रैली, हस्ताक्षर सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक अभियान चलाने का काम किया जा रहा है। आज इस अभियान की शुरुआत आशियाना के सेक्टर एम में जागरूकता कार्यक्रम के साथ किया गया और संस्था के सभी सदस्य और वालेंटियर आशियाना और सरोजिनीनगर के क्षेत्रों में बैठक किये और हाथों में प्लेकार्ड लेकर रैली निकाल लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

इनिशिएटिव फाउण्डेशन का यह जागरूकता अभियान चुनाव प्रचार बंद होने तक लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर संस्था की सदस्य शालिनी ने कहा कि महिलाएं और बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं,और वे भी जागरूक होकर मतदान में भी पीछे नहीं रहेंगी। हम सभी को चाहिए कि अपने घर परिवार सहित आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

संस्था के युवा वालेंटियर प्रवीन ने कहा कि मतदान के लिए युवाओं को जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वह घर-घर जाकर सभी को सही पहले मतदान फिर दूसरे काम के लिए प्रेरित करे। जागरूकता अभियान में नेहा, संध्या, सरिता, प्रवीन, सुरेश, नवीन सहित दर्जनों साथियों ने जागरूकता का संदेश दिया, इस दौरान जागरूकता अभियान में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# पूरे गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी में ईडी, शुरू की पड़ताल

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर आउट होने के मामले की जांच शुरू करने के बाद ईडी की नजरें आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले पर भी हैं। दरअसल, दोनों परीक्षाओं का पेपर आउट कराने में प्रयागराज निवासी राजीव नयन मिश्रा शामिल था, जिसके गिरोह के बाकी सदस्यों ने आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक कराया था। सूत्रों के अनुसार ईडी जल्द ही आरओ/एआरओ परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले की जांच भी शुरू कर सकती है।

प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक करने वाले गिरोहों के खिलाफ ईडी, लखनऊ ने पहली बार जांच करने का फैसला लिया है। सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के संबंध कई प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारियों तक से होने की पुष्टि हो चुकी है। इस गिरोह ने कई बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर आउट कराए हैं, जिसमें नीट, एम्स, नर्सिंग परीक्षा आदि शामिल है।

# प्रदेश में सबसे गर्म रहा आगरा

## तापमान पहुंचा 44.4 डिग्री, दो दिन राहत के आसार नहीं

अवधनामा संवाददाता



**आगरा।** उत्तर प्रदेश का आगरा जिले में इस मौसम का सबसे गर्म दिन मंगलवार रहा। पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच जाने से आगरा गर्म जिलों में प्रदेश में पहले पायदान पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा। 44.2 डिग्री सेल्सियस के साथ मथुरा-वृंदावन दूसरे और 44.1 डिग्री सेल्सियस के साथ झांसी तीसरे नंबर पर रहा।

मई के पहले सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखा दिया है। इससे पहले 5 मई को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। मंगलवार को पारे ने उस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। यह 44.4 डिग्री सेल्सियस के साथ पूरे प्रदेश में पहले नंबर पर रहा।

न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को सुबह 8 बजे से ही गर्मी ने अपना भीषण अंदाज दिखाना शुरू कर दिया था। 12 बजे से पहले ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका था।

इसके बाद दोपहर 2 बजे के करीब यह 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाम 5 बजे के आसपास हल्के बादल छाने से अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट आई। गर्मी के कारण मतदान के लिए जाने वाले लोग भी परेशान दिखाई दिए। सूरज की किरणें गर्मी और गर्म हवा लोगों को परेशान करती रहीं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार 8 और 9 मई को तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद बादल और हल्की बारिश से अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

# डॉ. सान्या जैन को रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस में मिले दो अवार्ड

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, बरेली- एसआरएमएस के रेडियोडाग्नोस्टिक विभाग की ओर से इंडियन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग एसोसिएशन- आईआरआईए के बरेली संभाग के तत्वावधान में आयोजित एसआरएमएस एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस-2024 में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रेडियोलॉजी विभाग की पीजी रेजिडेंस-एमडी इन रेडियोडायग्नोसिस सेकेंड ईयर की डॉ. सान्या जैन और डॉ. ऐश्वर्या पांडेय ने क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भी टीएमयू की डॉ. सान्या जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दो दिनी कॉन्फ्रेंस में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर प्रोफेसर प्रो. राजुल रस्तोगी बतौर सेशन चेयर एवम् ओरल रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन के निर्णायक मंडल में मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस में क्विज प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें सुभारती मेडिकल कॉलेज, मेरठ की टीम प्रथम रही। एसआरएमएस, बरेली की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

डॉ. सान्या जैन ने अल्ट्रासोनोग्राफिक एंड सीटी कोरिलेशन ऑफ ऑप्टिक नर्व शीथ डायमीटर इन हेड इंजरी पेशेंट्स पर अपना रिसर्च पेपर पढ़ा। डॉ. सान्या ने अपने पेपर में बताया, हेड इंजरी के ऐसे पेशेंट जिसका सीटी स्कैन करना संभव नहीं है, उनके माइंड के प्रेशर को अल्ट्रासाउंड के जरिए भी पता किया जा सकता है।

# सीएमएस की अनूठी शिक्षा पद्धति से रूबरू हुईं मातायें



अवधनामा संवाददाता

■ सीएमएस राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस में 'मदर्स डे समारोह' का भव्य आयोजन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा 'मदर्स डे समारोह' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के सजे-धजे प्रांगण में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्रों की माताओं ने भागीदारी कर सी.एम.एस. अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की जानकारी प्राप्त की। इस भव्य समारोह ने भावी पीढ़ी को समाज का आदर्श नागरिक बनाने में माताओं की महती भूमिका को उजागर किया, साथ ही छात्र-छात्राओं को अपनी माताओं के प्रति अपना प्यार व कृतज्ञता व्यक्त करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर छात्रों की माताओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहाँ एक ओर, रंगोली प्रतियोगिता में माताओं ने बड़े उत्साह से कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर फैमिली कोलाज प्रतियोगिता में परिवार के महत्व को दर्शाया। इसी प्रकार, मदर्स टैलेन्ट शो, क्रिएटिव लंचबाक्स प्रतियोगिता आदि में भी माताओं की बहुमुखी प्रतिभा देखते ही बनती थी।

समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना व विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने माताओं का आभार व्यक्त करते हुए एक से बढ़कर शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का समाँ बाँधकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहाँ एक ओर, विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा अविशा तिवारी ने माताओं को समर्पित अपनी मार्मिक कविता के माध्यम से माता और बच्चों के बीच के गहरे रिश्ते को प्रकट किया तो वहीं दूसरी ओर, प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपनी बाल सुलभ प्रतिभा व मनमोहक संगीत प्रस्तुति से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# जनता भाजपा की हर चाल समझ चुकी है : कांग्रेस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव गुरुदीप सप्पल ने कहा है कि तीन चरणों के चुनाव में साफ हो गया है कि जनता भाजपा की हर चाल समझ गई है। भाजपा का अच्छे दिन का नारा महंगाई में बदल गया। भाजपा जम्मू में उम्मीदवार नहीं उतार पा रही है।

प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले कहा था कि बेटी बचाओ, अब कहानी मणिपुर तक पहुंच गई है। शहरों में सांस लेना मुश्किल हो गया है। सफाई प्रदूषण चरम पर है। टैक्स अब आतंक का रूप बन गया है। मोदी ने बुलेट ट्रेन का सपना दिखाया अब उससे चलाना दूभर हो गया है। सब्सिडी खत्म कर दी गई है। हर मोर्चे पर भाजपा सरकार फेल है। देश पर कर्ज चार गुना हो गया है। 2014 से 24 में कुल कर्ज बढ़कर 205 लाख करोड़ हो गया है।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में लोगों की रुचि बढ़ी है लेकिन मोदी खुद अपने भाषण में भाजपा के मेनिफेस्टो की बात नहीं कर रहे हैं। देश का उत्पादन घट रहा है इसलिए बेरोजगारी चरम पर है। ये बेरोजगार भाजपा का बोरिया बिस्तर बांध देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हर सामान चीन से मंगा रही है। यहां के कारोबार बंद कर रही है।

# 'बिजली कंपनियां गंभीरता से ब्रेकडाउन को मिनिमम करने पर करें काम'

अवधनामा संवाददाता

■ पभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों से उठाई मांग

**लखनऊ।** वर्तमान में उत्तर प्रदेश मैं जहां भीषण गर्मी जारी है वही उत्तर प्रदेश में बात करें तो इस गर्मी में 6 मई को अधिकतम डिमांड 26309 मेगावाट तक गई है सिस्टम पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के दावे हैं निश्चित तौर पर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता है लेकिन 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता होते हुए भी उपभोक्ता छोर तक ग्रामीण अंचलों में और अनेकों शहरी क्षेत्र में भी अत्यधिक ब्रेकडाउन होने के चलते उपभोक्ता छोर तक 24 घंटे विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही आज जब प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री एक शर्मा जी की तरफ से जब एक्स पर यह ट्वीट किया गया कि यूपी में बिजली पहली बार 24 घंटे सातों वार तो उस पर प्रदेश के अनेको जनपदों के सैकडो की संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं का दर्द झलक गया और अनेकों जनपदों के विद्युत उपभोक्ता बिजली कटौती और ब्रेकडाउन की बात करते हुए ऊर्जा मंत्री को उनके ट्विटर यानी एक्स पर सच्चाई बयां कर दिया। और बताया कि उनके जनपद में कितनी विद्युत आपूर्ति मिल रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा निश्चित तौर पर प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं को अप्रैल मई जून जुलाई अगस्त सितंबर तक बिजली की ज्यादा आवश्यकता होती है गर्मी से निजात पाने के लिए उपभोक्ता अधिकतम भार अपना उपयोग में लाते हैं ऐसे में बिजली कंपनियों को मिनिमम ब्रेकडाउन योजना बनाकर काम करना चाहिए बिजली कंपनियां बहुत आसानी से इस बात का पता कर सकते हैं की किस क्षेत्र में कि सब स्टेशन पर किस फीडर पर लगातार एक ही टाइप के व्यवधान के चलते ब्रेकडाउन हो रहा है चाहे वह केबल फॉल्ट का मामला हो तार टूटने का मामला हो या ट्रांसफार्मर अतिभारित होने का मामला हो या बार-बार जंफर उडने का मामला हो बिजली कंपनियों के रिपोर्ट में वह आसानी से चिन्हित किया जा सकता है तो ऐसे में उसे प्रथम प्राथमिकता के आधार पर उसे क्षेत्र में ब्रेकडाउन को मिनिमम करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा गर्मी के महीना में मिनिमम ब्रेकडाउन योजना बनाकर बिजली कंपनियों में सभी अभियंताओं को एक ही काम विद्युत आपूर्ति में ना आए प्रावधान के लिए अपना शपथ प्रतिशत योगदान देना चाहिए और इसी आधार पर मिनिमम ब्रेकडाउन योजना बनाकर काम करना चाहिए निश्चित तौर पर इससे प्रदेश की जनता को सिस्टम पर उपलब्ध होने वाली 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का सत प्रतिशत लाभ मिल सकता है और निश्चित तौर पर इससे राजस्व में भी बढोतरी होगी

# सिदरा सिद्दीकी ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

**लखनऊ।** सेंट टेरेसा डे स्कूल एण्ड कॉलेज की छात्रा सिदरा सिद्दीकी ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 94 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय की मेधावी सिदरा सिद्दीकी ने अपने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये हैं स्कूल में



पुरस्कार और सम्मान से सम्मानित किया गया। सिदरा पत्रकार ज़ियाउल्लाह सिद्दीकी की बेटी और दिवंगत तब्लीगी जमात नेता हाफ़िज़ समीउल्लाह की पोती हैं। इस विशेष अवसर पर, परिवार के सभी सदस्यों ने उपहार दिए और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की मुहम्मद सलीम, जावीद नसीर, और इजाज हुसैन, और सिदरा की मां, सभी चाची, चाचा और भाइयों और बहनों ने शुभकामनाएं दीं, और अंत में सभी की अच्छी प्रार्थनाओं के साथ छोटा समारोह समाप्त हुआ।

# स्ट्रैटराइज़ कंसल्टिंग और सीआईएमपी-बीआईएफएफ ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया

अवधनामा संवाददाता



**पटना।** सीआईएमपी-बिज़नेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन (सीआईएमपी-बीआईआईएफ) और स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन छेत्र के जानी मानी कंपनी - स्ट्रैटराइज़ कंसल्टिंग ने विशेष साझेदारी के तहत आज एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य बिहार के आंत्रप्रेन्योर्स को इंटीग्रेटेड स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन, ब्रैंडिंग, रेप्युटेशन मैनेजमेंट और ईएसजी सहायता प्रदान करना है। सीआईएमपी पटना परिसर में उक्त एमओयू पर श्री कुमोद कुमार, सीएओ, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) और सीईओ, सीआईएमपी-बीआईआईएफ; तथा श्री युवराज मेहता, फाउंडर और सीईओ, स्ट्रैटराइज़ कंसल्टिंग ने हस्ताक्षर किए।

यह साझेदारी बिहार आंत्रप्रेन्योर्स के ब्रैंड की छवि को उनके हितधारक और ग्राहकों के बीच बढ़ाने का काम करेगी। इतना ही नहीं, यह उन्हें अपने बिज़नेस प्लान्स में स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन को शामिल करने में भी सक्षम बनाएगी। इससे उन्हें धन जुटाने, बाजार में अपनी विस्तार करने, प्रतिस्पर्धा में सबसे आगे रहने, नई प्रतिभा को आकर्षित करने और विश्वसनीयता स्थापित करने में सहायता करेगी । इस एमओयू का उद्देश्य बिहार स्टार्टअप्स की बिक्री और मार्केट वैल्यूएशन (बाजार मूल्यांकन) में वृद्धि करना है।

इस अवसर पर बात करते हुए, श्री युवराज मेहता, फाउंडर और सीईओ, स्ट्रैटराइज़ कंसल्टिंग, ने कहा, हम सीआईएमपी-बीआईआईएफ के साथ इस साझेदारी को लेकर काफी उत्साहित हैं। साथ ही, हम बिहार के आंत्रप्रेन्योर्स को स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन और ब्रैंड मैनेजमेंट में सहयोग प्रदान और उसे उनकी व्यबसाय में सम्मलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार संभवतः पहला राज्य है, जो अपने आंत्रप्रेन्योर्स को व्यापक कम्युनिकेशन की सेवाएँ प्रदान करेगा। आज के अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता भरे माहौल में, निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए ब्रैंड की प्रतिष्ठा को बनाए रखना बहुत जरुरी है। आंत्रप्रेन्योर्स को चाहिए कि वे अपने ब्रैंड और इसके लक्ष्य को भली-भाँति समझें, और ऐसे आकर्षक और सकारात्मक कहानी पर काम करें, जो उनके हितधारकों के अनुकूल हों।

# लोकसभा चुनाव में लगा ग्लैमर का तड़का



अवधनामा संवाददाता

■ भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह और मोनालिसा ने कानपुर में किया रोड शो

**कानपुर।** भोजपुरी लोक गायिका अक्षरा सिंह और मोनालिसा के रोड शो में मंगलवार को भीड़ जुटी। कानपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के समर्थन में आयोजित रोड शो शास्त्री नगर स्थित काली मठिया से शुरू हुआ।

रोड शो में अक्षरा सिंह की झलक पाने के लिए युवाओं में जोश साफ नजर आ रहा था। उन्होंने हाथ हिलाकर सभी को अपने साथ जोड़ा। इससे पहले अक्षरा सिंह और मोनालिसा का स्वागत किया गया। उन्होंने मंदिर में मां काली का आशीर्वाद लेकर रोड शो शुरू किया। रोड शो गल्ला मंडी, चंदेल चौराहा, विजय नगर, डबल पुलिया, गोपाला चौराहा, छठ पूजा स्थल, नमक फैक्ट्री चौराहा काकादेव एकता चौराहा, रावतपुर बाजार, रामलला मंदिर, पाथा माई मंदिर से होते हुए मसवानपुर सराय तक गया। इस दौरान विधायक सुरेंद्र मथानी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, अमन शुक्ला, वात्सेय त्रिपाठी, आकाश दीक्षित व अनीता त्रिपाठी आदि मौजूद रहीं।

# बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने मंगलवार को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में बड़ा बदलाव किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कॉर्डिनेटर के पद से हटा दिया है। साथ ही उनसे अपना उत्तरधिकार का पद भी वापस ले लिया है। अब इस मामले पर अखिलेश यादव ने बसपा पर सियासी हमला बोला है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा- बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है।

अखिलेश ने इसके पीछे वजह बताई की लोकसभा चुनाव में बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है।

# यूपीयूएमएस में मनाया गया विश्व थैलेसीमिया दिवस

वहाज अली निहाल

- एक यूनिट रक्तदान थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए बन सकता है वरदान : कुलपति
- थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए उत्साह से नर्सिंग एसोसिएशन ने किया रक्तदान

**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में मंगलवार को ब्लड बैंक में थैलेसीमिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो.डॉ प्रभात कुमार सिंह ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को उपहार दिए और सामुदायिक रूप से लोगों को रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा एक यूनिट रक्तदान थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वरदान बन सकता है। उन्होंने बताया कि सामान्य व्यक्ति के शरीर में आरबीसी की उम्र 120 दिन होती है लेकिन थैलेसीमिया पीड़ित में उनकी उम्र 120 दिन से भी बहुत कम रह जाती है जिससे इसका असर हीमोग्लोबिन पर पड़ता है इससे बच्चे के शरीर में खून की कमी हो जाती है इसीलिए हर माह या फिर एक माह में दो बार तक खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है, इसीलिए मैं सभी से रक्तदान करने की अपील करता हूं। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ प्रो.डॉ.आई के शर्मा ने संस्थान द्वारा सुलभ थैलेसीमिया उपचार के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी व सामुदायिक रूप से थैलेसीमिया रोग से बच्चे पीड़ित ना हो इस संदर्भ में भी अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। नर्सिंग




एसोसिएशन के द्वारा थैलेसीमिया दिवस पर 35 लोगों ने रक्तदान किया और रक्तदान करने वाले नर्सिंग ऑफिसर्स व नर्सिंग एसोसिएशन पदाधिकारीयों को कुलपति ने प्रमाण पत्र भी दिए। थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने कही मन की बात मैनपुरी निवासी प्रेमलता ने बताया कि उनका बच्चा जब 6 माह का था जब उन्हें पता चला वह थैलेसीमिया से पीड़ित है तब उन्होंने सैफई मेडिकल कॉलेज जाकर दिखाया। 7 साल से बच्चें को बेहतर इलाज और ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है। मैनपुरी निवासी संजीव कुमार ने बताया कि मेरा बेटे को 10 साल से संस्थान द्वारा निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जा रहा है और उसकी जांच और उपचार के लिए बाल रोग विशेषज्ञों का निरंतर सहयोग मिल रहा है। मैं हर माह बच्चों को लेकर यहां पर आता हूं। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो.डॉ रमाकांत चिकित्सा अधीक्षक प्रो.डॉ एसपी सिंह, संकायाध्यक्ष प्रो.डॉ आदेश कुमार, ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ.आदित्य शिवहरे, डॉ ज्योतिकला, डॉ यतेंद्र डॉ अरविंद डॉ श्वेता डॉ गणेश कुमार व चीफ नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग सुपरीटेंडेंट और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

# दुकान-दुकान चलाया व्यापार मंडल ने मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान जिला प्रवक्ता इकरार अहमद के प्रतिष्ठान पचराहे से दुकान-दुकान चलाया गया जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पचराहा छैराहा कुंज कटरा टेकचंद के व्यापारियों की दुकानों पर जाकर पर्चा वितरण किया और लोगों को 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा समझदार की पहचान वोट



का निशान छोड़ो अपने सारे काम चलो पहले करें मतदान महिला जिलाध्यक्ष मीना सिंह राजपूत महिला जिला महामंत्री पूर्वी सक्सैना ने लोकतंत्र के इस महापर्व मैं सभी से मतदान करने की अपील की। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल संतोष कुमार वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा सभी लोग इस लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान करें और मतदान करने एवं लोगों के मतदान करने में सहयोग के लिए जागरूक किया। युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा ने कहां व्यापारी अपना वोट पूरे परिवार के साथ डालें और दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी प्रेरित करें। इस अभियान में जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिशंकर पटेल संतोष कुमार वर्मा महिला जिला अध्यक्ष मीना सिंह राजपूत महिला जिला महामंत्री पूर्वी सक्सेना जिला प्रवक्ता इकरार अहमद जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी युवा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा युवा नगर मंत्री मोहम्मद उवेश ललित कुमार मुदित मोहन आदित्य श्याम जी बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी शामिल रहे।

# मतदाताओं को वोट डालने के लिए किया प्रेरित




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** देश की प्रगति में बाधक भ्रष्टाचार, ग़रीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और अन्य समस्याओं के लिए केवल वही लोग ज़िम्मेदार नहीं है जो आतंकवाद, धार्मिक वैमनस्यता फैलाकर देश को बाहरी ताकतों से मिलकर कमज़ोर करते हैं बल्कि वो कर्तव्य विमुख नागरिक भी ज़िम्मेदार हैं जो मतदान दिवस पर मतदान न करके अपने कर्तव्य की अवहेलना करते हैं।

कर्तव्यों का पालन करने से निश्चित ही अधिकार स्वयं सुरक्षित रहते हैं। अतःमतदान दिवस पर सभी कार्य स्थगित करके मतदान अवश्य करें अपने समाज और का राष्ट्र गौरव बने। इस लक्ष्य को ध्यान में रखकर बुधवार को सिलसिला ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए तुलसी नगर समीप भरथना चौराहा मोहल्ले में घरों में संपर्क करके नवीन मतदाता तथा बुजुर्ग मतदाताओं सहित प्रत्येक मतदाता को 13 मई को अपने-अपने बूथ पर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया।

जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन -5 सिलसिला ग्रुप के डायरेक्टर सेवानिवृत प्रधानाध्यापक वीरेंद्र स्वरूप कुशवाहा के आवास पर पहुंच कर सभी सदस्यों द्वारा तुलसी नगर के घरों में जन -जागरूकता के लिए जा जाकर संपर्क किया गया। तत्पश्चात बैठक करके आगे के सेवा के कार्यो का विचार विमर्श किया गया। इस अभियान में प्रधानाध्यापिका राज़दा ख़ातून के साथ प्रधाना ध्यापिका पूनम गुप्ता, प्रवक्ता नाज़िश इक़बाल, प्रवक्ता ज़ियाउल्लाह, प्रधाना ध्यापक कृष्णपाल शाक्य, प्रधाना ध्यापक प्रदीप यादव, सेवानिवृत्ति प्रवक्ता नरेंद्र कुमार द्विवेदी, प्रधाना ध्यापक जितेंद्र यादव, सेवानिवृत शिक्षक दशरथ सिंह कुशवाहा एवं पूर्व प्रधानाध्यापक वीरेंद्र स्वरूप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए करीब दो दर्जन श्रद्धालु

**मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बुधवार को करीब दो दर्जन श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इन्हें हालत बिगड़ने पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। यह सभी लोग राजस्थान के सीकर से बांकेबिहारी के दर्शन करने आए हैं। करीब एक सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु राजस्थान के चुरू और सीकर से ब्रज मंडल में धार्मिक यात्रा के लिए आए हैं। बिरला मंदिर स्थित धर्मशाला में ठहरे हुए हैं। मंगलवार की शाम खाना खाने के कुछ देर बाद कुछ श्रद्धालुओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन संयुक्त जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। इनमें कुछ लोगों को सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं एक दर्जन से अधिक लोगों का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। राजस्थान से आई रत्नी देवी ने बताया कि लगभग 20-25 लोग उल्टी-दस्त का शिकार हो गए।

# सेंटमेरी में विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सेंटमेरी इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा निर्धारित आयु सीमा से कम आयु में विवाह न होने पाए इसके लिए विद्यार्थियों को जागरुक भी किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशन में पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम बताए। उन्होंने यह भी बताया कि बाल विवाह कराने वाले व्यक्तियों 3 साल की सजा व 2 लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन अपने आसपास क्षेत्र में बाल विवाह न होने पाए इसके लिए



निगरानी रखने के लिए कहा तथा इस हेतु विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि बालक-बालिकाएं डरें नहीं तथा किसी भी तरह का अपराध सहें नहीं। आवश्यकता पड़ने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल कर मदद लें। उन्होंने यह भी कहा कि इन हेल्पलाइन नंबरों पर किसी भी समय दिन या रात कभी भी कॉल की जा सकती है। चाइल्ड हेल्पलाइन की जिला कोऑर्डिनेटर कीर्ति गुप्ता ने चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। प्रोबेशन कार्यालय से आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा मौजूद रहे। कॉलेज के निवर्तमान प्रधानाचार्य जोबी जोसेफ के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में नवागंतुक प्रधानाचार्य सीजू भी मौजूद रहे। कॉलेज स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया। बाल विवाह पर एक शॉर्ट फिल्म भी विद्यार्थियों को दिखाई गई। बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन के सैम्पिल भरे

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिला अस्पताल के साथ साथ किशोर एवं बाल शिशु ग्रह की रसोईघर (किचिन) का औचक निरीक्षण किया गया। बाल शिशु ग्रह तथा किशोर सुधार ग्रह में खिलाए जा रहे भोजन तथा भोजन निर्माण में प्रयुक्त खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दौरान रसोई घर तथा स्टोर रूम में साफ सफाई समुचित पाई गई। गुणवत्ता की जांच हेतु बेसन अरहर दाल गेहूं का आटा के नमूने संग्रहित किए गए तथा रसोइयों को खाना बनाते समय स्वच्छता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। टीम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय की कैंटीन तथा जिला चिकित्सालय मथुरा की कैंटीन का भी निरीक्षण किया गया। गुणवत्ता की जांच हेतु मरीजों को खिलाने हेतु तैयार रोटी गेहूं आटा एवं दाल के सैंपल जांच हेतु संग्रहित किए गए।

# सिंधी जनरल पंचायत की टीम में युवाओं को मिली जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सिंधी उत्सव संपन्न होते ही सिंधी जनरल पंचायत की समीक्षा बैठक गोवर्धन रोड स्थित कृष्णा आर्चिड कालोनी के मंगलानी निवास पर आयोजित की गई। इस मौके पर आगामी तीन वर्षो के लिए पंचायत की नई टीम की घोषणा अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने की, जिसमें इस बार युवाओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। बीते दिनों सिंधी जनरल पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु सर्वसम्मति से निर्विरोध नारायण दास लखवानी को चुना गया था, इसी के साथ पहली बार बाकी सभी पदाधिकारी चुनने का अधिकार अध्यक्ष को दे दिया गया, इसी निर्णय के तहत उन्होंने सिंधी जनरल पंचायत की नई टीम में रामचंद्र खत्री वरिष्ठ उपाध्यक्ष, तुलसीदास गंगवानी उपाध्यक्ष, जीवतराम चंदानी उपाध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार उकरानी उपाध्यक्ष, कन्हैयालाल भाई जी उपाध्यक्ष, बसन्तलाल मंगलानी महामंत्री, गुरुमुखदास गंगवानी वरिष्ठ मंत्री, सुरेशचंद मेठवानी मंत्री, भगवानदास मंगवानी मंत्री, जितेंद्र भाटिया मंत्री, पीताम्बर लाल रोहेरा मंत्री, जितेंद्र लालवानी कोषाध्यक्ष, झामनदास नाथानी ऑडिटर, चंदनलाल आडवानी चंदा संयोजक, हरिश चावला प्रचार मंत्री, सुंदरलाल खत्री चन्दा मंत्री, सुदामा लाल खत्री संगठन मंत्री बनाए हैं, जबकि किशोर इसरानी को एक बार फिर 12 वीं बार मीडिया प्रभारी के रूप में बरकरार रखा है। वह पिछले 28 वर्षो से मीडिया के दायित्व को निभा रहे है। कार्यकारिणी में रमेश कुमार नाथनी, अशोक अंदानी, गिरधारी लाल नाथनी, मिर्चूमल कोतकवानी, अनिल कुमार मंगलानी, अमित आसवानी, राजेश खत्री, अशोक डाबरा, लक्ष्मणदास वाधवानी, तरुण लखवानी आदि शामिल किए गए है।

## जल्द ही मथुरा में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल होगा कराटे

**मथुरा।** कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा कि आम सभा एवं चुनाव जिला ओलंपिक संघ मथुरा के कार्यालय अमरनाथ विद्या आश्रम में निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें सभी पद निर्वाचित हुए, कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा के विजयी पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है। अध्यक्ष अरविंद कुमार चित्तोडिया, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महासचिव प्रेमपाल सिंह ,उपसचिव अनेक बाबू , कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह , सदस्य मनोज कुमार, शुभम, राम रतन, मोहित कुमार, सुघड़ सिंह निर्वाचित हुए। कराटे एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिंह का आशीर्वाद रहा व जोकि हमारे आदरणीय मार्गदर्शक हैं। यह चुनाव कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव अधिकारी सेंसेई, कुर्बान खान , जिला ओलंपिक संघ मथुरा के सचिव , महेंद्र राजपूत कानूनी सलाहकार , डॉ दलवीर यादव जी की देख रेख में हुआ सहयोगी बन्टी सिद्दीकी, सुमित गौतम, अरुण कुमार, करण कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, भर्थना।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड खण्ड भर्थना में मतदाता जागरूकता अभियान रैली उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट बिबौली व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समसपुर बिबौली के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले महासंघ के ब्लॉक भर्थना के अध्यक्ष पवन कुमार दीक्षित की अगुवाई में समस्त शिक्षकों तथा ग्राम वासियों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में बच्चे नारे लिखी पतिकाएं लेकर आगे चल रहे थे बच्चे नारे लगा रहे थे बनो देश के भाग विधाता, अब जागो तुम मतदाता।

लोकतंत्र की यही पुकार, मत ना जाए कोई बेकार। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। बच्चों ने मतदाताओं को उनके मत के महत्व को समझाते हुए 13 मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचकर अपना मत जरूर




देने के लिए कहा शिक्षकों ने भी घर-घर जाकर अभिभावकों और मतदाताओं को अपने मत का अवश्य ही प्रयोग करने के लिए कहा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी व महामन्त्री जितेन्द्र यादव व मण्डल महामन्त्री संजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद के सभी विकास खण्डों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जनपद में मत प्रतिशत में बढ़ोतरी हो इसको ध्यान में रखकर महासंघ इस अभियान में संलग्न है मतदाता जागरूकता अभियान रैली के आयोजन में कंपोजिट विद्यालय बिबोली के प्र.अ.योगेश तिवारी एवं राजकीय विद्यालय बिबोली के प्र.अ.रणवीर सिंह व अध्यापक ऋषभ त्रिवेदी, धर्म पाल सिंह, सत्यपाल, विश्वास चौबे, सत्यपाल सिंह, ऋषभ त्रिवेदी, धर्मवीर सिंह, मीना पांडेय, शालिनी, सीता कुशवाह, वर्षा व शकुंतला यादव सहित राजकीय विद्यालय के महिला स्टाफ ने सहयोग किया बच्चों को स्वल्पाहार भी वितरित किया गया।

# गुलज़ार बने अधिवक्ता सुरक्षा परिषद उ.प्र. इटावा के ज़िलाध्यक्ष



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** अधिवक्ता सुरक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के सस्थापक/सयोजक दीपक बाबू एडवोकेट ने जनपद इटावा के जिला अध्यक्ष पद पर गुलज़ार वारसी एडवोकेट को नियुक्त/ मनोनीत किया। बुधवार को उनका मनोनीत पत्र प्रदेश उपाध्यक्ष मैराज अली खान एडवोकेट व प्रदेश सचिव रीना यादव ने जाकर गुलजार वारसी को दिया और उनका स्वागत किया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री वारसी ने कहा कि हमको जो जिम्मेदारी दी गई वह हम पूर्ण निष्ठा व ईमानदार से निभायेगे। इस अवसर पर साथी अधिवक्तताओ ने बधाई देकर फूल माला से स्वागत किया। स्वागत करने वाले अधिवक्ता सरोज श्री वास्तव, सिद्धार्थ शंकर दीक्षित, मनोज सिंह भदौरिया, सुमित किशोर कश्यप, ब्रजेंद्र कुमार गोतम, सुनीता राजपूत, बीनू कुमारी, प्रीति चौहान, अजहर उद्दीन व निविदिका, सलीम खान आदि रहे।

# सण्डीला के मतदान केन्द्रों का कमिश्नर ने किया निरीक्षण

- चेक लिस्ट के अनुसार मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने जनपद हरदोई की 32 लोकसभा के अंतर्गत 161 सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथ का औचक निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मंडलायुक्त ने एसडीएम तान्या संग संडीला क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल तिलैया कला, प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, प्राइमरी स्कूल (गोशवा डोंगा) के मतदेय स्थल के बूथों का निरीक्षण



किया साथ ही संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। मंडलायुक्त ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए संबंधित को निर्देश दिये। इस दौरान मंडलायुक्त ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। उन्होंने बुज़ुर्गों से अपील की कि मतदान दिवस (13 मई) के दिन आप लोग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त, आईजी व जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण लखनऊ मण्डलायुक्त और आईजी व जिलाधिकारी ने मंडी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली, शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए।

## मानवता की सच्ची सेवा का नाम रेड क्रॉस

**मथुरा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दघेंटा बलदेव मथुरा में आयोजित रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अखिलेश यादव ने सर हेनरी डुनेंट के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वर्ष 2024 का रेड क्रॉस का थीम है- गिव की जॉय और जॉय गिव रिवॉर्ड।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉक्टर अखिलेश यादव ने कहा कि रेड क्रॉस का मुख्यालय जिनेवा में है। मानवता, एकता स्वतंत्रता तटस्थता स्वैच्छिक सेवा सार्वभौमिकता निष्पक्षता आदि 7 मौलिक सिद्धांत पर कार्य करती है। रेड क्रॉस की अहमियत कोरोना महामारी के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई। रेड क्रॉस का मोटो मानवता के साथ शांति स्थापित करना है।

# आना पवन कुमार हमारे संकीर्तन में: श्री कृष्ण जन्म सेवा दल

- श्री कृष्ण जन्म सेवा दल द्वारा आयोजित हुआ 51वॉ हनुमान चालीसा व सुंदर कांड पाठ



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** अपने इक्यावनवे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ व् प्रभु राम जी के भजन कर माहौल को राम मय बना दिया 7 आज श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम मंदिर सरायथोक, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में सांय 5 बजे सराय थोक के श्री बैजनाथ धाम मंदिर में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ बजरंगबली जी का पूजन किया द्य इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ के साथ प्रभु राम का गुणगान किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन राष्ट्र तभी संभव है जब हर घर में हनुमान चालीसा पाठ के स्वर गूंजे इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक सुधा गुप्ता, संघठन मंत्री अनीता मिश्रा, सह सयोंजक कंचन गुप्ता, नगर संयोजक रानी शुक्ला, प्रभारी अनीता गुप्ता, महामंत्री लक्ष्मी मिश्रा, नगर संयोजक आरती गुप्ता, सह संयोजक बीना त्रिपाठी, मंजु गुप्ता, मीनू सैनी, शशि गुप्ता, अनुपमा सिंह समेत भारी संख्या में लोगो ने सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

महिला जिला युवा सह प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में सांय 5 बजे कांशीराम कालोनी में स्थित श्री शिव मंदिर पर लोगो ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा राम स्तुति ,बजरंग बाण आरती के साथ सुंदर कांड का पाठ किया गया द्य इस मौके पर महिला युवा संगठन की पुष्पा श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, धीरज शर्मा, गीता शर्मा, अभिलाष श्रीवास्तव, उमाकांत त्रिवेदी, अनीता कटियार, अजय कटियार, अमन कटियार, विजय, पिंटू कश्यप, रिंकी सिंह, नैंसी, ज्योति सिंह, उत्तम सिंह, उत्कर्ष सिंह, राज शर्मा, रेशमा शर्मा, नितिन, सचिन, पूनम मिश्रा, संगीता, सरला गुप्ता आदि सदस्य शामिल रहे।

महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज में भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू व् जिला उप प्रमुख अभिषेक गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा व् हनुमान अष्ठक का पाठ करवाया पुजारी सरोज मिश्रा व् पंडित रवि शंकर मिश्रा ने आरती व् पूजन अर्चन संपन्न कराया आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ इस मौके पर सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बेटियां फाउंडेशन की अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, पंकज गुप्ता, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, ज्योति सिंह, आराध्या वर्मा, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे। ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ मल्लावां में आकाश गुप्ता व् वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

# प्रस्तावित 150 एकड़ में इण्डस्ट्रियल एरिया के कार्यों को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

- यूपीसीडा के सीईओ ने की अधिकारियों से गहन मंत्रणा

**मथुरा।** यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आईएएस मयूर माहेश्वरी ने अपने विभागीय अधिकारियों के साथ कोसी कोटवन एवं मथुरा साइट-बी औद्योगिक क्षेत्र का मंगलवार को दौरा किया। यूपीसीडा के सीईओ ने कोसी कोटवन में लगभग 150 एकड़ नयी इण्डस्ट्रियल एरिया विकसित किए जाने वाले एमओयू को संज्ञान में लेते हुए अगले 06 माह में आवंटन की कार्यवाही तथा अतिशीघ्र विकास कार्य पूर्ण कराये जाने जाने के निर्देश दिये। इस औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों एवं उद्यमी संगठन द्वारा ड्रेनेज, कलवर्ट तथा कोसीकोटवन, आईआईडीसी कोसीकोटवन, कोसी कोटवन विस्तार-प्रथम, कोसी कोटवन विस्तार-द्वितीय को सर्विस रोड से प्रवेश दिये जाने सहित अन्य समस्याओं से यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी को अवगत कराया गया। उद्यमियों को होने वाली समस्याओं का उन्होंने जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

यूपीसीडा के सीईओ सहित अन्य अधिकारियों ने मथुरा साईट-बी औद्योगिक क्षेत्र का भी भ्रमण किया एवं यहां भी उद्यमी एवं उद्यमी संगठन द्वारा पेयजल की समस्या, भौतिक कब्जा न मिलने वाले भूखंडों के समय विस्तरण शुल्क, भूखंडों से होकर जा रही तेल पाइप लाइन आदि विषयों को अधिकारियों के समक्ष रखा गया व प्रदूषणकारी इकाई को चिन्हित कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। एचपीसीएल डिपो के टैंकर को व्यवस्थित न खड़े होने पर सीज कराने तथा जिलाधिकारी से मिलकर समस्या के समाधान कराये जाने हेतु निर्देश दिये व टैंकरों को रोडमैप तैयार कर सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देश दिए। उद्यमी संगठन को समस्त इकाईयों की परियोजना की डायरी तैयार करने तथा पार्कों के सौन्दर्यकरण को रख-रखाव करने तथा हरे-भरे पेड़ लगाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मथुरा साइट-बी की रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसो. के पदाधिकारियों ने पटुका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर यूपीसीडा के अधिकारियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान यूपीसीडा आगरा के क्षेत्रीय प्रबन्धक सी.के.मौर्य वरिष्ठ प्रबन्धक सिविल श्यौदान सिंह राजीव त्यागी कोसी कोटवन उद्योग संघ के अध्यक्ष ध्रुव कुमार पांचाल रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसो. के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल संरक्षक राजेश गोयल, तन्मय सिंघल प्रदुमन सिंघल दिलीप शुक्ला विनय गोयल प्रदीप पमनानी भूषण पमनानी प्रवेश सिंह एवं हरिओम त्यागी सहित अन्य उद्यमीगण मौके पर उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने उतरेगी भारतीय महिला टीम, हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में जीते चार मैच



भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब सिलहट में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बांग्लादेश का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य मौसम से प्रभावित सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप करना होगा। भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक बल्लेबाजों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि अभी तक जो चार मैच खेले गए हैं उनमें से दो मैचों में बारिश के कारण ओवरों की संख्या कम कर दी गई थी। दूसरे मैच में भारतीय टीम को 5.2 ओवर में केवल 29 रन का लक्ष्य हासिल करना था। इस तरह से बल्लेबाजों को अभी तक कम मौका मिला है।

वहीं भारत की तरफ से अभी तक केवल एक अर्धशतक शेफाली वर्मा (51) ने पहले मैच में लगाया था। स्मृति मंधाना का उच्चतम स्कोर 47 जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर का 39 रन है। यह प्रदर्शन टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को अच्छी तरह से प्रदर्शित नहीं करता है विशेषकर तब जबकि अक्टूबर में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को करनी है। स्मृति और हरमनप्रीत गुरुवार को मौके का पूरा फायदा उठाकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। हरमनप्रीत ने चौथे मैच में 26 गेंद पर 39 रन बनाए थे और वह उसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। खराब मौसम के कारण यह मैच 14 ओवर का कर दिया गया था तथा भारत ने इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 56 रन से जीत दर्ज की थी। शेफाली के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है हालांकि उन्होंने सीरीज में अभी तक भारत की तरफ से सर्वाधिक 84 रन बनाए हैं। उनके बाद स्मृति (83) और हरमनप्रीत (75) का नंबर आता है। बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना भी पहले मैच में अर्धशतक लगाने के बाद अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। उन्होंने चार मैच में अभी तक 86 रन बनाए हैं।


वहीं बांग्लादेश की टीम उनसे बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही है। भारतीय गेंदबाजों के सामने हालांकि उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिन्होंने धीमी पिचों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने सर्वाधिक सात विकेट लिए हैं। उन्हें तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (5 विकेट) और रेणुका सिंह (4) तथा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (4) का अच्छा सहयोग मिला है। अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा ने भी 5 विकेट हासिल किए हैं। बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ आखिरी टी20 मैच 2023 में मीरपुर में जीता था। सुल्ताना उस मैच का हिस्सा थी।

***टीम इस प्रकार हैं***

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, दीप्ति शर्मा, एस सजना, शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, आशा सोभना, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर , तितास साधु, सैका इशाक।

***बांग्लादेश:*** निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), मुर्शिदा खातून, रुब्या हैदर, शोभना मोस्तरी, शोर्ना अख्तर, शोरिफा खातून, दिलारा अख्तर, नाहिदा अख्तर, सुल्ताना खातून, रितु मोनी, राबेया खान, फाहिमा खातून, मारुफा अख्तर, फरिहा त्रिस्ना, हबीबा इस्लाम।

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि की है। ये पहला मौका होगा जब वह तीन साल में पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनित्ज़ ने भी पीटीआई से पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा।

हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था।

चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

# निखिल चौधरी रेप केस मामले में हुए बरी, बीबीएल में खेलते आ सकते हैं नजर



भारतीय मूल के निखिल चौधरी के बिग बैश लीग खेलने के सभी रास्ते अभी साफ नहीं हुए हैं। उन पर रेप के आरोप लगे थे, जिसके बाद इस कहानी में नया मोड़ आ गया है। ईएसपीएन क्रिकइंन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट तस्मानिया ने दावा किया है कि उन्हें आरोप या अदालती कार्रवाई के बारे में अभी सूचित ही नहीं किया है।

निखिल पर इस मामले के सामने आने के कुछ महीने पहले ही होबार्ड हरिकेंस ने उनका अनुबंध 2027 फरवरी तक बढ़ाया था। क्रिकेट तस्मानिया की उच्च प्रदर्शन महाप्रबंधक सैलियन बीम्स ने मंगलवार को कहा कि, उस प्रक्रिया के माध्यम से कुछ वैधानिकताएं हैं। ये इतनी बड़ी घटना नहीं है क्योंकि हम जानते हैं कि कुछ भी नहीं हुआ, कानूनी तौर पर दोषी नहीं हैं।

वहीं सैलियन बीम्स का कहना है कि निखिल ने अपनी अदालती कार्रवाई के बारे में किसी को भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा कि, ये सिर्फ जानकारी का खुलासा है। हम जानना चाहते हैं कि हम उस पर कहां बैठे हैं। क्योंकि हम पूरी तरह से अंधेरे में थे। आपको संगठन के दृष्टिकोण और उस पर संभावित रूप से पड़ने वाले प्रभाव से निपटना होगा।

# पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की नजरें लगातार चौथी जीत पर



आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इस जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी। पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है।

दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी ने पिछले मैच में उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। विल जैक्स ने भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के दौरान शतक जड़कर प्रभावित किया जबकि कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंद और बल्ले से योगदान देकर अपनी उपयोगिता साबित की। टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल मोहम्मद सिराज अंततः लय में लौट आए हैं। यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और आरसीबी को उनसे इस लय को जारी रखने की उम्मीद होगी। दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम के घुटने टेकने के बाद पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास कम होगा।

पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर अपनी क्षमता दिखाई। नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। हालांकि उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता। आयोजन स्थल में बदलाव का भी टीम को फायदा नहीं मिला और उसे पिछले मैच में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम अपने घरेलू मैदान पर शानदार ढंग से अभियान समाप्त करने की उम्मीद करेगी लेकिन ऐसा करने के लिए टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा।

***टीम इस प्रकार हैं***

**पंजाब किंग्स:** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

***रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:*** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# जवानी से ज्यादा 43 साल की उम्र में कहर ढा रही है श्वेता तिवारी, हॉलीडे की हॉट तस्वीरों को अकेले में देख रहे फैंस



कसौटी जिंदगी से टीवी जगत में नाम कमाने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी तब से ज्यादा अब खूबसूरत हो गयी है। 43 साल की उम्र में वह सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही हैं। टेलीविजन अभिनेत्री श्वेता तिवारी इस समय थाईलैंड में छुट्टियां मना रही हैं और उन्होंने इंटरनेट पर आग लगाने का निश्चय कर लिया है। श्वेता की नवीनतम इंस्टाग्राम तस्वीरें इसकी पुष्टि कर सकती हैं।

श्वेता तिवारी ने अपनी कई तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह शॉर्ट्स के साथ सफेद ब्रालेट पहने नजर आ रही हैं। श्वेता को समुद्र तट की सुरम्य पृष्ठभूमि पर पोज़ देते देखा जा सकता है। तस्वीरों में वह दिल खोलकर मुस्कुराती हुई देखी जा सकती हैं। इंटरनेट ने भी तस्वीरों पर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री दलजीत कौर ने टिप्पणी अनुभाग में लिखा, बहुत सुंदर और आग इमोजी की एक सीरीज डाली। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, विश्वास नहीं हो रहा कि वह 43 साल की हैं। एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, दिल जल गया मेरा। एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, आप विपरीत तरीके से बूढ़े हो रहे हैं। श्वेता तिवारी सक्रिय रूप से अपनी छुट्टियों की तस्वीरें साझा करती रही हैं। इस ट्रिप पर श्वेता के साथ उनका बेटा रेयांश कोहली भी था। श्वेता ने तस्वीरों की एक सीरीज साझा की, जिसमें उन्हें थाई हाई स्लिट वाली प्रिंटेड मैक्सी ड्रेस पहने देखा जा सकता है। एक तस्वीर में उन्हें बेटे रेयांश के साथ पोज देते देखा जा सकता है। श्वेता ने अपने थाईलैंड एल्बम से और तस्वीरें साझा कीं और उन्हें बस कैप्शन दिया, शांति।

एकता कपूर की कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा शर्मा की भूमिका निभाने के बाद श्वेता तिवारी एक घरेलू नाम बन गईं। आखिरी बार वह सीरियल मैं हूं अपराजिता में नजर आई थीं। उन्होंने नच बलिए 2, झलक दिखला जा 3 जैसे रियलिटी शो में भी भाग लिया। वह बिग बॉस 4 की विजेता बनकर उभरीं।

श्वेता तिवारी की पहली शादी अभिनेता राजा चौधरी से हुई थी। उनकी एक बेटी पलक है। राजा से अलग होने के बाद श्वेता ने अभिनव कोहली से शादी की। हालाँकि, वे 2019 में अलग हो गए। श्वेता और अभिनव का एक बेटा रेयांश है।

# निखिल आडवाणी की आगामी राजनीतिक सीराज में पांच अंतर्राष्ट्रीय कलाकार हुए शामिल



फ्रीडम एट मिडनाइट के निर्माता एक बड़ी शुरुआत के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्होंने पांच अंतरराष्ट्रीय अभिनेताओं को इसमें शामिल किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पांच कलाकार, ल्यूक मैकगिबनी, एंड्रयू कुलम, रिचर्ड टेवरसन, एलिस्टेयर फिनले और कॉर्डेलिया बुगेजा-सोनी लिव श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मैकगिब्नी और बुगेजा क्रमशः भारत के अंतिम वायसराय और वाइसरीन लॉर्ड लुईस माउंटबेटन और लेडी एडविना माउंटबेटन की भूमिका निभा रहे हैं। फिनेले को माउंटबेटन से पहले भारत के कमांडर-इन-चीफ और वायसराय आर्चीबाल्ड वेवेल के रूप में चुना गया है। कल्लम ने 1945 से 1951 तक यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री क्लेमेंट एटली का किरदार निभाया है। टेवरसन भारत के विभाजन के लिए सीमा आयोग के अध्यक्ष सिरिल रैडक्लिफ के रूप में अभिनय कर रहे हैं। स्टूडियोनेक्स्ट और आडवाणी की एम्मे एंटरटेनमेंट डोमिनिक लापिएरे और लैरी कॉलिन्स की इसी नाम की किताब पर आधारित शो का सह-निर्माण कर रहे हैं। यह पुस्तक 1947 से 1948 तक ब्रिटिश राज के अंतिम वर्ष का विवरण प्रस्तुत करती है, जो ब्रिटिश भारत के अंतिम वायसराय के रूप में बर्मा के लॉर्ड माउंटबेटन की नियुक्ति के साथ शुरू हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि यह किताब 2017 की फिल्म वायसराय हाउस की प्रेरणाओं में से एक थी। 2000 में एक और फिल्म जिसने फ्रीडम एट मिडनाइट से प्रेरणा ली, वह थी हे राम।

निर्माताओं के अनुसार, फ्रीडम एट मिडनाइट एक महाकाव्य राजनीतिक थ्रिलर है जो भारत की आजादी के वर्ष की कई घटनाओं और उन महत्वपूर्ण घटनाओं और व्यक्तित्वों के बारे में परस्पर जुड़ी कहानियों को उजागर करती है जिन्होंने देश के इतिहास को लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जैसा कि हम आज जानते हैं। आडवाणी श्रृंखला के श्रोता और निर्देशक के रूप में जुड़े हुए हैं। कहानी अभिनंदन गुप्ता, अद्वितिया करेंग दास, गुंदीप कौर, दिव्य निधि शर्मा, रेवंत साराभाई और एथन टेलर द्वारा लिखी गई है।

# मिस्र की सुपरमॉडल ने कराया था धार्मिक पिरामिड के सामने अश्लील फोटोशूट, दुनियाभर में तस्वीरें हो गयी रातों रात वायरल, गिरफ्तार



मिस्र की महिलाओं को लेकर कहा जाता है कि वह बला की खूबसूरत होती है। उनकी खूबसूरती की मिसालें दी जाती है। आज हम एक ऐसी ही मिस्र की एक फैशन मॉडल के बारे में आपको बताने जा रहे हैं जिसकों उनके ऐसे फोटोशूट के लिए गिरफ्तार कर लिया गया था जिसमें उन्होंने पूरे कपड़े पहने हुए थे। कपड़े भले ही पूरे थे लेकिन यह पोशाक मिस्र के इतिहास से जुड़ी हुई थी और काफी ज्यादा लोग इसका सम्मान करते थे लेकिन सुपरमॉडल ने इस पोशान को सेक्सी अंदाज में पहनकर मिस्र के लोगों की धार्मिक भावनाओं के आहत कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद इन तस्वीरों को सोशल मीडिया से हटा दिया गया था लेकिन तब तक ये तस्वीरें दुनियाभर में वायरल हो चुकी थी। आइये जानते हैं पूरी खबर के बारें में।

मिस्र की एक फैशन मॉडल और इंस्टाग्राम प्रभावकार सलमा अल-शिमी को गिरफ्तार किया गया था और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया। मिस्र के अधिकारियों ने काहिरा के बाहर जोसर के पिरामिड में एक फोटोशूट के बाद हिरासत में लिए गए एक फोटोग्राफर और एक मॉडल को रिहा कर दिया। फोटोग्राफर हाउसम मोहम्मद और मॉडल सलमा अल-शिमी को काहिरा से 30 किलोमीटर (20 मील) दक्षिण में सक्कारा नेक्रोपोलिस में शूटिंग के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और अभियोजन के लिए भेजा गया, जिसमें शिमी प्राचीन मिस्र की पोशाक में दिखाई दी थी। इंस्टाग्राम पर हजारों फॉलोअर्स रखने वाले शिमी ने दिसंबर के पहले हफ्ते में जोसर के 4,700 साल पुराने स्टेप पिरामिड के तल पर तस्वीरें पोस्ट की थीं। अफवाहें तेजी से फैल गई कि उन्हें ऐसे कपड़े पहनने के लिए हिरासत में लिया गया था, जो मिस्र की प्राचीन विरासत को धोखा दे रहे थे और उन्होंने फोटोशूट के लिए पुरावशेष मंत्रालय द्वारा निर्धारित नियमों को तोड़ा था।

न्यायिक सूत्र ने कहा कि इस जोड़ी पर सक्कारा पुरातात्विक स्थल में बिना अनुमति के तस्वीरें लेने का आरोप लगाया गया था और जांच के नतीजे आने तक प्रत्येक को 500 मिस्र पाउंड (32) की जमानत पर रिहा कर दिया गया। पर्यटन मंत्रालय के फेसबुक पेज पर एक बयान के अनुसार, मिस्र की सर्वोच्च पुरातन परिषद के महासचिव मुस्तफ़ा वज़ीरी ने तस्वीरों को अनुचित मानते हुए मामले को अभियोजक के पास भेजने के लिए कहा था। बयान में वज़ीरी के हवाले से कहा गया, पुरातात्विक स्थलों और मिस्र की सभ्यता को नुकसान पहुंचाने के दोषी पाए गए सभी लोगों को दंडित किया जाएगा। इस मामले ने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है, कुछ उपयोगकर्ताओं ने अविश्वास और नाराजगी व्यक्त की है थी। हाल के महीनों में, मिस्र की अदालतों ने न्यायाधीशों द्वारा आपत्तिजनक समझी गई सामग्री साझा करने के लिए एक दर्जन सोशल मीडिया प्रभावितों के खिलाफ जेल की सजा सुनाई है।

सलमा को उसके फोटोग्राफर हौसा मोहम्मद के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था, जब सक्कारा क़ब्रिस्तान में कई स्मारकों के सामने प्राचीन फिरौन जैसी पोशाक पहने हुए उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके तुरंत बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अल-शिमी ने अदालत में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि प्राचीन स्थल पर बिना अनुमति के तस्वीरें लेना मना है और उनका मिस्र की संस्कृति को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देना था।

# टीवी पर लौटी बीआर चोपड़ा की महाभारत, जानें कब और कहां देखें यह पौराणिक शो?




महाभारत एक ऐसा शो है जिसे लोग आज भी देखना पसंद करते हैं। यह सीरियल उस समय प्रसारित हुआ था जब सभी घरों में टीवी नहीं हुआ करते थे। लेकिन लोग इस सीरियल को देखने के इतने शौकीन थे कि वे अपने पड़ोसियों के घर पर बैठकर घंटों तक महाभारत देखते थे। महाभारत की कहानी सबसे पहले टेलीविजन पर बीआर चोपड़ा ने दिखाई थी। उनका शो इतने सालों बाद भी दर्शकों के बीच हिट है. बीआर चोपड़ा के बाद एकता कपूर भी महाभारत शो लेकर आई, लेकिन पुराने शो का क्रेज जरा भी कम नहीं हुआ। समय-समय पर इस शो का जिक्र किसी न किसी वजह से होता रहता है। इसी बीच महाभारत सीरियल एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

रामानंद सागर की रामायण जितनी मशहूर है उतना ही क्रेज बीआर चोपड़ा की महाभारत का भी हमेशा से रहा है। यह धारावाहिक 1988 में दूरदर्शन पर शुरू हुआ था। तत्कालीन कलाकारों में नितीश भारद्वाज, गूफ़ी पेंटल, मुकेश खन्ना, सुरेंद्र पाल, पंकज धीर, गजेंद्र चौहान, प्रवीण कुमार, गिरिजा शंकर और रूपा गांगुली ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। जिन लोगों ने अभी तक बीआर चोपड़ा की महाभारत नहीं देखी है या फिर इसे दोबारा देखने के इच्छुक हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। बीआर चोपड़ा की महाभारत का प्रसारण दूरदर्शन पर ही किया जा रहा है। यह शो सोमवार से शनिवार शाम 5 बजे देखा जा सकता है।

आपको बता दें कि मशहूर सीरियल महाभारत 1988 में टीवी पर रिलीज हुआ था. रामायण की तरह ये सीरियल भी घर-घर में हिट था। इस धारावाहिक का निर्देशन बीआर चोपड़ा और उनके बेटे रवि चोपड़ा ने संयुक्त रूप से किया था। सीरियल में नीतीश भारद्वाज ने भगवान कृष्ण का किरदार निभाया था और द्रौपदी के किरदार में रूपा गांगुली घर-घर में मशहूर हो गई। इस सीरियल ने सफलता के कई कीर्तिमान स्थापित किये थे। प्रवीण कुमार सोबती ने भीम और पंकज धीर ने कर्ण की भूमिका निभाई थी। गुफी पेंटल ने शकुनी और गजेंद्र चौहान ने युधिष्ठिर की भूमिका निभाई थी। इस सीरियल में दुर्योधन का किरदार निभाकर पुनीत इस्सर ने खूब वाहवाही लूटी थी। इस सीरियल में शक्तिमान फेम मुकेश खन्ना ने भीष्म पितामह का किरदार निभाया था।

## वनाग्नि घटना पर धामी सरकार सख्त

**देहरादून(हि.स.)।** धामी सरकार चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन और वनाग्नि घटनाओं को रोकथाम को लेकर और सख्त हो गई है। इसी के तहत मुख्यमंत्री बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि नियंत्रण के संबंध में पूर्व में दिए गए निर्देशों की



समीक्षा करते हुए लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 17 अधिकारियों/कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वनाग्नि,चारधाम, आगामी मानसून को लेकर पूर्व और आगामी तैयारियों को लेकर बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वन विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफ़ी हद तक वनाग्नि पर काबू पाया जा चुका है और जल्द ही हम जंगल की आग को पूरी तरह बुझाने में कामयाब हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी अपने-अपने क्षेत्र की मॉनिटरिंग करने का काम करें। मुख्यमंत्री धामी ने फायर स्टेशनों पर वनाग्नि की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने और इसकी तत्काल सूचना डीएफओ, सीसीएफ, पीसीसीएफ के कंट्रोल रूम में दिए जाने की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए पिरूल लाओ-पैसे पाओ मिशन को शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में मानसून सीजन शुरू होने के साथ ही भूस्खलन की समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसको देखते हुए आज आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें निर्देशित किया है कि बरसात से पहले वह अपनी तैयारी को पूरा करने का काम करें।

## फिर विवादों से घिरी सिलक्यारा टनल, अब अपनी मांगों को लेकर श्रमिक अनशन पर

**अनशन**

**आज से इन सभी मजदूरो ने सुंरग के मुहाने पर अनशन आन्दोलन शुरू कर दिया है।**


**उत्तरकाशी/सिलक्यारा(हि.स.।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली बहुचर्चित निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल एक बार फिर से विवादों के घेरे में है। अब श्रमिकों और ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर टनल के मुहाने पर अनशन शुरू कर दिया है जबकि कुछ श्रमिकों ने प्रोजेक्ट मैनेजर के कार्यालय में बोनस फंडिंग को लेकर हंगामा काटा है। उधर बौखनाग मंदिर को लेकर ग्यूनोटी और वाण गांव के लोग पिछले लंबे समय से आक्रोशित हैं क्योंकि जब टनल में



41 मजदूर जिंदगी की जंग लड़ रहे थे तो बौख नागराजा ने अपनी कृपा दिखाकर उन मजदूरों को 17 दिन बाद बाहर का रास्ता दिखाया था। तब प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों और मुख्यमंत्री धामी ने यहां पर बाबा बौखनाथ का मंदिर बनाने की बात कही थी, लेकिन अब इस मंदिर निर्माण की बात भी नहीं की जा रही है, जिससे वहां के वाशिंदों में बहुत नाराजगी है। कुल मिलाकर सिलक्यारा टनल विवादों से घिरी हुई है और अब होटल व्यवसाय से जुड़े लोग भी कंपनी के खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि जब सिलक्यारा टनल में आपरेशन जिंदगी की जंग चल रही थी तो उस दौरान स्थानीय होटल व्यवसायियों ने शासन प्रशासन और मीडिया की मदद की थी और उसके लिए रहने व खाने की व्यवस्था की थी मगर आठ महीने बीत जाने के बाद भी उनका करोड़ों का बिल बकाया भुगतान उन्हें नहीं चुकाया गया है। जिलाधिकारी उत्तरकाशी को दिये गये अल्टीमेटम में श्रमिक उपेन्द्र लाल, मनोज, संजय, प्रकाश, अनिल, रामकृष्ण ने हवाला देते हुए बताया कि वे टनल की कार्यदाई संस्था नवयुगा कंपनी में श्रमिक के तौर पर 2019 से कार्यरत थे और अब उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, जिससे वे बेरोजगार हो गये हैं। इसके लिए वे भूख-हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो गए हैं। आज से इन सभी मजदूरो ने सुंरग के मुहाने पर अनशन आन्दोलन शुरू कर दिया है। इसकी सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और शांति बनाए रखने के प्रयास में जुट गये।

## पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली(हि.स.)।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई




जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। बिहार की 5 सीटों से 80, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट से 22, झारखंड की 3 सीटों से 54, लद्दाख की एक सीट से 3, महाराष्ट्र की 13 सीटों से 264, ओडिशा की 5 सीटों से 40, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों से 144 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों से 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## पित्रोदा का बयान विपक्षी गठबंधन को अस्वीकार, कांग्रेस ने किया किनारा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा की टिप्पणी ÷पूर्व में लोग



चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं÷ से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। सैम पित्रौदा का यह बयान विपक्षी गठबंधन ने उनका निजी बयान बताया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा ने विरासत कर के बाद एक और विवादास्पद बयान दिया है। सैम पित्रौदा ने कहा है ÷पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं इसके बावजूद हम एक हैं ।

इसके बाद आज (बुधवार) कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक साझा पोस्ट में लिखा कि %सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं' जयराम ने यह भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और अस्वीकार करती है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान का विपक्षी गठबंधन का कोई नेता समर्थन नहीं करता है। शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते और न ही ये कोई मुद्दा है और न ही ये देश पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देना चाहता है। डीएमके नेता टीकेएस एलानगोवन ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि यह हमारा बयान नहीं है। हम सब साथ है।

यहां कई धर्म, संस्कृति, भाषाएं हैं, लेकिन हमने कभी भारत के लोगों में भेद नहीं किया। हम भाषा और संस्कृति की समानता की बात करते हैं और ये मानते हैं कि भारत के हर राज्य में रहने वाले लोग समान हैं।

## तृणमूल कार्यकर्ताओं ने संघ से जुड़े युवा कलाकार को कोलकाता छोड़ने को किया मजबूर

**कोलकाता (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक युवा कलाकार को सिर्फ इसलिए कोलकाता छोड़ने को मजबूर कर दिया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा हुआ है। पीड़ित कलाकार का नाम शीर्ष आचार्य है। देश विभाजन के समय उनके दादा पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से पश्चिम बंगाल आए थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। उसके बाद से उनके परिवार का संपर्क संघ से रहा है। 24 वर्षीय शीर्ष आचार्य कस्बे में किराए का मकान लेकर रहते थे और लोगों को पेंटिंग सिखाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। विगत दिसंबर-जनवरी में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अक्षत वितरण कार्यक्रम के लिए संघ के कुछ पदाधिकारियों ने आचार्य से बातचीत की थी। इस पर तृणमूल कार्यकर्ताओं की नजर पड़ गई। इसके बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही थी। पिछले रविवार को वार्ड-115 में रहने वाला एक तृणमूल कार्यकर्ता




उनके घर गया और उन्हें काफी धमकी दी। शीर्ष आचार्य ने यह जानकारी स्थानीय काउंसलर सुशीला मंडल के पति तरुण मंडल को दी। उन्होंने शीर्ष से कहा कि वह सोमवार को 11 बजे पार्टी ऑफिस आकर बातचीत कर इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। वहां शीर्ष गए लेकिन तरुण नहीं मिले। कुछ देर इंतजार के बाद जब शीर्ष वहां से जाने लगे तो कुछ लड़के उन्हें पार्टी ऑफिस के अंदर ले गए। उनके साथ मारपीट की, उनका चश्मा तोड़ दिया। उन्हें धमकी दी गई कि इलाका छोड़ दो नहीं तो शाम तक तुम्हें तालाब में डुबा देंगे। शीर्ष ने भाजपा नेता देवजीत सरकार को तुरंत मामले की जानकारी दी। बीस मिनट के अंदर देवजीत पहुंचे और मदद का आश्वासन दिया लेकिन शीर्ष जोखिम नहीं लेना चाहते थे। उन्होंने बैग में कुछ सामान रखा और शाम 05 बजे निकल पड़े। सियालदह से ट्रेन पकड़ी और देर रात मुर्शिदाबाद स्थित अपने घर पहुंचे। स्थानीय कस्बा थाने ने इस बारे में कोई भी जानकारी होने से भी इनकार किया है। काउंसलर सुशीला मंडल के पति तरुण मंडलत ने कहा कि हां, एक फोन आया था लेकिन उसके बाद क्या हुआ मुझे नहीं पता। पार्षद सुशीला मंडल से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो सकी। स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक देवयानी भट्टाचार्य ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शीर्ष आचार्य को किराए के घर को छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि उन्होंने राम मंदिर आदि की तस्वीरें बनाईं? एक अन्य पोस्ट में देवयानी ने लिखा कि पहले सरस्वती सरकार का सिर फाड़ दिया गया, फिर शीर्ष आचार्य को भगा दिया गया। क्या कस्बा कोलकाता का नया ÷मिनी पाकिस्तान÷ है? अभिनेता-निर्देशक संजय दास ने कहा कि शीर्ष को थप्पड़ मारा गया और घर छोड़ने को कहा गया, कहीं कोई विरोध नहीं हुआ।

### आतंकवादियों की तलाश में पुंछ के सुरनकोट में तलाशी अभियान पांचवें दिन तेज

**पुंछ (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुंछ के सुरनकोट में घेराबंदी और तलाशी अभियान बुधवार को पांचवें दिन भी चल रहा है। इस हमले में एक कॉर्पोरल रैंक का जवान बलिदान हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सहित अन्य सुरक्षाबलों ने सुरनकोट बेल्ट में करीब 20 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तलाशी अभियान को और तेज कर दिया है और पांच किलोमीटर से ज्यादा इलाके की तलाशी ली गई है। ड्रोन और खोजी कुत्तों समेत निगरानी उपकरणों से लैस होकर पुंछ जिले के सुरनकोट बेल्ट और आसपास के इलाकों में शाहसितार, गुरसाई, सनाई, लसाना और शींदरा टॉप में तलाशी अभियान चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

## पाक सेना ने कहा, पांच चीनी नागरिकों के मौत की अफगानिस्तान में रची गई साजिश

**इस्लामाबाद (हि. स.)।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में एक



आत्मघाती हमले पांच चीनी नागरिकों की मौत की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी।

सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी देश की धरती का इस्तेमाल किया गया था।

शरीफ ने कहा, यह आत्मघाती बम धमाका सीमा पार (अफगानिस्तान में) से भी जुड़ा है; इस आतंकवादी गतिविधि की योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी। आतंकवादियों और उनके मददगारों को भी अफगानिस्तान से नियंत्रित किया जा रहा था और आत्मघाती हमलावर भी अफगान था। इस साल मार्च में शांगला जिले के बिशम इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी कार से उस वाहन में टक्कर मार दी थी जिसमें पांच अभियंता सवार थे। हमले में चीनी अभियंताओं के साथ पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित इस्लामाबाद से प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले के मुख्यालय दासू में अपने शिविर की ओर जा रहे थे।

## ट्रंप के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने अदालत में दी गवाही

**निमंत्रण**

**पोर्न स्टार ने बताया कि कुछ देर बाद ट्रंप के बॉडीगार्ड उनके पास आए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज करने का निमंत्रण दिया।**

**न्यूयार्क (हि. स.)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने मंगलवार को अदालत में दोनों के बीच यौन संबंधों और चुप रहने के बदले धन देने के मामले में गवाही दी। गवाही के दौरान पोर्न स्टार डेनियल 2006 में गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई पहली मुलाकात की जानकारी दी।

ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि इस मामले



में आदेशों का उल्लंघन करने पर अदालत अब तक पूर्व राष्ट्रपति पर 10 हजार डॉलर का जुर्माना लगा चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेशों के दोबारा उल्लंघन पर जेल भेजने की भी चेतावनी दी है। 45 वर्षीय पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का वास्तविक नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है। उन्होंने गवाही के दौरान अभियोजकों के सवाल पर जूरी को बताया कि ट्रंप से उनकी पहली मुलाकात 2006 में लेक ताहो गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। वहां ट्रंप प्रतिस्पर्धी थे। डेनियल ने बताया कि फिल्म निर्देशित किए जाने की जानकारी ट्रंप ने उन्हें काफी स्मार्ट बताया। पोर्न स्टार ने बताया कि कुछ देर बाद ट्रंप के बॉडीगार्ड उनके पास आए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज करने का निमंत्रण दिया। हालांकि, उन्होंने शुरुआत में मना कर दिया लेकिन बाद में वह राजी हो गईं। उन्होंने बताया कि होटल पहुंचने पर ट्रंप ने केवल पजामे में उनका स्वागत किया था। डेनियल ने बताया कि इस मुलाकात में उन्होंने पहनावे को लेकर उनका मजाक उड़ाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान पत्नी मेलानिया से शादीशुदा होने के दौरान उनके बीच अंतरंग संबंध बने। गवाही के दौरान ट्रंप काफी परेशान नजर आए।

### हमास की सैन्य क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में फराह पर नियंत्रण महत्वपूर्ण कदम : नेतान्याहू

**काहिरा(हि. स.)।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि रफाह सीमा के गाजा क्षेत्र पर सेना का नियंत्रण हमास की सैन्य और आर्थिक क्षमताओं को खत्म करने की दिशा में एक 'महत्वपूर्ण कदम' है। रफाह सीमा पर मंगलवार को कब्जे के साथ ही इजराइल को गाजा की सीमाओं पर पूर्ण नियंत्रण मिल गया। यह सीमा क्षेत्र में मानवीय सहायता के लिए मुख्य मार्गों में से एक है। इजराइल ने 2005 में यहां से सैनिक हटा लिये थे। अमेरिका में पुलिस कई विश्वविद्यालयों में घुसकर धरने हटवा चुकी है, लेकिन फलस्तीन समर्थकों का आंदोलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने फिर एमआईटी में बनाए शिविर पर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी में प्रदर्शनकारियों से कहा गया था कि वे स्वेच्छा से कब्जा हटा लें नहीं तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। इसके लिए सोमवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। कई प्रदर्शनकारियों ने कब्जा हटा लिया, लेकिन बाद में विश्वविद्यालय के बाहर से प्रदर्शनकारियों के आने के बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर फिर कब्जा कर लिया।

### करीब 24 घंटे की शांति के बाद कुलगाम में मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू

**कुलगाम (हि.स.)।** करीब 24 घंटे की शांति के बाद बुधवार शाम को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फिर से गोलीबारी शुरू हो गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रेडवानी इलाके में मलबा साफ करने के दौरान एक छिपे हुए आतंकवादी ने सुरक्षाबलों पर फिर से गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बारे में आगे की जानकारी बाद में साझा की जाएगी। इससे पहले मंगलवार को इसी मुठभेड़ में 10 लाख के इनामी कमांडर बासित डार समेत टीआरएफ के दो आतंकवादी मारे गए थे।

## ब्रिटेन की अदालत ने नीरव मोदी को दिया झटका, भागने की आशंका के मद्देनजर जमानत की याचिका खारिज की

**लंदन(हि.स.)।** भारत का भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की अदालत ने एक और झटका देते हुए उसकी नई जमानत याचिका को खारिज कर दिया। ज्ञात रहे कि नीरव मोदी भारत से धोखाधड़ी करके भागने के बाद से पिछले पांच साल से लंदन की जेल में बंद है। ब्रिटेन की अदालत ने उसकी जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज किया कि उसे न्याय की पकड़ से भागने का 'काफी खतरा' है। हीरा व्यापारी नीरव (52) भारत में धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना कर रहा है और भारत को प्रत्यर्पित करने के खिलाफ अपना मुकदमा हार गया था। लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में उसके द्वारा दाखिल की गई जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान वह उपस्थित नहीं हुआ लेकिन उसका बेटा और दो बेटियां मौजूद थे। जिला न्यायाधीश जॉन जानी ने उसकी कानूनी टीम की इस दलील को स्वीकार कर लिया कि पिछली जमानत अर्जी करीब साढ़े



तीन साल पहले दाखिल की गई थी और इतने समय बाद सुनवाई को आगे बढ़ाने की अनुमति देने के लिए परिस्थितियों में बदलाव आया है।

न्यायाधीश जानी ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद फैसले में कहा, ''हालांकि, मैं संतुष्ट हूं कि जमानत के खिलाफ पर्याप्त आधार बने हुए हैं। एक वास्तविक और पर्याप्त जोखिम यह है कि नीरव मोदी अदालत में उपस्थित होने या गवाहों के साथ हस्तक्षेप नहीं करने में विफल रहेगा। उन्होंने कहा, इस मामले में, किसी भी स्तर पर, एक बहुत बड़ा धोखाधड़ी का आरोपी शामिल हैज ऐसा में जमानत नहीं दी जा सकती है और आवेदन अस्वीकार किया जाता है।

सीपीएस बैरिस्टर निकोलस हर्न ने अदालत को बताया, ''उसने भारतीय अदालत में आरोपों का सामना न करने के लिए अपना पूरा दृढ़ संकल्प प्रदर्शित किया है और यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि संबंधित धोखाधड़ी एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें से केवल 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर जब्त किए गए हैं। इसलिए, उसके पास अभी भी विभिन्न न्यायक्षेत्रों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच हो सकती है। सुनवाई के लिए भारत से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक संयुक्त टीम पहुंची थी और अदालत की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रही।

भारत में नीरव के खिलाफ तीन आपराधिक मामले चल रहे हैं जिनमें पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में धोखाधड़ी का सीबीआई मामला, उस धोखाधड़ी की आय की कथित धनशोधन से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय का मामला और तीसरा सबूतों और गवाहों से कथित छेड़छाड़ को लेकर आपराधिक कार्यवाही। उसे 19 मार्च, 2019 को प्रत्यर्पण वारंट पर गिरफ्तार किया गया था और ब्रिटेन की तत्कालीन गृह मंत्री प्रीति पटेल ने अप्रैल 2021 में उसके प्रत्यर्पण का आदेश दिया था।

## नेपाली सौ के नोट पर विवादित नक्शा प्रकाशित करने का राष्ट्रपति के सलाहकार ने किया विरोध

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाली सौ के नोट पर विवादित नक्शा प्रकाशित करने का चौतरफा विरोध हो रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल, सत्ता पक्ष के मंत्री, सांसद के अलावा नेपाली सेना के प्रधान सेनापति के बाद अब राष्ट्रपति के सलाहकार ने भी विरोध किया है। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के आर्थिक मामलों के सलाहकार चिरंजीवी नेपाल ने सरकार के इस फैसले को कूटनीतिक मर्यादा के विपरीत बताया है। काठमांडू में आयोजित इकॉनमिक कनक्लेव में राष्ट्रपति के सलाहकार ने कहा कि सरकार का यह फैसला अविवेकपूर्ण है और इसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम होंगे। कनक्लेव में चिरंजीवी नेपाल ने कहा कि एक तो ऐसे ही देश का अर्थतंत्र सरकारी नीति के कारण डांवाडोल है, अब सरकार के इस फैसले से भी अर्थतंत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि नेपाली सौ के नोट को विवादित नक्शे के कारण




भारत ने मान्यता नहीं दी तो वेनेजुएला की तरह हमारा नोट किलो के भाव में भी नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि जिस मुद्दे को कूटनीतिक टेबल पर राजनीतिक समझदारी के साथ सुलझाना चाहिए, उस पर भारत को चिढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि नेपाल और भारत के साथ संबंध बिगाड़ने के लिए कहीं किसी तीसरे के इशारे पर या दबाव में तो यह कदम नहीं उठाया गया है?

# पेट्रोल पंप पर भी जगाई मतदाता जागरूकता की अलख

अवधनामा संवाददाता

- जिलाधिकारी ने अभियान का किया शुभारंभ



**जौनपुर।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत प्रभा फीलिंग पेट्रोल पंप वाजिदपुर पर मतदाताओं को जागरुक करने के लिये एक नए अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल पंपों पर आने वाले वाहनों, बाइक व कार पर स्टीकर चिपकाएं और सेल्फी भी ली। उन्होंने इस अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान के लिये लोगों को प्रेरित किया। साथ ही लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही व प्रभा पेट्रोल पंप के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी का बुके प्रदान कर स्वागत किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान तिथि 25 मई अपना वोट ज़रुर करें जागरूकता संदेश के स्टीकर चिपकाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि घर-घर तक लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करने का संदेश पहुंचाने के लिए विभिन्न तरह की स्वीप गतिविधिया निरन्तर की जा रही है। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया की लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होते हुए अपना वोट ज़रुर करें। और अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करें, विशेषकर बाहर दूसरे शहरों में गये लोगों को वोट करने के लिए ज़रुर बुलाए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी और पेट्रोलियम वितरक समिति से अपेक्षा की है कि अब जिस भी पेट्रोल पंपों पर जो भी वाहन तेल डलवाने आएंगे, उन सभी वाहनों पर भी जागरुकता संदेश लिखे स्टीकर चिपकाए जाए जिससे 25 मई को मतदान हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सकें।

जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने कहा कि मतदान में सभी मतदाताओं की भागीदारी ज़रुरी है कोई भी वोटर मतदान करने के छूटने न पाये इसलिए शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। पेट्रोलियम वितरक समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने आश्वस्त किया है कि इस मतदाता जागरूकता अभियान में पेट्रोल संघ बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है और सभी पेट्रोल पंपों पर बैनर स्टीकर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। दो दिन पूर्व जिलाधिकारी द्वारा दिए गए नारे ÷एक वोट देश के लिए, एक पेड़ परिवेश के लिए÷ से प्रेरित होकर जिलाधिकारी एवं अतिथियों को पौधा प्रदान किया गया। संचालन तुफैल अहमद ने किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, एरिया विक्रय प्रबंधक रुपेष सिंह, क्षेत्रीय खाध अधिकारी योगेन्द्र कुमार, अमिता द्विवेदी, पूर्ति निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी, रत्नेश कुमार व विन्ध्यवासिनी उपाध्याय, रामपाल सिंह, दिवाकर सिंह, अजय कुमार सिंह,सहित काफी संख्या में पेट्रोल पंप मालिक व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण के विभिन्न संगठनों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (तेजीबाजार)** क्षेत्र के नाहरपुर नाथ निकेतन कार्यालय कैंप पर विभिन्न ब्राह्मण संगठनों की सम्मिलित बैठक हुई जिसमें सभी ने निर्णय लिया कि अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सभी संगठन मिलकर एक साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा निकालेंगे जिसमें पं. अवध नारायण तिवारी, डॉ. अतुल कुमार दुबे,स्वामी श्याम जी महराज एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारीयों कि संगठित बैठक में यह निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा की शुरुआत 10 मई 2024 दिन शुक्रवार समय दोपहर तीन बजे यात्रा शिव मंदिर पी. डब्लू तिराहा से कचहरी, जेसीज चौराहा, ओलन्दगंज, रूहट्टा, पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए शिव मंदिर कृषि भवन में संपन्न होना सुनिश्चित हुआ है। जहां महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान परशुराम की झांकी एवं रथ डीजे के साथ शंखनाद करते हुए यात्रा संपन्न कराई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार अमित पाण्डेय के द्वारा की गई मौके पर डॉ ज्ञान प्रकाश मिश्र,जयेंद्र कुमार शुक्ला, संजीव पाठक, अश्वनी शुक्ला, अरुण पाठक, बृजेश तिवारी, शेषमणि पांडे,जगदीश उपाध्याय, श्याम मिश्रा, पंकज उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, दीपक मिश्र, अमरपाल तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, नागेंद्र मिश्रा व डॉ महेश मिश्र तथा संगठन के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एआरपी ने अध्यापकों को बताया नई शिक्षण तकनीक



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर(महराजगंज)** जगापुर बनकट न्याय पंचायत के कंपोजिट स्कूल अहिरौली,जगा पुर बनकट, प्राथमिक विद्यालय सोनपुरा आदि स्कूलों में छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी विषय पढ़ाने के साथ अध्यापकों को बताएं शिक्षक के गुण। अध्यापकों को शिक्षक संदर्शिका का उपयोग एवं निपुण लक्ष्य हासिल करने के उपाय बताएं। शिक्षण कार्य में दीक्षा एप के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया।समय समय पर परीक्षा लेकर सफल छात्रों को पुरस्कृत करने के साथ कमजोर छात्रों को विशेष शिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया।खेल गतिविधि के माध्यम से रुचिकर शिक्षण प्रदान करने से छात्रों का अधिगम स्तर ऊपर उठेगा। छात्रों को ड्रेस,बैग, जूता मोज़ा का पैसा डीबीटी के माध्यम से स्थानांतरित करने का कार्य जल्द पूर्ण कर ले।जिन विषयों की नई किताबें अभी तक उपलब्ध नहीं हो सकी है। उन विषयों की पुरानी किताबें छात्रों को उपलब्ध कराएं। प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से सहयोग कायाकल्प का अवशेष कार्य जल्द पूर्ण कराए। इस दौरान धर्मेंद्र सिंह, रमाशंकर पाल,विक्रम यादव आदि अनेकों अध्यापक मौजूद रहे।

## न्यायालय आदेश के बावजूद अवैध कब्जा का प्रयास जारी

**निजामाबाद,आजमगढ़।** थाना सरायमीर अंतर्गत ग्राम बस्ती में आराजी नंबर 893,894, 895 ख, 896, 897 में अग्रिम आदेश तक अवैध निर्माण ना हो मौके पर यथा स्थिति बनी रहे। आदेश के बावजूद विपक्षीगढ़ मिट्टी गिरकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। स्थानीय थाने पर सहयोग न करने का आरोप लगाया जा रहा है। पीड़ित द्वारा बताया गया कि आराजी के अंश पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है वादी के खाता बंटवारा होने पर मौके की यथा स्थिति बनाए रखना अति आवश्यक है। यदि प्रार्थी के भूमि में विपक्षी अवैध निर्माण करने में सफल हो गया तो दावे का मकसद असफल हो जाएगा विपक्षी भू माफिया एवं सरकस तथा गोलबंद है। उप जिलाधिकारी निजामाबाद के न्यायालय में खाता विभाजन का बाद प्रस्तुत किया गया है जिसमें न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है। वादी मोहम्मद असलम पुत्र फखरुद्दीन मुख्तार आम सगा भाई वादी मोहल्ला पुराना थाना सरायमीर मुकदमा मोहम्मद आजम बनाम शकील आदि उप जिलाधिकारी न्यायालय में बीचाराधीन है।

# अप्राकृतिक कुकर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

- वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके करता था गंदा काम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने दसवीं कक्षा के छात्र को धमकी देकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोपी को आजीवन कारावास एवं 55000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 4 अक्टूबर 2022 को थाने में तहरीर दिया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र कक्षा 10 में पढ़ता है। कुछ दिनों से वह गुमसुम रहता है, और खाना पीना छोड़ दिया है। बहुत पूछने पर उसने अपनी मां व मेरे सामने रोते हुए बताया कि अनुराग गुप्ता उर्फ छट्टू पुत्र राधेश्याम निवासी सराय ख्वाजा उसे बुलाकर जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करके वीडियो बना लिए। 21 फरवरी 2022 को रात में बुलाकर उसके साथ फिर अप्राकृतिक संबंध बनाया और कहा कि मैं जब-जब बुलाऊंगा तब तक आना होगा नहीं तो यह वीडियो तुम्हारे स्कूल व सोशल मीडिया पर भेज दूंगा। उसका आत्महत्या करने का विचार बनने लगा था। विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी अनुराग गुप्ता को भा.दं.वि. की धारा 377 के अंतर्गत आजीवन कारावास व 55000 रुपये अर्थ दंड से दंडित किया।

# टीबी मुक्त भारत बनाना हम-सब की जिम्मेदारी

- रेडक्रास जौनपुर ईकाई की तरफ से पोषण पोटली व हाइजिन किट का वितरण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बुधवार को विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास जौनपुर ईकाई द्वारा रेडक्रास भवन पर बड़ी संख्या में उपस्थित टीबी मरीजों को पोषण पोटली एवं महिलाओं को पोषण पोटली के साथ ही हाइजिन किट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री का संकल्प है कि, 2025 तक भारत में टीबी के मरीजों की संख्या समाप्त हो जाय और भारत टीबी मुक्त देश बन जाय। टीबी की बीमारी सही खान-पान व नियमित दवा के सेवन से ठीक हो रही। बड़ी संख्या में लोग टीबी से ठीक हो चुके हैंऔर जो बचे हैं,वह भी 2025 तक सही हो जायेंगे। प्रधानमंत्री का टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में हम सभी के सहयोग की जरूरत है। इसी क्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर द्वारा ब्लॉक सिरकोनी के वर्ष 2024 में गोद लिए गए कुल 53 क्षय रोगियों को पोषण किट और हाइजिन किट का वितरण रेडक्रास भवन, जौनपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में किया गया। रेडक्रास सोसायटी जौनपुर इकाई के सभापति डा.आर.के.सिंह, एसीएमओ डा. राजीव कुमार,सचिव डॉ. मनोज वत्स, कोषाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, डीटीओ राकेश सिंह, डा. अंजू सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर चन्द्रेश द्विवेदी,प्रकांत दूबे, रवि सिंह ,डा. एसएन सिंह, डा. विमला सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, आशीष श्रीवास्तव, सलिल यादव, अरुण मौर्य, बल्लभ सेठ, हर्ष श्रीवास्तव, नितिन चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# वर्तमान परिवेश में दुखरन की सोच और विचार अनुकरणीय: दयाराम

- 19वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये समाचार पत्र विक्रेता संघ के संस्थापक
- आज के दौर में बहुत कम दिखती है दुखरन यादव की बेबाकी: मुन्नू यादव



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाचार पत्र विक्रेता संघ के संस्थापक एवं कमजोर वर्ग की आवाज रहे दुखरन यादव की 19वीं पुण्यतिथि रविवार को श्री मेल्हू यादव मेमोरियल इंटर कालेज के प्रागण में समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष जगदीश यादव के संयोजन व दीवानी बार के पूर्व अध्यक्ष दयाराम यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दयाराम यादव ने कहा कि स्व. दुखरन यादव ने अपनी पहचान ग्रामीण स्तर से लेकर शहर के बुद्धजीवी एवं समाजसेवियों के बीच कायम की। आज के राजनीतिक परिवेश में दुखरन की सोच और उनके विचार अनुकरणीय हैं। समाज में एक-दूसर दूसरे के दुख के प्रति सहानिभूति व उसके निराकरण के लिए उनकी तत्परता यादगार विषय है। उनके कार्य व्यवहार को खुद में उतारने का संकल्प लेने की जरूरत है। कांग्रेस नेता मुन्नू यादव ने स्व. यादव के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि दुखरन यादव की बेबाकी आज के दौर में बहुत कम दिखती है।

कार्यक्रम में सुआल प्रसाद गोंड, जुल्फेकार बेग, अब्दुल रहमान एडवोकेट, रामचन्दर यादव, रामप्रकाश तिवारी, राममूरत पहलवान, रामबचन यादव, जयप्रकाश लाल, प्रदीप यादव, हंसराज यादव, रामकेश यादव ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर विनोद सिंह, मनोज ओझा, शतीष चन्द्र मिश्रा, प्रेमनारायण सिंह, शंकर पहलवान, गोपाल चौधरी, विजय यादव, राजाराम यादव, दयाराम यादव, रामसिंह यादव, लालू टंडन, राकेश यादव, कपिलदेव चौहान आदि उपस्थित रहे। संचालन तेजबहादुर यादव एडवोकेट ने किया।

# भाजपा नेता व पूर्व विधायक सपा में शामिल



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक सगड़ी अभय नारायण पटेल ने सपा अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव की विचारधारा से प्रेरित होकर तथा पीडीए के आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए, देश और प्रदेश को महंगाई बेरोजगारी पेपर लीक अग्निवीर से निजात दिलाने हेतु आज अपने समर्थकों संग सैफई में अखिलेश यादव के घर पर आजमगढ़ सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में पी डी ए के हितों की लगातार उपेक्षा से परेशान होकर तथा अग्निवीर महंगाई बेरोजगारी पेपर लीक संविधान और लोकतंत्र पर आसन्न खतरे को देखते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी में घर वापसी की उनके साथ एकमी सिंह पटेल पूर्व प्रमुख, परदेसी राम पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने भी पार्टी ज्वाइन की उपरोक्त अवसर पर श्याम बहादुर यादव, देवनाथ यादव, यश पाल पटेल, नदीम अख्तर, आलोक पटेल, लल्लन, सुरेंद्र बहादुर, एजाज अहमद, शैलेंद्र यादव, दानिश भी उपस्थित रहे। उनके घर वापसी का आजमगढ़ समाजवादी पार्टी ने स्वागत किया है।

# सात दहशतगर्दो के विरुद्ध की गई जिला बदर की कार्यवाही

**सुल्तानपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 को शान्ति पूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिसके चलते क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले व्याप्त कुल 07 दहशतगर्दो को मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) की कोर्ट ने जिले की सीमा से बाहर करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर किया है। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह द्वारा जारी अपने आदेश में कहा है कि दर्ज आपराधिक मुकदमों को देखते हुए, पुलिस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र में शांति बनी रहे ऐसी स्थिति में थाना धनपतगंज क्षेत्र के मायंग गांव निवासी अतुल सिंह सुत मृगेंद्र सिंह व चंचल सिंह उर्फ उत्कर्ष सिंह सुत स्वर्गीय बृजेश सिंह, अभिनव सिंह उर्फ आशु सिंह सुत सुधीर सिंह, के अलावा थाना धम्मौर क्षेत्र के ग्राम समनाभार कटरा निवासी अखिलेश सुत बब्बू व रमेश सुत बब्बू, के साथ मनभौना ग्राम खेतकुरी निवासी विकास कुमार सुत बुद्धिराम व रामपुर गांव निवासी रविकरन सिंह सुत राम अकबाल सिंह थाना धम्मौर पर दर्ज अपराधिक मुकदमे को देखते हुए 6 माह के लिए जिले से निष्कासित कर दिया है।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 01/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0कें0ओ/2024–25 | लखनऊ मंडल के अन्तर्गत एक्स.ई.एन ब्रिज लाइन लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत पुल सं0 320(4x30.5m), 391(1x18.3m), 416(6x18.3m), 429A(3x18.3m) & 484(1x12.2m), Br No. 15UP & DN(2x12.2m), 16DN(1x12.2m), 22A(3x12.2m), 23DN (1x12.2m+1x9.15m), 32UP & DN(2x6x18.3m), 205(12x18.3m) and 206(1x18.3m के कोरोडेड/छिद्रित ब्रेसिंग, गसेट प्लेट, क्रॉस फ्रेम, टॉप फ्लैंज एंगल और अन्य सदस्यो का लूज रिवेट सहित बदलाव और पुल सं0 24 (एन.ई.आर)/डाउन लाइन के प्रोटेक्शन शीट का बदलाव, और विभिन्न प्रकार के पुल के मरम्मत कार्य सहित स्टील ब्रिज गर्डर और अन्य स्टील संरचना के पेन्टिंग का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 98054782.64 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 640300.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 13.05.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 27.05.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–01/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0कें0ओ/2024–25
दिनांक 01.05.2024 1388/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बीजेपी ने कहा 400 सीटें आने पर हम संविधान बदल देंगे: धर्मेंद्र

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने मेंहनगर विधानसभा में रसड़ा महंगुगंज, भरथीपुर, मालपार, बासुपुर, गहुनी में आयोजित चौपाल कार्यक्रमो में शामिल होकर जनता से समाजवादी पार्टी के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि भाजपा को हटाने में सहयोग करिये अग्निवीर योजना, पेपर लीक, महंगाई ,बेरोजगारी से इंडिया गठबंधन की सरकार निजात दिलायेगी, संसद में मजबूती से आपकी वकालत करूंगा आपकी समस्याओं को लोकसभा में उठाने का काम करूंगा, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बीजेपी के कई बड़े नेता सार्वजनिक रूप से यह बोल चुके हैं कि 400 सीटें आने पर हम संविधान बदल देंगे आज सबसे बड़ी भूमिका जनता जनार्दन की है आपके एक वोट से संविधान बदलने आरक्षण खत्म करने की भाजपा सरकार की मंशा को नेस्तनाबूत किया जा सकता है। कार्यक्रमों उनके साथ विधायक पूजा सरोज,राम जग राम, कमला यादव, नन्द किशोर यादव, आशिरवाद यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी तथा क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# मेरा सोनभद्र मेरी शान, जरूर करें मतदान

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक आर पी यादव ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवम खण्ड शिक्षा अधिकारी चोपन त्रय के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा विकासखंड चोपन में आज मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन ओबरा नगर क्षेत्र में किया गया। जन मानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज ओबरा , शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ओबरा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरटिया व बिल्ली विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई । उक्त रैली को जिला विद्यालय निरीक्षक खंड शिक्षा अधिकारी प्रधानाचार्य मुकुंद सिंह गौर एवं भावना शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में GGIC ओबरा की शिक्षिका पूनम मैम द्वारा स्वरचित गीतों सहित ..देश के मतदाता है ..भारत भाग्य विधाता है उम्र 18 पूरी है... वोट देना जरूरी है, मतदान संबंधी नारो से नगर परिक्षेत्र की गलियां गुंजायमान रही। खंड शिक्षा अधिकारी महोदय चोपन सुनील कुमार द्वारा उपस्थित प्रधानाचार्य गण, शिक्षक शिक्षकाओ और उपस्थित जनमानस को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलाई गई।

इस आयोजन में SRG विद्यासागर, मुकुंद सिंह (प्रधानाचार्य, शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज) भावना शुक्ला, SVEEP नोडल शिक्षक अनिल पासवान एवं आनंद त्रिपाठी सहित बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षक गण रुद्र मिश्र, ज्ञान प्रकाश, अरविंद यादव, कुंवर प्रताप , सुनील प्रसाद, राहुल त्रिपाठी, अरविंद शर्मा व माध्यमिक शिक्षा विभाग से विजय दुबे, पार्वती केशरी, अर्चना यादव, आशा देवी व पूनम मैम सहित सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं व नगर वासी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने किया कार्य बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के विकास खंड कोयलसा के ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों और मनरेगा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी पर उत्पीड़न करने व धन उगाही करने का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर इस मामले में उचित कार्यवाही की मांग की। मुख्य विकास अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में ग्राम पंचायत सचिवों का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा जांच के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है और निलंबित करने की धमकी दी जाती है। इसके साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है।

ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष दुर्गा राय ने बताया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा स्थलीय सत्यापन के दौरान सचिव सभाराम वर्मा के अशिष्ट शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र व्यवहार किया गया जो निंदनीय है। विकास खंड के सभी कर्मचारियों का खंड विकास अधिकारी द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। धन उगाही के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसलिए सभी कर्मचारियों सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। संगठन द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष आशीष सिंह, धनंजय यादव, देवेंद्र तिवारी, अभिषेक मिश्रा, आलोक यादव, गौरव सिंह, आलोक कुमार, केशव यादव, पंकज कुमार, सभाराम वर्मा, राजेश वर्मा, अजय यादव, प्रदीप कुमार सिंह, संदीप यादव तमाम लोग मौजूद रहे।

# मतदान से 48 घंटे पूर्व ही बंद हो जायेगी सभी आबकारी की दुकानें

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट जनपद बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल ने आदेशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 576/14/ 2024/EPS/दिनांक 16 मार्च 2024, एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-335/सी0ई0ओ0-2-10/2-2024 लखनऊ दिनांक 17.03.2024 के अनुपालन में विशेष संचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पात्र संख्याः 269 ई-2/तेरह-2024-230964 आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 22 मार्च 2024, में दिये गये निर्देशों के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को निष्पक्ष पारदर्शी, स्वतन्त्र और निर्विघ्न निर्वाचन संचालन कराने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 को धारा -135 (ग) के खण्ड (एक) में यथा उपबन्धित के अनुसार मतदान की समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना के दिन जनपद के मतगणना स्थल से सम्बन्धित क्षेत्रों में आबकारी की समस्त दुकानें मादक वस्तुओं की बिक्री के लिये पूर्णतया बन्द रखी जायेगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की शराब की दुकानें, होटल रेस्त्रां क्लब और शराब बेचने और वितरण करने थाले अन्य संस्थानों को शराब बेचने तथा पेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। मतदान के पंचम चरण दिनांक 20 मई, 2024 आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी का क्षेत्र जनपद बांदा के समस्त आबकारी अनुज्ञापन एवं जनपद बांदा की सीमा से 8 किलोमीटर परिधि में पडने वाले उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जनपद व मध्य प्रदेश राज्य के जनपद पन्ना, सतना, छतरपुर के समस्त आबकारी अनुज्ञापन दिनांक 18 मई, 2024 को सायं काल 6:00 बजे से दिनांक 20 मई, 2024 के सायं काल 6:00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक आबकारी अनुज्ञापनों की बंदी रहेगी।

# नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ानें रद्द होने पर मांगी रिपोर्ट




**नई दिल्ली (हि.स.)।** नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से 80 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने के मामले में रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से इस मामले का समाधान करने को भी कहा है। इसके साथ ही एयरलाइन को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्देशों के मुताबिक यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ानें रद्द होने के मुद्दे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से उड़ानें रद्द होने के मुद्दे को तुरंत सुलझाने को कहा है। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बड़ी संख्या में चालक दल के सदस्यों के बीमार होने की सूचना के बाद छुट्टी पर चले जाने पर मंगलवार देर रात से अबतक करीब 90 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में एयरलाइन की करीब 90 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ाने रद्द की गईं हैं। इस मामले में डीजीसीए के अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। दरअसल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसको लेकर पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रह रहे हैं।

## केनरा बैंक का चौथी तिमाही में मुनाफा 18 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ने शेयरधारकों को 16.10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है।

केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,685 करोड़ रुपये थी। इस दौरान उसकी ब्याज आय बढ़कर 28,807 करोड़ रुपये पर पहुंच गई गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 23,910 करोड़ रुपये थी।

केनरा बैंक ने जारी बयान में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 31 मार्च, 2024 तक घटकर कुल अग्रिम के 4.23 फीसदी पर आ गईं है। इससे पहले मार्च, 2023 के अंत तक बैंक का सकल एनपीए 5.35 फीसदी था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए भी 2024 के अंत तक घटकर 1.27 फीसदी रह गया है जबकि एक साल पहले बैंक का शुद्ध एनपीए 1.73 फीसदी पर था।

## बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस दे रहा थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60त्न (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55त्न) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है। टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया। इसके अलावा, इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. पद्मकुमार नायर इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हैं और हमारे चारों ओर लगातार बदलते और डायनामिक वर्ल्ड को अपनाने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं। वह छात्रों को यह समझने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि शिक्षा खुद को जानने, बौद्धिक विनम्रता प्राप्त करने और आखिर में एकेडमिक एक्सीलेंस की यात्रा में शामिल होना ही जीवन जीने की तैयारी है। इंजीनियरिंग में अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम्स के अलावा, टीआईईटी विभिन्न प्रकार के एकेडमिक प्रोग्राम देता है, जिनमें थापर स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज में स्नातक कार्यक्रम बीबीए/बीए/बीएससी/बीकॉम, स्नातकोत्तर कार्यक्रम एमई/एमटेक, एमएससी, एमए, एमबीए और डॉक्टरेट कार्यक्रम शामिल हैं, जैसे इंजीनियरिंग, एलाइड साइंस और मैनेजमेंट में पीएचडी।

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने ए.आर.एम.सी आई.वी.एफ फर्टिलिटी चेन का किया अधिग्रहण

**गोरखपुर।** सी.के.बिरला ग्रुप की कंपनी और भारत के अग्रणी आई.वी.एफ नेटवर्क बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ नेए.आर.एम.सी आई.वी.एफ फर्टिलिटी चेन का अधिग्रहण किया है।बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ केफिलहाल देशभर में 30 सेंटर्स है और मौजूदा अधिग्रहण के बाद इसका विस्तार दक्षिण भारत मेंकेरल, कर्नाटकएवं तमिलनाडु में हो जाएगा। अधिग्रहण के बाद, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के कुल 37 सेंटर्स हो जाएंगे।इस अधिग्रहण के साथ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ देश में फर्टिलिटी समाधान ढूंढ़ रहे दंपत्तियों के लिए अग्रणी और भरोसेमंद पार्टनर के तौर पर अपनी पहचान को और मजबूत करेंगे।

Birla Fertility & IVF

इस मौके पर, अवंति बिरला, संस्थापक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ,सी.के.बिरला हैल्थकेयर ने कहा, ÷बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में, हम 'श्रेष्ठ सेवा, सर्वश्रेष्ठ परिणाम' के सिद्धांत का पालन करते हुए,गर्भधारण के विज्ञान के साथ केयर (देखभाल) का मेल कराते हैं। हम दंपत्तियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर, फर्टिलिटी स्पेश्यलिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट व काउंसलर की सेवाएं एक छत के नीचे प्रदान करते हैं। हमने अच्छी फर्टिलिटी हैल्थ को बढ़ावा देने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और लोगों के साथ अनेक विषयों - फर्टिलिटी प्रीज़र्वेशन, जिसमें कैंसर मरीजों के लिए ओवेरियन टिश्यू फ्रीज़िंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी है। ए.आर.एम.सी आईवीएफ और इसके फाउंडर तथा मेडिकल डायरेक्टर डॉ. के.यू. कुंजीमोइद्दीन ने दक्षिण में सर्वोच्च फर्टिलिटी केयर उपलब्ध करायी है। ए.आर.एम.सी आईवीएफ के साथपार्टनरशिप से हम अपनी इसी वचनबद्धता को आगे भी जारी रखेंगे।÷ इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बारे में, अक्षत सेठ, वाइस चेयरमैन, सी.के. बिरला हैल्थकेयर ने कहा, ÷इस अधिग्रहण के साथ,बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने रिप्रोडक्टिव उपचार सुविधाएं प्रदान करने वाले भरोसेमंद संस्थान के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत बनाया है। हम भविष्य में भीफर्टिलिटी सेवाओं के बारे में जरूरतमंद दंपत्तियों के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर देंगे। ए.आर.एम.सी आईवीएफ के साथ हमारी पार्टनरशिपदक्षिण भारत मेंविस्तार करनेमें मददगार साबित होगी। हम देश में अग्रणी फर्टिलिटी एवं आईवीएफ संस्थानबनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ए.आर.एम.सी के रूप में हमें ऐसा पार्टनर मिला है जिनका केयर मॉडल बिल्कुल हमसे मेल खाता है। हम ए.आर.एम.सी एवं उनके डॉक्टरों की टीम का अपने परिवार एवं नेटवर्क में स्वागत करते हैं।

## सुरक्षा की राह बनाना: मोटर बीमा की अनिवार्यताएँ

आज की दुनिया में सड़क पर चलने वाले हर वाहन को मोटर बीमा के रूप में पूरी सुरक्षा चाहिये। मोटर बीमा आपको सड़क पर आकस्मिक दुर्घटनाओं में सुरक्षा प्रदान करता है। कानून के अनुसार तृतीय-पक्ष द्वारा बीमा सुरक्षा अनिवार्य है। और अगर आपको व्यापक सुरक्षा चाहिये, तो बीमा पॉलिसी आपको आर्थिक तौर पर तब बचाती है, जब टू-व्हीलर या कार को दुर्घटना या टक्कर से नुकसान होता है। मोटर बीमा सिर्फ कागज का एक टुकड़ा नहीं है। वह बीमाकर्ता द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा की एक ढाल है, क्योंकि बीमाकर्ता बीमित व्यक्ति और दुर्घटना के बीच खड़ा होता है। कॉम्प्रीहेंसिव मोटर बीमा वाहन को संपूर्ण सुरक्षा देता है। इसमें थर्ड-पार्टी लाएबिलिटी, ओन डैमेज कवर और पर्सनल एक्सीडेंट कवर जैसे कई कवरेज होते हैं, जो कार के मालिक, ड्राइवर या यात्रियों के लिये होता है। यह चोरी, आग लगना, टक्कर, आदि जैसे कई जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करता है। सही मोटर बीमा पॉलिसी चुनना किसी अनजानी सड़क पर चलने जैसा होता है। इसमें विकल्प बहुत सारे हैं।

आवश्यकताओं और जोखिमों को सावधानी से समझकर जरूरी सुरक्षा लेना महत्वपूर्ण होता है। वाहन का प्रकार, उपयोग के तरीके, भौगोलिक स्थिति और बजट जैसे कारक सही सुरक्षा का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। टेक्नोलॉजी के कारण मोटर बीमा में बदलाव हुए हैं और उसे लेने के लिये अब पेचीदा कागजी कार्यवाही के बजाए आसान डिजिटल प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं। आज पॉलिसीधारक कुछ ही क्लिक में कभी भी और कहीं से भी अपनी पॉलिसी खरीद सकते हैं, उसे रिन्यू और मैनेज भी कर सकते हैं। दावों की प्रक्रिया भी कारगर हो चुकी है। डाउनटाइम कम हुआ है और क्षमता बढ़ी है। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स में अंडरराइटिंग के हेड एस. विश्वनाथन ने कहा, ''मोटर बीमा पॉलिसी आपके वाहन के साथ बुरी स्थिति पेश आने पर आर्थिक सुरक्षा देती है।

## फन रिपब्लिक मॉल इस मदर्स डे दे रहा रहा खाने के साथ कुछ पाने का मौका



750 या उससे अधिक का फूड ऑर्डर करने पर मिलेगा तय गिफ्ट हैंपर

**लखनऊ।** लखनऊ का वन स्टॉप शॉपिंग डेस्टिनेशन फन रिपब्लिक मॉल वैसे तो अपने ग्राहकों के लिए हमेशा कुछ न कुछ खास करता आया है लेकिन इस मदर्स डे उसने अपने ग्राहकों को कुछ नया कुछ अनोखा देने की ठानी है।

फन रिपब्लिक मॉल में 4 मई से 12 मई तक ग्राहकों को खाने के साथ साथ कुछ पाने का भी मौका मिलेगा। यानी फन रिपब्लिक मॉल के फूड कोर्ट के किसी भी आउटलेट से 750 या उससे ज्यादा का फूड ऑर्डर करने पर तय गिफ्ट मिल रहा है। खाना खाने के साथ साथ गिफ्ट हैंपर मिलना ये वाकई में अनोखा और अपनी तरह का पहला ऑफर है।

फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीति पांडे ने कहा कि माँ सिर्फ एक शब्द नही बल्कि जीवन का आधार है, माँ त्याग का दूसरा नाम है। हमनें इसी सोच के साथ शहर के हर शख्स के लिए ये खास ऑफर पेश किया है। जिसमे हमारे फूड कोर्ट से 750 या उससे अधिक के ऑर्डर पर अश्योर्ड गिफ्ट यानी तय तोहफा दे रहा है। फन रिपब्लिक मॉल चाहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोग हमारे मॉल आएं और इस ऑफर का लाभ उठाएं।

## आचार्य देव ने बताया अक्षय तृतीया पर पूर्ण होंगे सभी कार्य, जानें इस दिन क्या करें?



अक्षय शब्द का शब्दिक अर्थ है, जिसका कभी क्षय ना हो। वैशाख के महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का दिन ऐसा ही संयोग बनता है। इस तिथि को बहुत शुभ माना जाता है।

इस दिन बहुत से शुभ कार्य बिना किसी मुहूर्त ही किए जा सकते हैं। इस वर्ष अक्षय तृतीया 10 मई, 2024 को पड़ रहा है।

आपको बता दें, ग्रह गोचर होने की स्थिति में भी इस दिन शुरू की गई कोई भी कार्य मंगलमय होता है।

तो आइए, VAMA के ज्योतिष आचार्य डॉ देव से जानते हैं, कि इस दिन क्या करें क्या ना करें

आकाशीय घटनाओं में सूर्य चंद्रमा के 12 अंशों की दूरी से एक दिन की गणना की जाती है। इस गणना में हमारी घड़ी के अनुसार कभी किसी तिथि की वृद्धि होती है, तो कभी कभी तिथि क्षय हो जाती है।

क्षय शब्द का अर्थ है, किसी तिथि का होकर भी दिखाई ना देना। मतलब जैसे सूर्य उदय के बाद शुरू हुई तिथि और अगले दिन के सूर्य उदय से पहले समाप्त होती है, तो उसको क्षय होना कहा जाता है। परन्तु अक्षय तृतीया के विषय में ये ख़ास बात है, इसका कभी क्षय नहीं होती।

इस दिन बन रहा है शुभ योग

10 मई को अक्षय तृतीया के दिन सूर्य और शुक्र का मेष राशि में गोचर हो रहा है, जिससे शुक्रादित्य योग बन रहा है। साथ ही इस दिन मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल के उच्च राशि मीन में होने की वजह से मालव्य राजयोग और वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है।

ऐसे में इस दिन वृषभ, सिंह और कन्या राशि वालों के लिए धन, समृद्धि और सफलता में वृद्धि होने के योग बनेंगे।

आइए, अब जानते हैं, अक्षय तृतीया पर क्या करें?

इस दिन शुभ कार्य के रूप में विवाह आदि जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं।

## डीलशेयर महा लूट सेल 1 मई से शुरू

**नई दिल्ली।** डीलशेयर महा लूट सेल 1 मई 2024 से शुरू हो गई है, जिसमें ग्राहकों को ग्रोसरी, पैकेज्ड खाद्य, व्यक्तिगत देखभाल और गृह और रसोई जैसे विभागों में शानदार डील और ऑफर मिलेंगे। डीलशेयर न्यूनतम मूल्य गारंटी देता है ताकि लोग महंगाई का सामना साहसपूर्वक कर सकें। डीलशेयर में, हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम उत्पादों को सस्ते दामों पर प्रदान करने का प्रयास करते हैं। डीलशेयर महा लूट सेल के हिस्से के रूप में, ग्राहक 25 रुपये में 1 किलो डिटर्जेंट पाउडर, शैम्पू और टूथ पेस्ट पर 2 खरीदें, 1 मुफ़्त पाएं, घरेलू उपकरणों और रसोई के सामान पर 50% तक की छूट और बहुत कुछ जैसे शानदार ऑफर पा सकते हैं।




इस डीलशेयर महा लूट सेल में, ग्राहकों को चाय @99, बिस्कुट @99, नमकीन @99 प्रति किलो, घी ञ्च 399/लीटर, बादाम @299/500 ग्राम और एरियल, सनफीस्ट जैसे बड़े ब्रांड्स पर 1 खरीदें और 1 प्राप्त करें जैसे कई ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

डीलशेयर के सीईओ श्री कमल दीप सिंह ने कहा, हमारा लक्ष्य हर घर में बदलाव लाना है। डीलशेयर आम आदमी के लिए अपनी जेब और बजट दोनों को सुरक्षित रखते हुए सर्वोत्तम डील पाने का एक आसान तरीका है। इसके साथ ही हम अपने प्लेटफॉर्म के जरिए एमएसएमई, एसएमई, स्थानीय और क्षेत्रीय ब्रांडों को भी बढ़ावा देते हैं। इन्हीं वादों के साथ डीलशेयर महा लूट सेल 1 मई से शुरू हो गई है। हर महीने 10 लाख से अधिक ग्राहक हमारे ऐप के माध्यम से खरीदारी करते हैं जिन्हें हम इतने शानदार ऑफर प्रदान करते हैं।

डीलशेयर के इन अद्भुत ऑफर का लाभ उठाएं और अपनी खरीदारी को और भी बेहतर बनाएं।

# केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू ने पलक तिवारी की 'चमक' और शिल्पा शेट्टी की 'दमक' के साथ एक नई जोड़ी को पेश किया है

**कानपुर।** केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू ने अपने नए विज्ञापन में युवा जोश से भरपूर और मनोरंजन की दुनिया के उभरते हुए सितारे पलक तिवारी एवं सदाबहार खूबसूरती की मलिका शिल्पा शेट्टी को एक साथ पेश किया है। सन् 2019 से ही शिल्पा शेट्टी ब्राण्ड की पहचान रही हैं और केश किंग आयुर्वेद ऑइल भारत का नं. 1 हेयरफॉल एक्सपर्ट को एन्डोर्स करते रही हैं। राजू हिरानी फिल्म्स द्वारा तैयार इस नए केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू कमर्शियल में दो अदाकारा बहुत ही रोचक बातचीत करती हुई नज़र आएंगी और ÷उड़ें जब जब ज़ुल्फें तेरी÷ जैसे पुराने ज़माने के गीत ने तो इसे और भी खास बनाया है । यह कमर्शियल मई महीने से प्रसारित किया जाएगा।इस नए कमर्शियल के बारे में कहते हुए श्रीमती प्रीति सुरेका, डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा, केश किंग बालों और स्कैल्प का ख्याल रखने वाला एक ब्राण्ड है और इसका आधार आयुर्वेद है। कई सालों से इस ब्राण्ड ने अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा किया है। शिल्पा शेट्टी इसकी ब्राण्ड अम्बैसेडर हैं। शिल्पा हमेशा से ही योग के माध्यम से एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह देती आ रही हैं और इसलिए ब्राण्ड के प्राकृतिक समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए वह बिल्कुल उपयुक्त हैं। रोज़ाना गिरते बालों से परेशान आज की पीढ़ी को एक बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए बहुत ही टैलेंटेड पलक तिवारी को भी हमारे साथ शामिल किया गया है।



बॉलीवुड की एक उभरती हुई कलाकार के रूप में पलक तिवारी और शिल्पा की सदाबहार खूबसूरती लोगों में एक नया जोश जगाएगी एवं एकदम नए अंदाज़ में ब्राण्ड की बातों को उन तक पहुँचाएगी। पलक तिवारी, केश किंग ब्राण्ड के साथ अपना सफर शुरू करने वाली सबसे नई सदस्य ने कहा, ÷भारत की महान आयुर्वेद की परम्परा एक सेहतमंद जीवन के लिए सम्पूर्ण समाधान प्रदान करती है। आज की इस व्यस्त और रफ्तार से भरी जन्दिगी में बालों के गिरने जैसी रोज़ की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हमें चाहिए एक प्राकृतिक उपाय। मेरे लम्बे बालों पर मुझे नाज़ है और नियमित रूप से रोज़ाना इनका ध्यान रखना पड़ता है। मेरे बालों को मज़बूत और स्वस्थ रखने के लिए मैं सिर्फ और सिर्फ़ विशुद्ध एवं भरोसेमंद समाधान पर ही भरोसा करती हूँ जैसे कि केश किंग। मुझे खुशी है कि मैं केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू के साथ जुड़ पाई हूँ और टैलेंटेड एवं सेलिब्रेटेड शिल्पा श्टेटी के साथ एक ही स्क्रीन में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। ÷इस अनुभव के बारे में बात करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा ÷केश किंग के साथ मेरे सफर को 5 साल पूरे हो चुके हैं। मुझे गर्व है कि मैं इस विशुद्ध आयुर्वेदिक प्रोडक्ट का एक हिस्सा हूँ। अपनी क्वालिटी, फायदे और प्रभाव के कारण इसने सैकड़ों लोगों का भरोसा जीता है।

## लखनऊ में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रचा इतिहास

**लखनऊ।** लखनऊ से आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की छात्रा अर्चिता सिंह ने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में 99.75 प्रतिशत मार्क्स हासिल कर नेशलन टॉपर के रूप में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा, अर्चिता ने दो विषयों में 100 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किए हैं।



आईएससी बोर्ड ने हाल ही में परिणामों की घोषणा की।

अर्चिता सिंह ने अंग्रेजी और कंप्यूटर विज्ञान में 100, गणित में 99, रसायन विज्ञान में 97 और भौतिक विज्ञान में 96 अंकों के साथ कुल 400 मार्क्स में 399 अपने नाम किए हैं। इसके अलावा उन्होंने शारीरिक शिक्षा में 100 मार्क्स हासिल किये।

अर्चिता सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने कहा, हम अर्चिता के असाधारण प्रदर्शन पर बहुत गर्व करते हैं, उन्होंने 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षा में प्रभावशाली 99.75 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया. यह उपलब्धि उसकी मेहनत, प्रयासों, उसके माता-पिता के अटूट समर्थन और आकाश में प्रदान की गई प्रभावी परीक्षण तैयारी और मार्गदर्शन को दर्शाती है. अर्चिता और हमारे सभी छात्रों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई. हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारूपों के माध्यम से व्यापक आईआईटी-जेईई कोचिंग प्रदान करता है। हाल ही में, आकाश ने कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसका अभिनव आई ट्यूटर प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड किए गए वीडियो व्याख्यान देता है, जिससे छात्र स्व-पुस्तक सीखने में संलग्न हो सकते हैं और छूटे हुए सत्रों को पकड़ सकते हैं। इसके अलावा, नकली परीक्षण वास्तविक परीक्षा स्थितियों का अनुकरण करते हैं, परीक्षा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास के साथ छात्रों को लैस करना।

# फैंटा ने कार्तिक आर्यन के साथ लॉन्च किया एक नया फ्नैकिंग कैम्पेन, स्वाद के आनंद को एक नई परिभाषा दी

**नई दिल्ली।** कोका-कोला इंडिया के मशहूर और फ्लेवर से भरपूर बेवरेज ब्राण्ड, फैंटा ने 'फ्नैकिंग' का मजा दिखाने के लिये एक नया कैम्पेन पेश किया है। इस कैम्पेन में अपने पसंदीदा स्नैक्स के साथ स्वाद से भरपूर फैंटा ऑरेंज का लुत्फ उठाने पर जोर दिया गया है। कैम्पेन फिल्म में कार्तिक आर्यन नजर आ रहे हैं जोकि उपभोक्ताओं को ऐसे पल चुराने के लिये प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिनमें कई इंद्रियों को खुश कर देने वाला फैंटा का स्वाद स्नैकिंग को बेहतरीन बना सकता है। भारत में स्नैकिंग को लेकर तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं और स्नैक्स के अजीब लगने वाले संयोजन बन रहे हैं। खाने-पीने की नई-नई चीजें वायरल हो रही हैं और हर स्नैक की समीक्षा भी की जा रही है। इन सबके बीच, फैंटा आपके स्नैक्स का स्वाद उम्दा बना सकता है। फैंटा और स्नैक लीजिये और फ्नैकिंग का मजा उठाइये!




इस कैम्पेन में बॉलीवुड की धड़कन कार्तिक आर्यन फ्नैकिंग का चुलबुला अंदाज दिखाते हैं। 'फ्नैकिंग' स्वादिष्ट फैंटा के साथ स्नैकिंग का मजा बताने वाला एक नया शब्द है। फैंटा ऑरेंज को स्नैक्स के साथ पीने के कॉन्सेप्ट में कार्तिक ने जान डाल दी है। वह घर पर और दोस्तों के साथ भी फैंटा को नये तरह के प्रयोग वाली स्नैकिंग का तरीका बना रहे हैं। इस कैम्पेन को ऑगिल्वी द्वारा परिकल्पित किया गया है और यह कई प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों से जुड़ाव बनाएगा। इनमें टेलीविजन, डिजिटल मीडिया और आउटडोर विज्ञापन शामिल हैं। ऐसे में फैंटा की चाहत देश के हर कोने तक फैलेगी।

इस कैम्पेन पर अपनी बात रखते हुए, कोका-कोला इंडिया एण्ड साउथ-वेस्ट एशिया में स्पार्कलिंग फ्लेवर्स की सीनियर कैटेगरी डायरेक्टर सुमेली चटर्जी ने कहा, ''हम फ्नैकिंग को स्नैकिंग के नये आनंद के तौर पर देख रहे हैं। फैंटा स्नैकिंग के आनंद को अनोखा बनाकर स्वाद से भर देता है। हमारा कैम्पेन इस बात पर जोर देता है कि स्नैकिंग का मतलब सिर्फ भूख मिटाने से नहीं है, बल्कि स्वादेंद्रियों को रोमांचित कर देने वाले फ्लेवर्स पूरे अनुभव को बेहतरीन बना देते हैं। कार्तिक आर्यन हमसे सहमत हैं और इसलिये हम उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें स्नैक्स के साथ फैंटा पसंद है। इस तरह उनका हर पल ज्यादा मजेदार और खुशनुमा हो जाता है। फ्नैकिंग सिर्फ एक पल नहीं, बल्कि इंद्रियों को मिलने वाला स्वादिष्ट अनुभव है।''

फैंटा के साथ अपने सहयोग के बारे में बताते हुये, अभिनेता कार्तिक आर्यन ने कहा, ''फैंटा के फ्नैकिंग कैम्पेन के साथ जुड़ना एक अद्भुत अनुभव है! फैंटा का यह स्वादिष्ट और मजेदार फ्नैकिंग कॉन्सेप्ट वाकई में एक गेम चेंजर है। इस दिलचस्प कैम्पेन में शामिल होना मेरे लिए वाकई रोमांचकारी है। यह कैम्पेन एक चैंपियन का उत्साह और नया नजरिया लाकर दर्शकों को अपनी ओर खींचता है।'' इस कैम्पेन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये ओगिल्वी नॉर्थ की चीफ क्रिएटिव ऑफिसर ऋतु शारदा ने कहा, ÷हमें अपने स्नैक्स के साथ प्रयोग करना और उनमें लगातार अनूठे फ्लेवर्स को जोड़ना अच्छा लगता है। यही कारण है कि जब आप समोसा भेल, पकोड़ा पाव जैसे स्नैक का नाम सुनते हैं, तब आश्चर्य नहीं होता है। फैंटा को इस पाककला से जोड़ने के लिये हमने ग्राम से प्रेरित एक आकर्षक दुनिया बनाई है। इसमें कार्तिक आर्यन ऐसे अद्भुत स्नैक फ्यूजन्स को तैयार करते हैं। एक मजेदार ट्विस्ट के साथ, वह स्वादिष्ट फैंटा का एक घूंट जोड़कर स्वाद के सफर को बेहतर बनाते हैं और वह फ्नैक (फैंटा + स्नैक) में बदल जाता है। इस तरह हर बाइट जानदार और अधिक आनंद देने वाला बन जाता है।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा : सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता।

बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे

### सोनिया का आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा



कहा कि सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में सोनिया गांधी जी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी। और, कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाये।

### एससी, एसटी, ओबीसी और भारत के सनातन आस्था के प्रति अन्याय है कांग्रेस का घोषणा पत्र

लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है। भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था। पर, एनडीए और बीजेपी के विरोध से कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। सीएम योगी ने कहा कश्मीर में धारा 370 कांग्रेस ने लगाई थी। ओबीसी के आरक्षण में से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सेंध लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया, यह ओबीसी के अधिकारों का पूरी तरह हनन है। देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है। कांग्रेस की मंशा भारत की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी क्योंकि विभाजनकारी राजनीति किसी के हित में नहीं है। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार जारी रखते हुए कहा कि आज कांग्रेस का घोषणा पत्र ही विभाजनकारी है। यह भारत को वर्ग संघर्ष की ओर ले जाने वाला है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों में सेंध लगाने वाला है।

## तालाब में डूबने से दो की मौत

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को कोरारी गिरधर शाह के पूरे अगवान गांव में तालाब में डूबने से एक किशोर और एक युवक की मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पूरे अगवान मजरे कोरारी गिरधर शाह गांव निवासी अनन्त कुमार मिश्र का पुत्र गोपाल उम्र 13 वर्ष चार अन्य बच्चों के साथ बुधवार को तालाब में नहा रहा था। नहाते समय अचानक वह गहराई में चला गया। उसे डूबता हुआ देखकर रास्ते से जा रहा गांव का युवक आशीष उम्र 22 वर्ष पुत्र सुबेचंद उसे बचाने के प्रयास में तालाब में उतर गया किंतु वह भी उसी में डूब गया। युवक और किशोर के डूबने की खबर से ग्रामीण बड़ी तादाद में मौके पर इकट्ठा हो गये। दोनों को तालाब से बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है शोक संवेदना प्रकट करने के लिए गांव में लोगों का ताता लगा हुआ है।

## रायका फातिमा लारी डॉक्टर बनकर गरीब मजलूमों की करना चाहती है सेवा

### वरिष्ठ पत्रकार रशाद लारी की पुत्री है रायका

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** बुजुर्गों ने सही कहा है कि एक रोटी कम खाना लेकिन बच्चों को तालीम जरूर दिलाना तालीम की बदौलत बच्चे देश व दुनिया में आपका नाम और रौशन करेंगे। सूफीहाता के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार रशाद लारी पिछले तीन दशक से पत्रकारिता जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है अपने लखनी व भाषा शैली की वजह से जाने जाते हैं उनकी पुत्री रायका फातिमा लारी ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में 95.8 प्रतिशत अंक लाकर माता-पिता व स्कूल का नाम रौशन किया है।

रायका बचपन से ही पढ़ने लिखने में काफी होनहार और समझदार हैं उनकी माता शगुफ्ता लारी हाउसवाइफ है माता-पिता हमेशा बच्चो की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हैं यही वजह है कि रायका ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक लाकर के सभी का मान बढ़ाया है। कॉमर्स गर्ल्स स्कूल की छात्रा रायका फातिमा लारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वह एमबीबीएस करके डॉक्टर बनना चाहती है और गरीब मजलूमों की सेवा करना ही उनके जीवन का मकसद है। अभी से ही नीट का फाउंडेशन कोर्स कर रही है उनका मकसद है कि इंटर पास करने के बाद तुरंत नीट परीक्षा निकालना है और डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है रायका की हॉबी रीडिंग और राइटिंग है।

## श्रीराम महायज्ञ का गाजेबाज के साथ कलश यात्रा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 13 जुड़ियान में श्रीराम महायज्ञ की गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं और कन्याए सिर पर कलश लेकर चल रही है। महिलाए और पुरुष गाजेबाजे पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। तथा भक्त जय श्रीराम तथा हर हर महादेव के गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा का शुभारंभ जुड़ियान से शुरू होकर कालेसर राप्ती नदी पर पहुंचा और कलश में जल भर वापस यज्ञ स्थल पर आया। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजू सिंह, अरुण यादव, सभासद मोनू, जेडी सिंह, कौशल सिंह मौजूद थे।

## शराब पीने का पैसा देने से मना करने पर युवक का सिर फोड़ा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नारंगपट्टी में शराब पीने का पैसा देने से मना करने पर शरारती तत्वों से युवक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने चार नामजद तथा 3 से 4 अज्ञात के खिलाफ बलवा मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के नारंगपट्टी निवासी रामजीत यादव का लड़का परमेंद्र यादव अपने साथी शिवा मिश्रा के साथ मंगलवार की रात्रि में 9 बजे खेत में ट्रैक्टर लेकर खड़ा था। उसी दौरान गोविंदपुर निवासी आधा दर्जन से अधिक संख्या में शरारती तत्व आए। और लडके से शराब पीने के लिया 1 हजार रुपए की मांग करने लगे। जिसे देने से इंकार कर दिया। इसके बाद सभी गोलबंद होकर गाली गलौज करते हुए मारना शुरू कर दिए। जिससे सिर में गंभीर चोट आई है साथी शिवा मिश्रा को पीटा और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने आरोपी सुरेश साहनी, सूरज, सुरेश साहनी का लड़का, मोहित साहनी व 3 से 4 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# नामांकन के दूसरे दिन एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

## राजनीतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों द्वारा अब तक 17 नामांकन फार्म लिए गए

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु बुधवार को दूसरे दिन एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र संजय सिंह द्वारा अजय प्रताप पुत्र जन्मेजय हेतु,-समाजवादी पार्टी द्वारा 3 सेट में, साहब सिंह द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य हेतु राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी द्वारा 04 सेट में, प्रियेश गौंड कुशीनगर द्वारा स्वयं के लिए निर्दल 01 सेट में नामांकन पत्र लिया गया।

इस प्रकार आज कुल 08 नामांकन पत्र का वितरण हुआ। आज अपना दल यूनाइटेड प्रत्याशी अमीरुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन ने अपना नामांकन पत्र 01 सेट में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व्यास उमराव के समक्ष दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर के



### तीन उम्मीदवारों ने लिया नामांकन पत्र

आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किए गए हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिए प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिए वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किए गए हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि की व्यवस्था की गई। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम स्थापित किया गया है। पर्चा लेने व नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 14 मई 2024 है।

### अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय के लिए अलग बैंक खाता खोलने के निर्देश

कुशीनगर। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया है कि (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह के द्वारा निर्वाचन अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन हेतु अलग से बैंक खाता खोले जाने के सम्बंध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक (सहकारी बैंक सहित) या डाकघर में खोला जा सकता है। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बंधित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रु. 10,000/- से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को, उक्त बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकती है।

## व्यय प्रेक्षक लोकसभा देवरिया आंशिक ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देवरिया (आंशिक कुशीनगर) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के व्यय चुनाव प्रेक्षक एम रतन कुमार ने जनपद कुशीनगर के निर्वाचन कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। साथ में कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाई गई बैरिकेडिंग का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगाए गए सी विजिल टीम, एकल परमिशन विंडो टीम, वीवीटी टीम, एमसीएमसी टीम, डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर, शिकायत टीम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

## ईवीएम वीवीपैट का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल तथा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरान्त ईवीएम वीवीपैट मशीनों की सूची चुनाव लड़ने वाली प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिशिर सक्सेना सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिता




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे है। आज राजकीय इण्टर कालेज टीकरमाफी तथा राजकीय हाईस्कूल मंगरा भादर की छात्राओं द्वारा रंगोली मेंहदी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जनसामान्य से आगामी 20 मई को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

## मतदाता जागरूकता क्विज में पुरस्कृत हुए प्रतिभागी



**फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** पावानगर महावीर इंटर कालेज में बुधवार को मतदाता जागरुकता क्विज प्रतियोगिता हुई जिसमें 150 छात्र छात्राएं शामिल हुईं। प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत किए जाएंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) व एसडीएम न्यायिक कसया पारितोष कुमार मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की प्रमुख शक्ति मताधिकार है। मतदान जिम्मेदार नागरिक का धर्म है। हर मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। युवा पीढ़ी भविष्य की धरोहर है। युवाओं को मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने परिजनों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान के दिन बुथ तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए।प्रधानाचार्य डॉ.अक्षयबर पांडेय ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को जागरुक मतदान के प्रति करना है। खंड शिक्षा अधिकारी दुदही सुरेंद्र बहादुर सिंह ने प्रतियोगिता की रुपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि प्रतियोगिता के तीन पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी नौ मई को पुरस्कृत किए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले 150 प्रतिभागियों में दो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस दौरान राहुल चतुर्वेदी, नंदलाल पाठक, विश्राम यादव, कुमारी अंकिता, मयंक पांडेय, ज्योति सिंह,अस्मिता त्रिपाठी, इशिता सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा का नामांकन से पूर्व सलेमपुर में हुआ भव्य रोड शो

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा का नामांकन से पूर्व सलेमपुर में भव्य रोड शो किया गया। हजारो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने सोहनाग मोड़ स्थित कार्यालय से नगर का भ्रमण गाजे-बाजे एवम जेसीबी से फूलों की बारिश करके स्वागत एवम अभिनंदन किया गया।

सांसद रविन्दर कुशवाहा के स्वागत के लिए रोड पर जगह-जगह मंच लगाए गए है जिससे जगह - जगह पर स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा बेलपार, कस्बा सलेमपुर एवम जयराम कौड़िया में कार्यकर्ताओ द्वारा माला एवम नारो के साथ स्वागत किया गया। लार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू के नेतृत्व में धनौती ढाले के पास भव्य स्वागत किया गया। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार में देश एवम प्रदेश में चौमुखी विकास से नए कीर्तिमान को स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रीढ़ की हड्डी बताते हुए कहा कार्यकर्ताओं के बल पर इस बार भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 400 पार नारे को सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि 2024 में भाजपा की जीत ऐतिहासिक होगी। भाजपा की सरकार में चारो तरफ विकास हुआ है। सलेमपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष पं0 गिरीशचन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, बरहज विधायक दीपक मिश्रा शाका, राजेश सिंह दयाल, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, कन्हैया लाल जायसवाल, राजेश सिंह उर्फ मन्टू, बलबीर सिंह दादा, संजय तिवारी, लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स, अनूप उपाध्याय, अमरेश सिंह बबलू, शेषनाथ भाई, दीपक श्रीवास्तव, अरुण सिंह, मिथिलेश बाबा, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक कुशवाहा, अनिल ठाकुर, मुरली मिश्र, जितेन्द्र सिंह, लल्लन सिंह, रामजी सिंह, दीपक पाल आदि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सलेमपुर (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** नगर के जीएम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमे विद्यालय के आठवीं से बारहवीं के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चो ने मतदाता जागरूकता पर अत्याकर्षक रंगोली, बहुत सुंदर मेहंदी, विचारपरक निबंध, अनेकों प्रकार के मनमोहक स्लोगन एवं पेंटिंग प्रस्तुत किए। उपजिलाधिकारी गिरीश झा, तहसीलदार अलका सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी आरपी राम, नायब तहसीलदार गोपाल जी ने एवं स्वीप नोडल चंदन गुप्ता ने सभी बच्चों को लोकतंत्र का महत्व समझते हुए अधिकतम मतदान की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत एवं कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुन्ना कुमार चौहान, निधि द्विवेदी, दिलीप सिंह, श्वेता राज, धर्मेंद्र मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्र, पीएच मिश्र, राकेश मिश्र आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा। संचालन संस्कृत अध्यापक डॉ. त्रिपुरारी मिश्र ने किया।

## भाजपा सरकार में मिला महिलाओं को सम्मानः संगीता

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी देवरिया महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन बुधवार को दिव्य शक्ति मैरेज लान निकट शुगर मिल मैदान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद संगीता यादव उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी जी का सपना है महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाना इसी क्रम में हम लोगों को आज बराबरी का अधिकार मिल रहा है मोदी जी की गारंटी है इस बार भी भाजपा की सरकार 400 पार से बनेगी । उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है वह जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं । महिलाओं का सम्मान भारतीय जनता पार्टी में सुरक्षित है आज महिलाएं कहीं भी कभी भी निडर होकर निकल सकती हैं उनके साथ कोई भेदभाव या कोई अप्रिय घटना नहीं होती है योगी जी के भय से अपराधी बिलों में दुबक गए हैं या जेल में बंद हैं ।सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज की भीड़ बता रही है कि मोदी और योगी की डबल इंजन की सरकार में महिलाओं को समानता का अधिकार मिला।

# ईवीएम व वीवीपीएटी का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने सुरक्षित निर्वाचन कार्यालय के वेयर हाउस में विधानसभावार रखे गए ईवीएम व वीवीपीएटी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपने समक्ष वेयरहाउस में रखे पडरौना, कुशीनगर, हाटा, खड्डा, फाजिलनगर, रामकोला, तमकुही राज ईवीएम वीवीपैट विधानसभा वार एलॉट होने के बाद सोर्टिंग/वर्गीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर डीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में एलॉटेड विधानसभावार स्कैन करके ईवीएम एवं वीवीपीएटी मशीनों को वर्गीकृत करें। सभी विधानसभावार मशीनों के बॉक्स पर विधानसभा का नाम का स्टीकर अवश्य रहे जिससे की पहचान



किया जा सकें। किसी प्रकार का कोई कमी न रहे। सारे कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही किए जाए।

ईवीएम/वीवीपीएटी का रखरखाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के संबन्ध में भी निर्देश दिए गए हैं। सभी एआरओ, तहसीलदार अपनी निगरानी में निर्वाचन संबंधित अपनी उपस्थिति में सभी कार्य संपन्न कराए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिला मजिस्ट्रेट मो. जफर, तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, तहसीलदार नरेंद्र राम, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, ईवीएम प्रभारी अधिकारी सहित निर्वाचन कार्यालय संबंधित सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक, भीम सिंह प्रधान सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर शशि व जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर बंटवारा जबरन भूमि पर कर लिया कब्जा

**गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के मुस्तफाबाद उर्फ मलऊर में कोर्ट के आदेश पर कराए गए बटवारे के बाद बावजूद एक पीड़ित के भूमि का पट्टीदार जबरन कब्जा कर निर्माण करा लिया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। मिली जानकारी से राहुल प्रसाद सिंह पुत्र स्व बेचू सिंह निवासी मुस्तफाबाद उर्फ मलऊर ने जिलाधिकारी को शिकायत कर आरोप लगाया है की पिता स्व बेचू और चाचा विंध्याचल सिंह के बीच आपसी बटवारा हुआ था।आराजी संख्या 28/91 में दोनो पक्षों के समझौते के आधार पर 5 अक्टूबर 1991 में न्यायालय ने बटवारा किया था। लेकिन वर्तमान समय में पट्टीदार जबरन भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करा लिया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाया है। इस संदर्भ में एसडीएम कुंवर सचिन सिंह ने कहा की शिकायत पत्र आने के बाद जांच करा कर कारवाई की जायेगी।

# नागरिक उड्डयन मंत्रालय में आदित्येंद्र का हुआ चयन

अवधनामा संवाददाता

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** क्षेत्र के ग्राम सभा नकटहां मिश्र निवासी भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय मंत्री सत्येंद्र मिश्रा के ज्येष्ठ सुपुत्र आदित्येंद्र मिश्र का संघ लोक सेवा आयोग द्वारा महानिदेशालय नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार में एअर सेफ्टी आफिसर के पद पर चयन हुआ है। इसके पूर्व हाल ही में आदित्येंद्र रक्षा मंत्रालय नई दिल्ली में सीनियर साईंटिफिक असिस्टेंट पद पर चयनित होने के बाद कार्यभार ग्रहण कर अपनें दायित्व का निर्वहन कर कर रहें हैं। इस उपलब्धि पर मित्रों शुभचिंतकों और क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। ज्ञातव्य है कि आदित्येंद्र ने बीटेक करने के पश्चात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। इस उपलब्धि पर परिवारीजन दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेंद्र मिश्रा, बहन सुरुचि मिश्रा, गौरव पांडेय, भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि, पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा,



क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, लल्लन मिश्र, डा.प्रेमचंद मिश्र, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष अजय राय, ब्लाक प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, रामबृक्ष गिरी, मुकुल तिवारी, शेषनाथ मिश्र, समाजसेवी पंकज पांडेय, डा. कन्हैया शर्मा, विजय शंकर तिवारी, ध्रुव नारायण मिश्र, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, समाजसेवी अजय कुमार शुक्ल, मणिकांत सिंह, चंद्रशेखर सिंह, केशव मिश्र, प्रेमसागर मिश्र, त्रिलोकी मिश्र आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी का विश्व में शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदानः अश्वनी

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद/सिरसागंज।** विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य अश्वनी कुमार जैन ने इस दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि विश्व रेड क्रॉस दिवस की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध के बाद की महत्वपूर्ण घटनाओं से हुई थी। उस दौरान रेड क्रॉस ने शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सन 1934 में टोक्यो में 15 वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में रेड क्रॉस ट्रूस रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें संघर्षों के दौरान घायल सैनिकों की सुरक्षा के सिद्धांतों को सामने रखा गया था। इसे सन 1946 में द्वितीय विश्वयुद्ध के समय लागू किया गया था। इस प्रस्ताव के कारण रेडक्रॉस स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के समर्पण और साहस को पहचानने के लिए 8 मई को हेनरी डुनेन्ट की जयंती का वार्षिक उत्सव मनाया गया था। तभी से इस दिवस को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। जैन ने बताया कि विश्व के सभी व्यक्ति प्रति वर्ष 8 मई को एक साथ मिलकर विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस मनाते हैं। यह खास दिन अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन के अहम विचारों की सराहना करने के लिए दुनिया में भर का कार्यक्रम बन गया है। सभी व्यक्ति इस दिन का उपयोग हेनरी डुनेंट को याद करने के लिए करते हैं। उन्होंने रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति की शुरुआत की। वह नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले पहले व्यक्ति थे। प्रति वर्ष विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस की एक खास थीम होती है। इस दिन हर किसी को शांति के लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस 2024 की थीम है ष् प् हपअम पूजी रवल, ंदक जीम रवल प् हपअम पे ं तमूंतक. यानी मैं खुशी के साथ देता हूं, और जो खुशी मैं देता हूं वह एक इनाम है.ष् इस थीम में मानवीय कामों में लगे रहने और रेड क्रॉस के मिशन का समर्थन करने से आने वाले खुशियों और पुरस्कार पर फोकस डाला गया है। यह खास दिन लोगों को उदारता, सहानुभूति और निस्वार्थता की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। रेड क्रॉस के मानवीय प्रयासों के केंद्र में यह लक्ष्य है। यह खास अवसर रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के बेहद मानवीय मूल्यों और गतिविधियों को सामने लाने के लिए काम करता है. रेड क्रॉस संगठन दुनिया भर में तमाम तरह की प्राकृतिक आपदाओं, सशस्त्र संघर्षों और बाकी संकटों से प्रभावित लोगों को राहत और मदद पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

## माधवगंज क्षेत्र की 5 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु

**फिरोजाबाद/शिकोहाबाद।** नगर के माधोगंज फीडर क्षेत्र की विद्युत सप्लाई ब्रेक डाउन के चलते ठप्प हो गई। 5 घंटे के बाद बिजली सप्लाई शाम को सुचारू हो सकी। बुधवार को माधोगंज के नगला बुद्धसिह के पास लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे माधोगंज फीडर से जुड़े क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से बाधित हो गई। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोग भीषण गर्मी से हाल बेहाल हो गए। लोगों के साथ बच्चे भी गर्मी से हाल बेहाल हो रहे थे। इस दौरान लगभग 5 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। लेकिन 10 मिनट आने के बाद फिर से सप्लाई बंद हो गई। विद्युत सप्लाई बंद होने से माधोगंज, रेलवे कॉलोनी, लेवर कॉलोनी, मेहराबाद, स्वामीनगर, शम्भूनगर, मेला बाग, बिजेंद्र कॉलोनी सहित ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हुए। वैसे भी जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे वैसे बिजली की आंख मिचौली बढती जा रही है। वोल्टेज की समस्या भी खड़ी हो रही है। शम्भूनगर क्षेत्र में 150 के आसपास वोल्टेज मिल रहे हैं, जिससे कूलर पंखे धीमी गति से चल रहे हैं।

# मतदाता की पहचान के लिए आयोग ने सुझाये 12 विकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्धारित किये गये 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज़ों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड प्रस्तुत किये जा सकेंगे। आयोग की ओर से यह भी सुझाव दिया गया है कि एपिक के सम्बन्ध में लेखन अशुद्धि वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते निर्वाचक की पहचान ईपिक से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते उस निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब निर्वाचक को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

डीएम ने बताया कि उपरोक्त किसी भी बात के होते हुए भी प्रवासी निर्वाचक जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

## भारतीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** भारतीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्थानीय क्लीनिक पर एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर टीबी अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए पोषण किटों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डा.एस.पी.पाठक ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करती आई है। रेडक्रॉस सोसायटी के अधिक सदस्य बनायें और हर ब्लॉक में जूनियर रेडक्रॉस का गठन कर इस का लोकव्यापीकरण करें। रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सोसाइटी द्वारा जो निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। इससे निश्चित ही दूर-दराज से आए मरीजों को लाभ मिलेगा। इस तरह के शिविर सोसाइटी हमेशा आयोजित करती रहेगी जिससे गरीब मरीजों को लाभ मिल सके।

# समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने का कर रहे हैं दावा

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद/टूंडला।** नगर में तीसरे चरण के मतदान होने के बाद नगर की चाय की दुकानों पर प्रत्याशी समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी को जीत का दावा कर रहे हैं। तो कहीं प्रत्याशी के समर्थक हार जीत का आंकड़ा लगाने में लगे हुए हैं। दिन भर चाय की दुकानों पर हार जीत की चर्चा का माहौल बना रहा।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण मतदान को लेकर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में भाजपा एवं सपा की टक्कर बता रहे हैं तो कहीं सपा प्रत्याशी समर्थक साइकिल को जिताने की का ताल ठोक रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थक जगह-जगह कमल का फूल को जिताने का दावा कर रहे हैं। अब यह तो वक्त ही बताएगा कि आखिर किसके सर पर ताज पहनाया जाएगा। इस दौरान मयंक यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सपा प्रत्याशी अक्षय यादव को भारी बहुमत से वोट दिया है। आने वाले 4 जून को चुनाव परिणाम के दिन सपा की जीत का परचम लहरेगा। इस दौरान पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल व्याप्त है। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मतदान के दिन बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी का नतीजा है कि सपा सरकार के प्रत्याशी अक्षय यादव को भारी बहुमत से जीत दर्ज करेंगे।

# अपराधियों का आश्रय स्थल बना मान्यवर कांशीराम आवास

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिले में बसपा शासनकाल 2010 में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा सुल्तानपुर जिला मुख्यालय से महज एक किलोमीटर की दूरी अमहट स्थित तीन जगहों पर एआरटीओ के सामने 50 ब्लॉक यानि 900 आवास, हवाई अड्डा 12 ब्लॉक यानि 144 आवास, और उद्यान पार्क अमहट के सामने 75 ब्लॉक यानि 900 आवास का निर्माण करवाया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जिले के ऐसे गरीब परिवार जिनके सरो पर छत न हो, ऐसे परिवारों का चयन कर उसके आवंटन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन के नेतृत्व में परियोजना अधिकारी डूडा विभाग को सौपी गई थी। शुरुआत के 20 प्रतिशत आवास तो जिला प्रशासन द्वारा महज दिखावे के लिए शासन की मंशा के अनुसार आवंटन किया गया, किन्तु उसके बाद जिम्मेदारो की आदतन धनउगाही का घिनौना खेल शुरू कर दिया गया। जिसका जीता-जागता उदाहरण कभी भी देखा जा सकता है। जिला प्रशासन की मेहरबानियों के चलते किस तरह एक निर्धन परिवार को मिलने वाला मान्यवर कांशीराम आवास के गोल्डेन प्रोजेक्ट को जिला प्रशासन की छात्रछाया में जिम्मेदारो द्वारा लगभग 60 से 70 प्रतिशत आवासो के जरुरतमंद आवंटियों की बनी लिस्ट के सरकारी अभिलेखों को विभाग से गायब कर प्रति आवास 50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक का खुलेआम सौदा किया गया था। सूत्रों की अगर मानें तो शायद यही कारण हैं कि वर्ष 2012 से लेकर 2024 लगभग 12 वर्षो से प्रदेश में चाहे जिसकी सरकार रही हो, जिले में चाहे जो जिलाधिकारी आया हो, सबके लिये मान्यवर कांशीराम आवास वह दुधारू गाय बन गया हैं, जिसके खिलाफ जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अपनी कलम चलाने को तैयार नहीं हैं। जबकि यदि वर्तमान स्थित में इस मान्यवर कांशीराम आवास के ही अन्दर सरकारी पुलिस प्रशासन के अभिलेखों में दर्ज घटित घटनाओ पर अगर हम गौर करें तो आज मौजूदा समय में भले ही भाजपा सरकार जिले से लेकर प्रदेश तक अपनी गोदी मीडिया के जरिये अपराध मुक्त प्रदेश का दावा कर रही हो, किन्तु हकीकत बिल्कुल इसके परे हैं। किस तरह जनपद ही नहीं बल्कि गैर-जनपदीय एक छोटे से लेकर चोरी, छिनैती, लूट, डकैती, हत्या, बलात्कार व जिस्म-फरोसी जैसे अपराधों के अपराधियों द्वारा कहीं बन्द आवासो को किराये पर लेकर या फिर खरीदकर कांशीराम आवास उनके जुर्म की शरणास्थली बनी हुई हैं।जिला मुख्यालय पर बने कांशीराम आवास में, जिसकी पूरी जानकारी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को होते हुए भी जिले में तैनात जिम्मेदार अधिकारी न तो अपनी कलम चला पा रहे हैं, और न ही इस कालोनी पर कोई एक्शन लेने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं विश्वास्त् सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यदि जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा इस कालोनी में निवास कर रहे अवैध आवंटियों पर सख्ती की जाय तो कहीं ऐसा न हो कि जिला व पुलिस प्रशासन की काली करतूतों का पर्दाफाश जिले की जनता के बीच जगजाहिर न हो जाएगी।

## सक्षिप्त समाचार

### सबसे नाता सबसे प्यार, मां मेनका गांधी फिर एक बार



**सुल्तानपुर।** मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बबिता अखिलेश तिवारी ने 25 मई कोअधिक से अधिक मतदान करना है।उन्होंने मतदाताओं से कहा कि हम सभी ने ठाना है। मेनका जी को फिर भारी मतों के अंतर से फिर से विजई बनाना है।पीपर गांव मंडल के बरासिन, अगई, खारा , ब्रह्मरोली, हरौरा पीरो सरैया, शक्ति केंद्र पर बैठक में उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया। उक्त मौके पर मंडल अध्यक्ष अवधेश दूबे जी की अध्यक्षता में जनार्दन दूबे,मंडल महामंत्री सौरभ मिश्रा जी शक्ति केंद्र संयोजक पवन शुक्ला, मनोज पांडे अरुण विक्रम सिंह, अश्विनी शुक्ला आदि शामिल रहे। साथ ही अशोक कुमार सिंह, शिव प्रताप सिंह, महाकाल, संतराम गौड़ बूथ अध्यक्ष, प्रभाकर , दिलीप चौरसिया समरजीत सिंह बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र चतुर्वेदी जी, शत्रुघन मिश्रा जी, राम कल्प उपाध्याय, जितेंद्र मिश्रा जितेंद्र शुक्ला,अरविंद चतुर्वेदी,समस्त मंडल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अपने ही गाँव को निशाना बनाकर चोरी करते धरा गया चोर

**चांदा,सुल्तानपुर।** जनपद के थाना चांदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत साढ़ापुर में रात्रि 2 बजे के करीब अपने ही गाँव अपने साथियो के साथ चोरी करने पहुचे दो चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसमें एक चोर विशाल पुत्र निर्मल गाँव का ही निकला। उसकी निशानदेही पर दूसरे गांव से उसका दूसरा साथी भी पकड़ा गया। दोनो चोरो को ग्रामीणों द्वारा पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया गया। इससे पहले भी चोरी की 6-7 घटनाएं क्षेत्र में हो चुकी हैं जिसमे पूर्व में ही एफआईआर भी दर्ज हुआ है। कोतवाल चांदा रविंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि देर रात दो चोर पकड़े गए है।सूचनानुसार उन्हें ग्रामीणों द्वारा बहुत मारा पीटा गया है । दोनों चोरों का मेडिकल कराया जा रहा है। ग्रामीणों से तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

### चुनाव संबंधी किसी समस्या के लिए प्रेक्षक के मोबाइल पर करें शिकायत

**सुल्तानपुर।** कोई भी नागरिक/ प्रत्याशी/ राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, कानून व्यवस्था व शांति हेतु अवैध व्ययों/अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित विभिन्न आयामों के परिप्रेक्ष्य में सामान्य प्रेक्षक के मो0 नम्बर-8858575001, व्यय प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-8858575002, पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-8858575003 पर सूचित कर सकता है साथ ही साथ 400 के0वी0 पयागीपुर गेस्ट हाउस में निर्धारित विजिटिंग आवर्स (पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक) मुलाकात कर अपनी शिकायत/ जिज्ञासा/ बात रख सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक महोदय के लाइजन ऑफिसर-जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार, मो0नं0-9891078272, व्यय प्रेक्षक महोदय के लाइजन ऑफिसर-सहायक आयुक्त प्रशासन, राज्यकर पंकज कुमार, मो0नं0-7235001950, पुलिस प्रेक्षक महोदय के लाइजन ऑफिसर-अभिहीत अधिकारी जिला खाद्य एवं औषधि (प्रशासन) अमर सिंह वर्मा, मो0नं0-8881872855 है।

### रुद्र प्रताप सिंह बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर

**सुल्तानपुर।** जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश में स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने वाले गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ÷मदन÷ को स्वच्छ भारत मिशन में नगर का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।प्रत्येक रविवार को प्रातः से ही अपनी पूरी टीम के साथ आदि गंगा गोमती के तटों की सफाई कर घाटों को स्वच्छ बनाए रखने का कार्य गोमती मित्र मंडल द्वारा वर्षो से किया जा रहा है।नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के पत्रांक -454/24 -25 के अनुसार गोमती मित्र मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट रुद्र प्रताप सिंह मदन लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।उनकी इस उपलब्धि पर गोमती मित्र मंडल परिवार,अधिवक्ताओं सहित नगर निवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# मूलभूत व्यवस्थाओं को हो शत-प्रतिशत आच्छादनः डीएम

- जिलाधिकारी ने सुबह-सुबह लोगों के बीच जाकर सुनी जनसमस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** डीएम आपके द्वार पहल के क्रम में आज जिलाधिकारी ने शहर के वार्ड सं-22 नदीपुरा एवं राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क (कम्पनी बाग) का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक जायजा लिया। उन्होंने नगरवासियों के बीच जाकर उनके वार्ता की एवं उन्हें उपलब्ध व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान कहा कि जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराना प्राथमिकता है, जिसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए लोगों के बीच जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल के द्वारा प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डो में प्रातःकालीन भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने वार्ड नं0-22 नदीपुरा पहुंचकर लोगों के घर-घर जाकर उनसे वार्ता की व उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने वार्ड में पेयजल की स्थिति, नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डो में नियमित रुप से साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा कलैक्शन, पेयजल की आपूर्ति व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये, कहीं समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराया जाए। इसके साथ ही वार्डो में खराब हैण्डपम्पों की तत्काल मरम्मत करायें, गौवंशो को कैटल कैचर के माध्यम से गौशाल भेजें तथा विद्युत फाल्ट होने पर तत्काल उसे दुरुस्त कराया जाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद लोगों से वार्ता की एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अनुसार पार्क को खोला एवं बंद किया जाए, साथ ही निगरानी रखी जाए कि पार्क में कोई अराजक तत्व न आने पाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करायें, साथ ही उचित सफाई करायी जाए। साथ ही शहर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राघवेन्द्र शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, जेई जल संस्थान/जल निगम, एसडीओ/ जेई विद्युत, जेई आशीष एवं जेई विशाल तथा सम्बन्धित क्षेत्र के उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता बाइक रैली 09 मई को

**बहराइच।** नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अन्तर्गत जनपद में आगामी 13 व 20 मई को होने वाले मतदान प्रकिया में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से सुनियोजित मतदाता शिक्षा सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत 09 मई 2024 को सांय 05 बजे घंटाघर से छावनी चौराहा होते हुए अग्रसेन चौक, डिगिया तिराहा, गुरूनानक चौक (अस्पताल चौराहा) होते हुए इन्दिरा स्टेडियम तक व्यापार मण्डल के सहयोग से मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली जायेगी।

# जनपद के 1359 बूथों पर होगी वेबकास्टिंग

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के कुल बूथों के 50 प्रतिशत अर्थात 1359 बूथों की वेबकास्टिंग की जानी है। वेबकास्टिंग कार्य के लिए आयोग द्वारा मेसर्स इनोवेटिव संस्था को अधिकृत किया गया है। वेबकास्टिंग कार्य की मॉनीटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 04-04 कुल 20 अदद मॉनीटरिंग स्क्रीन स्थापना का कार्य किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा (अ.जा.) में 187, नानपारा में 183, मटेरा में 188, महसी में 183 तथा बहराइच में 211 कुल 952 मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जायेगी। इसी प्रकार 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 कुल 407 मतदेय स्थलों की वेबकास्टिंग की जायेगी।

# 1616 मतदान कार्मिकों को जारी किये गये ईडीसी प्रमाण-पत्र

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल केडीसी में मतदान कार्मिकों को पोस्टल बैलेट तथा ई.डी.सी. की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से पोस्टल बैलट फैसिलिटी सेन्टर की स्थापना की गई थी। केडीसी में सम्पन्न हुए 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुल 1616 मतदान कार्मिकों को ई.डी.सी. प्रमाण-पत्र जारी किया गया। जबकि आवश्यक सेवाओं अन्तर्गत कार्यरत 04 कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। यह जानकारी देते हुए अपर उप जिलाधिकारी सदर/प्रभारी अधिकारी पोस्टल बैलेट राकेश कुमार मौर्या ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा अन्तर्गत 267, नानपारा के लिण् 261, मटेरा के लिए 244, महसी के लिए 332 व बहराइच के लिए 512 मतदान कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया। श्री मौर्य ने बताया कि प्रशिक्षण के अन्तिम बलहा के लिए 98, नानपारा के लिए 91, मटेरा के लिए 74, महसी के लिए 160 व बहराइच के लिए 194 ईडीसी जारी किये गये। जबकि आवश्यक सेवाओं अन्तर्गत 04 कार्मिको द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया।

## हर हाल में रोकेंगे बाल विवाह

**टीकमगढ़।** जनपद में स्वयंसेवी संस्था साई ज्योति संस्थान द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस के साथ मिलकर अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत संस्था द्वारा सीध तौर पर जनपद टीकमगढ़ एवं बल्देवगढ़ के 150 गांव में अपने सहयोगियों द्वारा अभियान को गांव-गांव घर घर तक पहुंचा जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि पूरे जनपद में बाल विवाह को पूरी तरह रोका जाए।

साई ज्योति संस्था के सचिव अजय श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद टीकमगढ़ बाल विवाह के मामले में आज भी अग्रणी है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS-5) के अनुसार आज भी यहां पर होने वाली 33 प्रतिशत शादियां बाल विवाह होती है।

# चुनाव संपन्न होने पर अर्द्धसैनिक बलों को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 चुनाव को सकुशल कराने के दृष्टिगत प्राप्त अर्धसैनिक बल, पीएसी, होमगार्ड आदि द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत फ्लैग मार्च एवं एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी एवं हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग की गई जिसके फ्लस्वरुप जनपद में हुए मतदान में किसी भी प्रकार की कानून एवं शांति व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न नहीं हुयी और न ही किसी असामाजिक तत्व द्वारा मतदान में व्यवधान उत्पन्न नहीं किया गया जिसके चलते जनपद फिरोजाबाद का मतदान बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न हो गया। अर्द्धसैनिक बलों, पीएसी, होमगार्ड आदि द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को अक्षुण रखने में पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया गया, जिसके लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अर्धसैनिक बल एवं अन्य पुलिस बल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनकी विदाई की गई है।

## नारायणपुरा के विद्युत ट्रांस्फार्मर में लगी आग

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के मौसम को लेकर जहां आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, तो वहीं दूसरी ओर विद्युत की ताबड़तोड़ कटौती ने लोगों का जीना मुहाल बना दिया है। ऐसे में लोग जहां विद्युत अव्यवस्था को कोसते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसी ही वानिकी बीती देर रात उस समय देखने को मिली जब शहर के मोहल्ला नारायणपुरा स्थित कांशीराम कालोनी में रखा ट्रांस्फार्मर धूं-धूंकर जल उठा। आग की भयावह लपटें उठते देख लोगों में भगदड़ मच गयी। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी आवास पहुंच कर गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुये नारेबाजी शुरू कर दी।

# बजाज फाउंडेशन ने किया दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सौजन्य से प्राकृतिक खेती और कृषि मूल्य श्रंखला प्रोन्नति परियोजना के अंतर्गत बार ब्लॉक के चयनित 5 गांवों बछरावनी, दशरारा, मोतीखेड़ा, गदयाना एवं टोडी के किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ललितपुर बजाज पॉवर प्लांट के सभागार में आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागी किसानों को प्राकृतिक खेती परियोजना के विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना के तहत चिन्हित 120 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अरविन्द कुमार निगम ने बजाज फाउंडेशन एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वाधान में बार क्षेत्र में क्रियान्वित की जाने वाली उक्त परियोजना की आगामी क्रियान्वयन योजना के विषय पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित किसानों को फार्मर प्रोडूसर आर्गेनाइजेशन से जुडने, फसल विविधीकरण को अपनाने एवं कृषिगत नवाचारों को अपनाने पर बल दिया गया। डीडी कृषि बसंत कुमार दुबे, जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानकि एवं अध्यक्ष डा.मुकेश चन्द, विषय विशेषज्ञ सस्य विज्ञान डा.दिनेश तिवारी ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व एवं आगामी वर्षो में बढ़ाने की संभावनाओं के साथ इस दिशा में विभागीय गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से अधिकाधिक किसानों को जुडने हेतु प्रोत्साहित किया। डीडी कृषि द्वारा विभाग के माध्यम से बार ब्लॉक व जिले में संचालित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम की जानकरी के साथ विभाग द्वारा चलायी जा रही अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। डा.मुकेश चन्द एवं डा.दिनेश तिवारी द्वारा उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती की अवधारणा, सिद्धांत व् अपनाई जाने वाली पद्धतियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।

# थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक ने हत्या का किया खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जलालपुर प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन, उप निरीक्षक सत्य प्रकाश पांडे, कांस्टेबल मनोज कुमार व अभिषेक मौर्य ने धारा 302/201 भारतीय दंड संहिता से संबंधित अभियुक्त सतीश पुत्र कढोरा निवासी ममना थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर को ममना सरीला तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। बताते चले की 29 अप्रैल 2024 को मृतक सचिन पुत्र दिल्लीपत उम्र करीब 20 निवासी ममना थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर का शव ग्राम ममना मे बडा तालाब के पास कल्लू यादव के खेत मे बबूल की झाडियो मे मिलने पर,वादी मुकदमा मृतक के पिता रामकिशन निवासी ममना थाना जलालपुर की लिखित तहरीर के आधार पर धारा 302/201 भारतीय दंड संहिता बनाम सतीश पुत्र कढोरा निवासी ममना थाना जलालपुर व 2-3 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त मे नामजद व प्रकाश मे आये। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सरीला के नेतृत्व गठित टीम द्वारा अभियुक्त सतीश पुत्र कढोरा को ममना सरीला तिराहा से समय करीब 08.20 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

### मृतक अभियुक्त की बहन को परेशान व ब्लैकमेल करता था

अभियुक्त सतीश पुत्र कढोरा ने पूंछ-तांछ के दौरान पुलिस को बताया कि मृतक सचिन पुत्र दिल्लीपत के द्वारा उसकी बहन को परेशान व ब्लैकमेल किया जा रहा था। मृतक के पास उसके बहन के फोटो थे जिसे वह वायरल करने की धमकी दे रहा था व मृतक सचिन के द्वारा सतीश की बहन का इन्स्टाग्राम पर स्टोरी लगा दी गई थी। जिस कारण अभियुक्त के द्वारा अपने चचेरे भाई नितिन पुत्र श्रीपत के साथ मिलकर योजना बनाकर मृतक सचिन की गला घोटकर हत्या कर दी गई।

## रागौली भटपुरा बृहद गौशाला में अव्यवस्थाओं का अम्बार

**बाँदा।** विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा समिति के तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया और समाजसेवी उमेश तिवारी के औचक निरीक्षण के दौरान रगौली भटपुरा में गौवंशो के देखभाल में घोर लापरवाही की जा रही है। गौवंशो को मटर का सडा भूसा दिया जा रहा जिससे उनके स्वास्थ्य में प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पानी की टंकी बेहद गन्दी है जिसमे काई लगी हुई है। मृत गौवंश को सिर्फ गड्ढे में डाल कर सिर्फ नाम करने के लिए मिट्ठी डाली गयी है जिससे गौवंशो के पैर मिट्ठी के बाहर ही दिख रहे हैं। यहा बड़े बड़े भूसा के कमरे बने हुए है जिसमें एक कमरा पूरा खाली मिला और एक कमरे में कुछ ही मटर का सड़ा हुआ भूसा मिला जो खिलाने लायक नहीं है फिर भी उसी सड़े हुऐ भूसे में गेहूं का भूसा मिलाया गया जिसका वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है। साफ- सफाई में लापरवाही के साथ कना सिर्फ दिखावे मात्र के लिए रखा है गुड़, खली, हरे चारे की कोई व्यवस्था नहीं है। .

# स्वीप टीम ने कम मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों में जगाई मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अलख

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** राहुल पाण्डेय जिला निर्वाचन अधिकारी एवं चन्द्र शेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी व नोडल स्वीप के निर्देशानुसार चन्द्रगुप्त इंटर कालेज राठ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ÷राठ के मतदाता सदैव मतदान में अधिक से अधिक प्रतिभागिता कर लोकतंत्र में सहभागी रहते हैं,यह हम सब भी जनपद हमीरपुर का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोगी बनेंगे÷ कार्यक्रम में राठ विधानसभा के सभी विद्यालयों के बच्चों ने रंगोली, भाषण, मेहंदी व पोस्टर प्रतियोगिता में मतदान के महत्व और अपने उत्तरदायित्व को रंगो के माध्यम से उकेरा। उसके बाद जनपदीय स्वीप टीम ने विकास खण्ड गोहांड में कम मतदान प्रतिशत वाले गांव की महिला सहायता समूह की दीदी, बीएमएम, आंगनबाड़ी एवं सचिव की मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु चर्चा की जिसमें इस बार जनपद प्रदेश में सबसे अधिक प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में आंगनबाड़ी व समूह की महिलाओ द्वारा प्रस्तुत मतदाता जागरूकता गीत व संगीत पर नोडल स्वीप ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि महिलाएं ज्यादा अच्छे विचार व व्यवहार द्वारा मतदाताओं को मतदान स्थल पर लाने में सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर अजीत कुमार श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पवन कुमार प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, बीडीओ राठ व गोहांड, चित्रगुप्त इंटर कालेज, सरस्वती बाल मंदिर, जीआरबी, जीजीआईसी राठ के शिक्षक शिक्षिकाए व बच्चें तथा महिला सहायता समूह की रंजना त्रिपाठी, प्रभा, कपूरी, शर्मीला, भारती, जुलेखा खातून ने मतदाता गीत प्रस्तुत किया। संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

# पुलिस नें पकड़ी अवैध गुटखा फैक्ट्री



अवधनामा संवाददाता

### अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित करने वाले दो अभियुक्त गुटखा बनाने वाले उपकरणों सहित गिरफ्तार

**हमीरपुर।** न्पुलिस हमीरपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने के निर्देश के क्रम थाना मुस्कुरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिहूनी सरुआ डेरा थाना मुस्करा से खंडहर मकान से अभियुक्त भीषम सिंह पुत्र शिवनाथ लोधी, बालेन्द्र राठौर पुत्र रामस्वरूप निवासीगण ग्राम बिहूनी खुर्द थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित करते हुए गिरफ्तार कर मौके से अवैध गुटखा बनाने वाले उपकरणों व भारी मात्रा में मिश्रित गुटखा बरामद किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 126/2024 धारा 420/ 467/ 468/ 471/2 72/ 273 आईपीसी व 59 खाद्य सुरक्षा आधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

भीषम सिंह पुत्र शिवनाथ लोधी निवासी ग्राम बिहूनी कला थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर व बालेन्द्र राठौर पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम बिहूनी खुर्द थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर के पास से एक अदद देशी गुटखा बनाने की मशीन मय उपकरण चालू हालात में, एक अदद इलेक्ट्रानिक कांटा, 03 बोरी में तम्बाकू मिश्रित 630 पाउच गुटकी, सुपारी तम्बाकू मिश्रण जूट बोरी में 25.5 के.जी., सुपारी तम्बाकू मिश्रण 5.5 के.जी. प्लास्टिक बोरी में व पैकिंग रोल 01 बंडल रैपर जलवा / कुबेर ब्राण्ड बरामद किया गया।

# ई.वी.एम./वी.वी. पैट मशीनों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**हमीरपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में दिनॉक 08.05.2024 को समय मध्याह 12:00 बजे सामान्य व्यय प्रेक्षक प्रियंका दास की अध्यक्षता में रिटर्निंग आफीसर/जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा 47-संसदीय लोक सभा (सामान्य) हमीरपुर हेतु ई.वी.एम./वी.वी. पैट मशीनों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन किया गया। द्वितीय रैण्डमाइजेशन उपरान्त 228-हमीरपुर विधानसभा हेतु बी.यू. सी.यू. तथा वी.वी. पैट प्रत्येक की संख्या 455 एलॉट की गयी इसी प्रकार 229-राठ विधानसभा (अनु.जा.) के लिए वी.यू., सी.यू.,वी.वी. पैट प्रत्येक की संख्या-442, 230-महोबा हेतु वी.यू., सी.यू.,वी.वी. पैट प्रत्येक की संख्या 332,231 चरखारी विधानसभा हेतु वी.यू.,सी.यू., वी.वी. पैट प्रत्येक की संख्या 400 तथा 232-तिदंवारी हेतु बी.यू.,सी.यू., वी.वी. पैट प्रत्येक की संख्या 346 आवंटित की गई। द्वितीय रेण्डमाइजेशन के दौरान 228-हमीरपुर विधानसभा के लिए बी.यू. 127,सी.यू. 127 तथा वी.वी. पैट 163, 229-राठ (अनु.जा.) विधानसभा के लिए बी.यू. 123,सी.यू. 123 तथा वी.वी. पैट 159 मशीन, 230-महोबा विधानसभा के लिए बी.यू. 92 सी.यू.92,वी.वी. पैट 116 मशीन, 231 चरखारी विधानसभा हेतु बी.यू. 112, सी.यू. 112 तथा वी.वी. पैट 140 मशीन, 232-तिदंवारी विधानसभा हेतु बी.यू. 96, सी.यू. 96 तथा वी.वी. पैट की 121 मशीने रिजर्ब में रखी गई है। द्वितीय रैण्डमाइजेशन में मुख्यत ई.वी.एम. तथा वी.वी. पैट मशीनों का विधानसभा में बूथवार मशीनों का आवंटन किया जाता है। यदि कमीशनिंग प्रक्रिया तथा मॉकपोल का वास्तविक मतदान के दौरान किसी मशीन में कोई समस्या पाई जाती है तो रिजर्ब मशीनों से उनका प्रतिस्थापन किया जाता है, जिनका पूरा विरण रखा जाता है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी प्रत्याशियों/एजेण्टों को ई.वी.एम./वी.वी. पैट प्रथम रैण्डमाइजेशन तथा ई.वी.एम./वी.वी. पैट द्वितीय रैण्डमाईजेशन की प्रतियों भी उपलब्ध करायी गयी और विस्तारपूर्वक ई.वी.एम./वी.वी. पैट वेयरहाउस तथा एन.आई.सी. के पास स्थित ट्रेनिंग ई.वी.एम./वी.वी. पैट स्ट्रांग रूम के बारे में तथा जी.पी.एस. युक्त वाहनों द्वारा इन मशीनों के सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि मशीनों की निकासी तथा जमा करने के वक्त स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजने का कष्ट करें एवं कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरूआ सुमेरपुर में कमीशनिंग के दौरान भी स्वयं/एजेण्ट को जरूर भेजे। कमीसनिंग के दौरान 5 प्रतिशत मशीनों में 1000 वोट डालकर देखा जाता है। यदि कोई उममीदवार किसी विशेष ई.वी.एम./वी.वी. पैट का चयन करता है तो उसको भी कमीसनिंग प्रक्रिया के दौरान वोट डालकर चेक किया जायेगा। इस दौरान सभी उम्मीदवारों को स्वयं/एजेण्ट जरूर उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया गया, साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय द्वारा पोस्टल बैलेट ई.डी.सी. फॅसिलिटेशन सेन्टर एवं ई.टी.पी.बी.एस. मतदान प्रक्रिया की वारीकियों से भी सभी उम्मीदवारों तथा उनके एजेन्टों को अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) विजय शंकर तिवारी, हमीरपुर, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश कुमार,अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ. नागेन्द्र नाथ यादव समस्त ए.आर.ओ.,डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, डिप्टी कलेक्टर अभिमन्यु कुमार,एन.आई.सी. प्रभारी हमीरपुर, महोबा तथा अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

# पुष्पेंद्र के लिए सदर विधायक ने किया गांव-गांव जनसंपर्क



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा 47 के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के चुनाव निशान कमल के फूल के लिए हमीरपुर सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति ने अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न गांव सिजनौड़ा, करहिया, खंडेह, रीवन ,उपरी शायर , पाटनपुर, इत्यादि गांव के लोगों से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं योगी की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक समझाया एवं कमल के फूल के लिए जनसंपर्क किया इस जनसंपर्क में मौदहा पश्चिम मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी मुकेश पालीवाल आनंद द्विवेदी संजय सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव जगदीश प्रसाद व्यास रोहित तिवारी बी डी प्रजापति राजेंद्र चौधरी उत्तम सिंह विजय बहादुर दीपू प्रजापति मोहित साहू अंकित महाराज मौदहा ब्लॉक प्रमुख लालाराम निषाद इत्यादि लोग जनसंपर्क में बराबर उपस्थित रहे।

# पानी शौचालय की व्यवस्था पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि बुधवार को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद की चिकित्सा व्यवत्त्या दुरुस्त रखने के क्रम में चोपन ब्लाक के नगरीय क्षेत्र ओबरा में स्थित अर्बन पीएचसी ओबरा का निरीक्षण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 आलोक कुमार सहाय, उपस्थित थे और ओ0पी0डी0 में अब तक 31 मरीज देख चुके थे। संविदा स्टाफ नर्स उजाला एवं आकांक्षा उपस्थित थी। पशुपतिनाथ उपाध्याय, वार्डब्याय आकस्मिक अवकाश पर थे। फार्मासिस्ट हेमन्त कुमार शर्मा भी कार्य पर उपस्थित थे। सपोर्टिंग स्टाफ मथुरा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थी, जिनके वेतन रोकने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिये गये संविदा ए0एन0एम0 पूजा सिंह आकस्मिक अवकाश पर थीं। निरीक्षण में प्रभारी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर पानी की व्यवस्था नहीं और शौचालय जाम है, जिसके कारण यहां डिलीवरी का कार्य बाधित है। मरीज भर्ती के लिए कोई बेड नहीं था। इससे प्रतीत होता है कि किराये के भवन चयन में उपयुक्त भवन चयन नहीं किया गया, जिसके कारण डिलीवरी का कार्य बाधित है और इसी कारण से चयनित स्टाफ नर्स और ए0एन0एम0 की उपयोगिता नहीं हो रही है। इस सम्बंध में, अर्बन कोआर्डिनेटर राकेश कुमार से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये जाते हैं और निर्देशित किया जाता है किराये के नये भवन का चयन करते हुए, उक्त भवनमालिक के साथ हुये अनुबंध को निरस्त कराना सुनिश्चित करें। इसके बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपराह?न 01:30 बजे अर्बन पीएचसी ओबरा के अन्तर्गत सेक्टर 09 में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र पर संचालित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि उक्त केन्द्र की ब्रांडिंग का कार्य अभी तक नहीं किया गया है जबकि वहां ए0एन0एम0 और सी0एच0ओ0, दोनों पद पर कर्मचारी तैनात हैं। ब्रांडिंग के कार्य को पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित को सख्त निर्देश दिये गये। इस कम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी उक्त कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये जाते हैं। सत्र में ए0एन0एम0 साधना सिंह एवं मनीषा गौतम तथा सीएचओ निशा साहू कार्य कर रहीं थी। सीएचओ द्वारा अब तक 76 मरीजों का सिकिल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग की जा चुकी थी। 20 बच्चों एवं 02 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा चुका था। लाजिस्टिक में छाया और ईजी पिल्स उपलब्ध नहीं थे जिसके लिए ए0एन0एम0 को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में वीएचएसएनडी सत्र के पूर्व समस्त लाजिस्टक की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय।

## प्रेक्षक (व्यय) द्वारा समस्त सहायक प्रेक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी

**हमीरपुर।** प्रेक्षक (व्यय) द्वारा समस्त सहायक प्रेक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। (व्यय) ने लेखा टीम द्वारा तैयार शैडो रजिस्टर का मिलान प्रत्याशियों के द्वारा तैयार व्यय रजिस्टर से किया। प्रेक्षक (व्यय) द्वारा निर्देश प्रदान किए गए थे कि एक सम्मिलित रजिस्टर बने। जिसमें ड्यूटी समय के अनुसार टीम अपनी प्रविष्ठियां अंकित करें एवं उस रजिस्टर को आगामी टीम को हस्तानांतरित किया जाय ताकी समयानुसार आगे की प्रविष्ठियां अंकित होती रहें। समीक्षा बैठक में प्रेक्षक (व्यय) द्वारा निर्देश प्रदान किया गया है कि तत्काल प्रभाव से समस्त एस0एस0टी0 टीमें सम्मिलित रजिस्टर (जिसमे वाहन, चालक, गंतव्य आदि का विवरण अंकित किया जा रहा है) की फोटो ड्यूटी समाप्त करते समय ग्रुप में अवश्य डालें। ड्यूटी समाप्ति के समय सम्मिलित रजिस्टर एवं संबंधित रिपोर्ट भेजने में पूर्ण गंभीरता बरतें। व्यय हेतु मिलान एवं समीक्षा बैठक की आगामी तिथि 13 मई निर्धारित की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार शुक्ला,समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, समस्त लेखा टीमें, प्रेमी प्रजापति लेखाकार, पवन कुमार लेखाकार, सहित समस्त दलों के प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद रहें

# उर्स मीरान शाह बाबा विजय गढ़ क़िला का उर्स बड़े शानो शौकत के साथ सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उर्स मीरान शाह बाबा विजय गढ़ किला पर लाखों की संख्या में जायरीन मौजूद रहें। चिलचिलाती धूप में भी जायरिनो का जोशो खरोश, बाबा के प्रति प्रेम मोहब्बत व लगाव देखने को मिल रहा था अन्य स्टेट से भी 40अंश सेल्सियस डिग्री धूप होने के बावजूद भी जिधर नज़र उठाकर देखिए पूरे किले पर जायरिन ही नज़र आ रहे थे। सदर एसोसिशन सोनभद्र के सदर मुस्ताक खान ने कहा कि हजरत मीरान शाह का उर्स बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब का ये उर्स उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे हिंदुस्तान से इनके चाहने वाले जायरीन कड़कड़ाती धूप में भी लाखों की संख्या में पहुंचकर चादर पोशी में फातिहा ख्वानी में शामिल हुए। हिंदू भाई बहनों की हजारों की संख्या में पहुंचकर चादर व सीरनी चढ़ाते हुए नज़र आएं। उर्स इंतजामिया कमेटी के सदर हिदायतुल्लाह खान व सरपरस्त प्यारे भाई, ने कहा कि शासन प्रशासन भी कड़कड़ाती धूप में बड़े ही मुस्तैदी के साथ खड़ा रहा। सीओ संजीव कटियार व बारकोनिया इंस्पेक्टर ,एल आई यू वाले लोग लाव लश्कर के साथ खड़े रहें, मेडिसिन विभाग से डॉक्टरों की फौज तैनात रही। इस मौके पर जयराम मिश्रा, बंटू दुबे, नुमान अहमद (राजू भाई,) राशिद जमील जमील भाई , ईनाम खान, मिंटू भाई, इरफान खान, वकील खान, इमरान बख्शी, सिबली खान, वारिस अली, जुनैद कादरी, सुएब ख़ान, जुनैद अंसारी, तैयब बाबा, गुड्डु कुरैशी इलियास अली, सहाबुद्दीन उर्फ बाबू, शिब्बू ख़ान, तनवीर अहमद अली खान, सहित लाखों की संख्या में लोग मौजूद थे। उर्स इंतजमिया कमेटी सोनभद्र के तरफ़ से के गागर चादर के हजरत मीरान शाह बाबा पर चढ़ाया गया। चादर चढ़ाते वक्त बाबा के करम से हल्की फुल्की रहमत की बारिश भी हुई जिससे मौसम खुशगवार हो गया। मौलाना अजीमुद्दीन ने दुआ ख्वानी में पूरे हिंदुस्तान में अमन चैन के लिए दुआएं की गई। मिलाद शरीफ में मौलाना खुर्शीद आलम, मौलाना सगीर अहमद, शायरों में नियाज़ सोनभद्री ने शमा बांध दिया। प्रशासन भी मुस्तैदी के साथ खड़ा रहा। सदर मुस्ताक खान ने शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## व्यय प्रेक्षक का जनपद में हुआ आगमन

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद में कल शायं मा0 व्यय प्रेक्षक असलम हशन (आई0आर0एस0-2005) जी का आगमन हुआ, मा0 व्यय प्रेक्षक महोदय का मो0 नं0-9236075910 तथा टेलीफोन नम्बर-05444-297711 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान व्यय से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में सर्किट हाउस चुर्क सोनभद्र के कक्ष संख्या-201 में प्रातः 09.00 बजे से पूर्वान्ह 11.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

# व्यय सम्बन्धित समस्त कार्यवाई करायी जाये सुनिश्चित




अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80-राबर्ट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त मा0 व्यय प्रेक्षक असलम हसन (आईआरएस) की अध्यक्षता में चन्द्र विजय सिंह जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक, सहदेव कुमार मिश्र उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुभाष चन्द्र यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी अपर पुलिस अधीक्षक की उपथिति में निर्वाचन व्यय के सम्बन्ध में बैठक की गयी, इस दौरान मा0 व्यय प्रेक्षक ने समस्त सहायक व्यय प्रेक्षक, उड़नदस्ता टीम, वीडियो अवलोकन टीम, वीडियो निगरानी टीम, लेखा टीम, एम0सी0एम0सी0 टीम के के सदस्यों के साथ बैठक की, उन्होंने कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन/दुद्धी विधान सभा, उप निर्वाचन हेतु गठित टीमों द्वारा मा0 भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यवाही निश्चित समय अवधि में किया जाना सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने कहा है कि एफ0एस0टी0, एस0एस0टी0 टीमों द्वारा अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए अनाधिकृत तरीके से वाहनों के माध्यम से ले जा रहे धनराशि की चेकिंग की कार्यवाही अनवरत रूप से सुनिश्चित करायी जाये। इस मौके पर मा0 व्यय प्रेक्षक ने सीविजिल ऐप से प्राप्त हो रहे शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया और एफ0एस0टी0 टीम के भ्रमण का वीडियो काल के माध्यम से वार्ता कर जायजा भी लिये।

इस दौरान उन्होंने एमसीएमसी व निर्वाचन कन्ट्रोल रूम का भी जायजा लिये। इस मौके पर मौजूद जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को बताया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## डॉ. कृति राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेवा रत्न पुरस्कार से पुरस्कृत

**सोनभद्र।** अगर हौसल बुलंद हो तो सफलता कदम चूमेंगी। यह चंद लाइने भारत के बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ चार राज्यों से घिरे हुए आदिवासी बाहुल्य एकमात्र जनपद सोनभद्र के मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज की डॉक्टर कृति श्रीवास्तव पर सटीक बैठती है। सोनभद्र के हेनीमैन के नाम से विख्यात जयप्रभा होम्यो सदन के संस्थापक, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर जयराम लाल श्रीवास्तव के परिवार में जन्मी, होम्योपैथ चिकित्सक डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव की पुत्री है। ग्रेटर नोएडा में अखिल भारतीय चिकित्सा संगठन एवं अन्य संगठनों के सहयोग से वैक्सीन होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के सीएमडी डॉक्टर एसपीएस बक्शी द्वारा भव्य समारोह में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सेवा रत्न पुरस्कार 2024 से डॉक्टर कृति श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गर्म हवा एवं लू से बचाव के लिए शासन नेएडवाइजरी जारी की

अवधनामा संवाददाता

### तबियत ठीक न लगने पर तत्काल डाक्टर से संपर्क करे

**बाँदा।** अपर जिला आधिकारी वित्त /राजस्व राजेश कुमार वर्मा द्वारा मौसम के बढ़ते तापमान देखते हुए जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं, कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतें , कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी,छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थो का इस्तेमाल न करें। शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी से लगातार पोंछे । शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जाएंगे।

जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे । रात में खिड़कियाँ खुली रखें। फैन, ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार बार नहाएं। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवों को न छोड़ें । खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे, खिड़की खुलें रखें, जिससे हवा का आना जाना बना रहे । नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें।

जिला आपदा विशेषज्ञ श्री प्रभाकर सिंह ने बताया कि खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम, पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित भोजन करे, हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें ।

किसी भी समस्या के लिए जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर टोल फ्री नंबर 05192 285260 व जिला आपदा विशेषज्ञ का नंबर 9452662412 पर संपर्क कर सकते है।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 09 मई, 2024



# कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही मान ली हार: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- शाहजहांपुर के ददरौल में मुख्यमंत्री योगी को सुनने उमड़ा जनसैलाब'
- मुख्यमंत्री- 285 सीटों पर हो चुके हैं चुनाव, हमने आधी मंजिल पूरी कर ली'
- मुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन ऐक्शन के स्वातंर्त्यवीरों को किया नमन'



**शाहजहांपुर,/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश में हो रहे लोकसभा चुनावों में आधी सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है और कांग्रेस और सपा ने आधे समर में ही अपनी हार मान ली है। उन्होंने कहा कि 'अबकी बार चार सौ पार' के लक्ष्य के लिए हमने आधी मंजिल पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री बुधवार को ददरौल में शाहजहांपुर सीट पर हो रहे लोकसभा चुनाव और ददरौल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शाहजहांपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा से प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हनुमत धाम के बजरंगबली और भगवान परशुराम के धाम को कोटि कोटि नमन करते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों पं रामप्रसाद बिस्मिल्ल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

मुख्यमंत्री ने बीते दस साल में हुए विकास एवं गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि आज भारत का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद पूरी तरह नियंत्रित हुआ है, विकास के तमाम कार्य हुए हैं। शाहजहांपुर मे मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यहां गंगा पर पीपे का पुल बनाने की मांग की गई थी जो ठाकुर रोशन सिंह के गांव को जोड़ती थी, मगर हमने वहां पक्का पुल दे दिया। ये सरकार बुलाकर विकास का लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सुरक्षा का बेहतर माहौल दिया गया है। पिछले सात साल में यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा, बल्कि अब धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। माफिया और अपराधी अपने गले में तख्ती लगाकर कहते हैं कि हमारी जान बख्श दो। अब हमारे नौजवानों के हाथ में तमंचा नहीं टैबलेट है। हर बेटी सुरक्षित हुई है, हर अन्नदाता किसान खुशहाल हुआ है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर और बनारस में काशी विश्वनाथ धाम बन गया है। शाहजहांपुर में हनुमत धाम में रोपवे लगने जा रहा है। काकोरी ट्रेन ऐक्शन के महानयकों के सम्मान में भव्य म्यूजियम बन गया है। ये काम मोदी जी के चमत्कारी और यशस्वी नेतृत्व के कारण हुआ है।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, जेपीएस राठौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा राज, सांसद मिथिलेश कुमार, सांसद प्रत्याशी अरुण कुमार सागर, ददरौल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, विधायकगण चेतराम पासी, वीर विक्रम सिंह, हरि प्रकाश वर्मा, सलोना कुशवाहा, राजेश वर्मा, राकेश कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी हताश, बयान निराशाजनक: मयंक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** तीसरे चरण के मतदान के बाद राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी ने कहा की भारत में 282 सीटों तथा उत्तर प्रदेश में 26 सीटों में मतदान के पश्चात अब यह सुनिश्चित हो गया है कि 2024 में एनडीए की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है. अपनी नाकामी से विपक्ष की अनर्गल बयान बाजी हताशा का प्रतीक है। श्री त्रिवेदी ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब विपक्ष को यह एहसास हो गया है की उत्तर प्रदेश में उनका खाता भी नहीं खुलने जा रहा है। इस निराशा में वह पुलिस की नौकरी 3 साल की हो जाएगी। इस तरीके की अनर्गल बातों का प्रचार कर रहे हैं। समाजवादी मुखिया कभी आरक्षण पर गुमराह करते हैं कभी पुलिस वालों को गुमराह करते हैं और कभी समाज को बांटने की राजनीति करते हैं और कभी इस बात का भ्रामक प्रचार करते हैं कि एनडीए सत्ता में आएगी तो संविधान बदल देगी। बल्कि एनडीए के घोषणा पत्र में ऐसी किसी बात का कोई जिक्र नहीं है विपक्ष का काम सिर्फ झूठ बोलकर जनता को गुमराह करना है उन्होंने विपक्ष को नसीहत दी कि अगर चुनाव लड़ने के लिए कोई मुद्दे उनके पास नहीं है। तो कृपया भ्रामक बातें फैलाकर जनता को गुमराह ना करें 2024 में राष्ट्रीय लोकदल एवं भाजपा के गठबंधन की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। श्री त्रिवेदी ने मतदान के गिरते प्रतिशत पर चिंता जताई तथा सभी भारत वासियों से अपील की है कि वोट जरूर डालने जाए क्योंकि यह चुनाव ही उनका भविष्य निर्धारित करता है उन्होंने चुनाव आयोग से भी अपील की की इस भीषण गर्मी में मतदाताओं के लिए जल इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जाए।

# यह आम चुनाव नहीं बल्कि दो विचारों की लड़ाई: अविनाश

- उम्मीदवार जिताने से ज्यादा देश के संविधान को बचाने का चुनाव

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यह आम चुनाव नहीं बल्कि दो विचारों की लड़ाई है। एक संविधान के साथ खड़ी कांग्रेस और दूसरी संविधान को समाप्त करने की सोच रखने वाली भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ है। यह चुनाव उम्मीदवार जिताने से ज्यादा देश के संविधान को बचाने का चुनाव है। श्री पाण्डेय बुधवार को उरई, जालौन, अकबरपरु, कानपुर देहात और कानपुर लोकसभा में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक कर रहे थे। श्री पाण्डेय ने इंडिया गठबंधन के जालौन-उरई नारायण दास अहिरवार, अकबरपुर से राजाराम पाल और कानपुर लोकसभा उम्मीदवार आलोक मिश्रा को जिताने के लिए सुझाव दिये।

श्री पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित कांग्रेस, सपा, आप, बुंदेलखण्ड क्रांति दल, शिवसेना, जन अधिकार पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी सहित अन्य सहयोगी दलों के नेताओं से कहा कि मैं जननेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदेश लेकर आया हूं। श्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन की जीत से संविधान की जीत होगी। 400 सीटें मांगने वालों की नियत जनता जान चुकी है।

# यह इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन: अमित शाह

- नरेंद्र मोदी पर 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/कानपुर।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया दिखाते हुए कहा कि अखिलेश और राहुल को समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। उन्होंने राहुल गांधी की सही जगह वायनाड और रायबरेली नहीं, बल्कि इटली बताई। शहर के लखनऊ चुंगी स्थित सीएसएन डिग्री कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कहा कि सपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस व इनके समर्थक 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। यह इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन है। झारखंड के एक मंत्री के नौकर के यहां 20 करोड़ रूपये, ममता के मंत्री और कांग्रेस के सांसद के यहां से बड़े पैमाने पर नकदी बरामद होने का जिक्र करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी 23 साल मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहे, लेकिन 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उन पर नहीं है।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के राज में आलिया, मालिया, जमालिया (आतंकवादी) घुसपैठ करते थे, लेकिन मोदी के जमाने में भारत सर्जिकल स्ट्राइक करता है और घर में घुसकर मारता है। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल, राहुल गांधी और उनकी बहन को निमंत्रण भेजा था, लेकिन वोट बैंक के नाराज हो जाने के डर से यह लोग अयोध्या नहीं आए। उन्होंने कहा कि हम नहीं डरते। अयोध्या में राम मंदिर बना है काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बन गया है, और सोमनाथ मंदिर को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों का कल्याण करने का काम किया है। वहीं विपक्षियों ने मुख्यमंत्री के पद भी अपने ही परिवार में बांटे हैं। सपा को बाहर लड़ने की जरूरत ही नहीं है। हरदोई में तो उनकी बैठकों में आपस में ही झगड़ा हो जाता है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। जनसभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश, सवायपपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, संडीला विधायक अलका अर्कवंशी, बालामऊ विधायक राममपाल वर्मा, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी संबोधित किया। एमएलसी अशोक अग्रवाल, विधायक आशीष सिंह आशू और प्रभाष कुमार आदि मंच पर मौजूद रहे।

# प्रवास कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार 09 मई 2024, को लखीमपुर और सीतापुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12:20 बजे राजेन्द्र गिरि स्टेडियम, गोला, लखमीपुर में आयोजित खीरी लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01:35 बजे रामलीला मैदान, मोहम्मदी नगर, लखीमपुर में धौरहरा लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगें। इसके पश्चात दोपहर 03:05 बजे अर्जुनगढ कंदुनी मंडल कमलापुर, बिसवां, सीतापुर में आयोजित सीतापुर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार 09 मई को चित्रकूट, फतेहपुर व लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 12:50 बजे गोस्वामी तुलसीदास गर्वेमेंट कॉलेज बेड़ी पुलिया, चित्रकूट तथा दोपहर 2:40 बजे रामलीला मैदान, विन्दकी, फतेहपुर में आयोजित जनसभाओं में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ रहेंगे। तदोपरान्त भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ सम्मिलित होंगें।

## केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे गुरुवार 9 मई को झांसी के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे दोपहर 12 मधुरम विवाह घर, मुऊरानीपुर झांसी में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित करेंगी।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरूवार 09 मई को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे दिव्य शक्ति मैरिज हॉल, पुरानी सुगर मिल, भुझौली कालोनी, देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरूवार 09 मई को कुशीनगर एवं गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे गोल्डन रिसार्ट, कसया, कुशीनगर तथा दोपहर 02 बजे शेरमनी मैरिज हॉल, सहजनवां, गोरखपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

## मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरूवार 09 मई को कौशाम्बी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे भाजपा कार्यालय के पीछे, सैनी रोड़ सिराथू, कौशाम्बी में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें

## मंत्री प्रहलाद पटेल

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल गुरूवार 09 मई को ललितपुर के प्रवास पर रहेंगे। मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल सुबह 11 बजे तुबन का मैदान, ललितपुर में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

## मंत्री नन्दगोपल गुप्ता नंदी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी गुरूवार 09 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सांय 7 बजे किराना अतिथि भवन गोरखपुर में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल गुरूवार 09 मई को उन्नाव के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल सायं 05 बजे उन्नाव में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

# अग्निवीर योजना आने के बाद नो रैंक नो पेंशन पर पहुंची भाजपा

- जो गुस्सा मोदी सरकार के खिलाफ है वह जनता अब व्यक्त कर रही है।
- बुलेट ट्रेन की बात कर भारतीय रेल व्यवस्था को गर्त में पहुंचाया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने कहा कि दस साल पहले जो कहानी मोदी जी के चुनावी कैम्पेन में वन रैंक वन पेंशन से शुरू हुई थी वह अग्निवीर योजना आने के बाद नो रैंक नो पेंशन पर पहुंच गयी है। दस साल पहले मोदी जी जिस कश्मीर नीति को पूरी दुनिया में अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते थे दस साल बाद भाजपा कश्मीर में अपने उम्मीदवार तक उतारने से घबरा रही है। तीन चरणों के चुनाव के बाद स्पष्ट हो गया है कि जो गुस्सा मोदी सरकार के खिलाफ है वह जनता अब व्यक्त कर रही है। श्री सप्पल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री सप्पल ने कहा कि 10 साल पहले मोदी जी ने देश की जनता से अच्छे दिनों का वादा कर परोस दिया महंगाई और बेरोजगारी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देकर आज हालात बलात्कारी बचाओ बलात्कारी भगाओ तक पहुंच गये। बेटियों पर अत्याचार करने वाले बृजभूषण शरण सिंह और प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई की हिम्मत भाजपा नहीं कर पा रही। मणिपुर में जो महिलाओं के साथ अत्याचार करते हैं एक साल बीत जाने पर भी उन पर कार्रवाई नहीं होती। 10 साल पहले कहा था कि मां गंगा ने बुलाया है और 10 साल बाद मां गंगा की हालत प्रदेश के लोग अच्छी तरह जानते हैं। 100 स्मार्ट सिटी बनाने की बात की लेकिन दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में 82 भारत के हैं। बुलेट ट्रेन की बात कर भारतीय रेल व्यवस्था को गर्त में पहुंचा दिया। बुजुर्गों और विकलांगों को मिलने वाली सब्सिडी खत्म कर दी। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा कर बर्बरता और अत्याचार किया। बेरोजगारी और महंगाई की स्थिति बताती है कि मोदी सरकार इस मोर्चे पर विफल है। श्री सप्पल ने कहा कि देश में हर जगह कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है।

# निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से पालन

अवधनामा ब्यूरो

- 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 07 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4704 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।


## 3821.01 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

# मोदी जी ने जो कहा वह करके दिखाया: स्वतंत्र देव

- भाजपा ने की भयमुक्त समाज की स्थापना: स्वतंत्र देव सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को कहा कि मोदी जी ने जो कहा वह करके दिखाया। गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को सम्मान निधि घर-घर स्वच्छ पेय जल, शौचालयों की व्यवस्था कराई। उन्होनें कहा कि देश व प्रदेश में चारों ओर विकास देखा जा सकता है। भयमुक्त समाज की भाजपा ने स्थापना की है। हम सब को एक बार फिर कमल खिलाना है। जल शक्ति मंत्री बलरामपुर और श्रावस्ती में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि बड़े संघर्षो के बाद अयोध्या में राममंदिर का निर्माण हुआ है। मोदी जी के बीते दस वर्षो के कामों को जनता तक ले जाने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बूथ अध्यक्षों पर है। कहा कि ÷आप सभी बूथ अध्यक्षों के पसीने की एक-एक बूंद से ही कमल खिलता है। जब भी हमारे देश में चुनावी शंखनाद होता है तब हमारे बूथ अध्यक्ष सबसे अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर लड़ाई लड़ते हैं और भाजपा को विजयी बनाते हैं। इस बार प्रदेश की अस्सी की अस्सी सीटें जीतनी है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का संकल्प लेकर बूथ को मजबूत करना होगा। बूथ ही पार्टी की मजबूती होती है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के सिपाही हैं और हमारा बूथ किले की तरह मजबूत है।

## राजनाथ आज लखनऊ में

**लखनऊ।** सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 09 मई को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बृहस्पतिवार शाम 04:00 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर आगमन होगा। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री शाम 6:00 बजे सिटी माटेसरी कैंब्रिज शाखा, गोमती नगर एक्सटेंशन में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में सम्मिलित होंगे। अगले दिन 10 मई शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे कालिदास मार्ग आवास से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 10:30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से देवघर झारखंड के लिए रवाना होंगे।

# मेरे माता पिता ही मेरा ट्यूशन है: मलिका ज़ैदी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आई सी एस ई के आये रिजल्ट में यूनिटी कॉलेज में की कक्षा 12 में बगैर किसी ट्यूशन के 96 प्रतिशत लाने वाली मलिका ज़ैदी और उनके परिवार वाले खुश हैं शिया इंटर कॉलेज में इंग्लिश के टीचर इस्हाक़ हुसैन ज़ैदी की पुत्री मलिका ज़ैदी अपनी इस कामयाबी के लिए अपने स्कूल के टीचर और माता पिता को श्रेय देती हैं मलिका कहती हैं अगर स्कूल में टीचर अच्छे हों और घर पर पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिले तो किसी ट्यूशन की ज़रुरत नहीं वह बताती हैं उनको ट्यूशन की सलाह कई बार दी गयी लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया कहा की घर पर पढने के बाद अगर कोई डॉउट रहता था तो उसको स्कूल के टीचर से पूछने पर वह लोग बहुत अच्छे से समझा देते थे। मलिका कहती हैं आगे चल कर वह साइकोलोजिस्ट बनना चाहती हैं इसके लिए वह बी ए होनोर्स साइकोलॉजी से करेंगी वह कहती हैं इससे वह समाज की अच्छी सेवा कर सकती हैं वह सलाह देती हैं की स्टूडेंट्स अगर बहुत ज़रूरी हो तब ही ट्यूशन या कोचिंग का सहारा ले वरना नहीं कोचिंग लेने से सेल्फ स्टडी पर असर पड़ता है।

# आकाश आनंद को हटाए जाने को लेकर भिड़े अखिलेश-मायावती

अवधनामा ब्यूरो

- बसपा बोली- अपने परिवार की चिंता करें
- मायावती ने विफलता को ढकने के लिए आकाश को हटाया: अखिलेश

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनंद को नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से हटाने पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिंता नहीं करे तो बेहतर होगा। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी केवल चिंता करें क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है।

बसपा सुप्रीमो ने बुधवार को एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि सपा का चाल, चरित्र व चेहरा हमेशा की तरह आज भी दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं, जिसे माफ करना मुश्किल है। साथ ही, बसपा सरकार द्वारा बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गये जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों आदि के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं, जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं। इसके पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में बसपा के हाथ से बाजी निकल चुकी है। मायावती का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि बसपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस विफलता के कारण ही संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। उनका इशारा आकाश आनंद को मायावती के उत्तराधिकारी के साथ-साथ बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद से हटाने की ओर था। अखिलेश ने एक्स के जरिये कहा कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है, वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। दरअसल इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बसपा इस बात को अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेरबदल कर रहा है, लेकिन अब बाजी बसपा के हाथ से निकल चुकी है। अखिलेश सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में आगे लिखते हैं कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है, तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है।



# उत्तर प्रदेश दंगा, गुडागर्दी से हुआ मुक्त: धर्मपाल सिंह

- बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान में हुई सुरक्षित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को उन्नाव, कानपुर, इटावा तथा कन्नौज में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में मार्गदर्शन दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल भी किया गया है और देश के सांस्कृतिक गौरव की यात्रा भी शुरू हुई है। योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है। देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण से देश आनंदित है। संस्कृति केंद्रों और आस्था के केंद्रों के विकास से राष्ट्र का स्वाभिमान जागृत हुआ है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी से हजम करने का सपना देख रहे हैं। सपाई और कांग्रेसी गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हुए है और पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं।